



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 54 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) ज्येष्ठ कृ.9 2082 बुधवार, 21 मई-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग में टूटकर गिरा पहाड़

पिथौरागढ़, 20 मई (एजेंसियां)। पिथौरागढ़ जिले में पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बंद हो गया है। वाहनों का संचालन ठप होने से सैकड़ों की संख्या में यात्री मार्ग में फंसे हुए हैं। आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच में सोमवार देर रात विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर आ गया। इससे वाहनों का संचालन ठप है। आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन को जा रहे और लौट रहे यात्री मार्ग में ही फंसे हुए हैं। बीआरओ ने सड़क खोलने का काम शुरू कर दिया है। विशालकाय चट्टान गिरने के कारण बंद मार्ग को आज देर शाम तक खुलने की संभावना जताई जा रही है।

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग

## अभिषेक बनर्जी भी हुए शामिल

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सात में से तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को ब्रीफ किया है।

जेडीयू के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और डीएमके की कनिमोझी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने इस ब्रीफिंग में हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इस बैठक में भाग लिया। बता दें कि, उनकी पार्टी द्वारा सरकार के "एकतरफा" निर्णय के खिलाफ विरोध किया था। बनर्जी उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व संजय झा कर रहे हैं और जो जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर की यात्रा करेगा।


विक्रम मिसरी

**बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सात सांसद जाएंगे सऊदी अरब :**

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पहले ग्रुप में सात सांसद भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाएंगे। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एस फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद हैं। उनके साथ राजनियक हर्षवर्धन श्रृंगला जाएंगे।

**दूसरा ग्रुप जाएगा यूके, फ्रांस और जर्मनी :**

सांसदों का दूसरा समूह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में यूके, फ्रांस, जर्मनी, यूरोप, इटली और डेनमार्क जाएगा। इसमें बीजेपी सांसद डी पुंडरेश्वरी, शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, मनोनीत सांसद गुलाम अली खटाना, कांग्रेस सांसद डॉ. अमर सिंह, भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य, एमजे अकबर होंगे। उनके साथ राजनयिक पंकज सरन होंगे।

**तीसरे ग्रुप का नेतृत्व करेंगे जदयू सांसद संजय झा :**

सांसदों का तीसरा समूह जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में इंडोनेशिया, मलयेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा। इसमें भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, एआईटीसी सांसद युसूफ पठान, भाजपा सांसद बृजलाल, सीपीआई एम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। इस ग्रुप में राजनयिक मोहन कुमार होंगे।

**चौथा समूह जाएगा यूएई और कांगो :**

सांसदों का चौथा समूह शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य, सिएरा लियोन जाएगा। इसमें समूह में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजद सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद मनन मिश्रा और पूर्व सांसद एसएस अहलूवालिया शामिल हैं। इस समूह में राजनयिक सुजन चिनॉय भी होंगे।

**शशि थरूर के नेतृत्व में अमेरिका, पनामा, ब्राजील जाएंगे सांसद :**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सांसदों का एक दल अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएगा। इसमें लोजपा सांसद शाम्भवी, जेएमएम सांसद डॉ. सरफराज अहमद, टीडीपी सांसद जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या शामिल होंगे। इस समूह में राजनयिक तरनजीत सिंह संधू होंगे।

**कनिमोझी करेंगी छठवें ग्रुप का नेतृत्व :**

सांसदों का छठवां ग्रुप डीएमके सांसद के कनिमोझी के नेतृत्व में स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस जाएगा। इस समूह में सपा सांसद राजीव राय, एनसी सांसद मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा सांसद कैप्टन ब्रजेश चौटा, आरजेडी सांसद प्रेमचंद्र गुप्ता, आप सांसद अशोक कुमार मित्तल का नाम शामिल है।

>14

# भारत और पाकिस्तान के बीच सेना की वापसी पर सहमति

## मई के अंत तक इस मोर्चे पर पूरा होगा काम : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान और भारत के बीच इसी महीने के अंत तक अपनी सेना को वापस बुलाने पर सहमति की खबर है। एक पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

पिछले महीने कश्मीर के पहलगाम में हुए एक हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इस हमले में भारत ने 100 से अधिक आतंकी मार गिराए थे। बाद की सैन्य कार्रवाई में करीब 40 पाकिस्तानी सेना के लोग भी हताहत हुए थे। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से लगातार इसपर भ्रामक जानकारियां फैलायी जाती रही हैं। वैसे भारत का आधिकारिक स्टैंड यही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी अस्थायी तौर पर रुका हुआ है। क्योंकि, भारत किसी भी सूरत में अब पाकिस्तान पर यकीन करने के लिए तैयार नहीं है।

एक रिपोर्ट में एक न्यूज एजेंसी के हवाले से बताया गया है कि वरिष्ठ पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि दोनों देश अपनी सेना और हथियारों को धीरे-धीरे वापस करेंगे। यह सब एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर किया जाएगा। भारतीय सेना ने पिछले हफ्ते कहा था कि दोनों पक्ष 'सीमाओं और आगे के क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने' पर सहमत हुए हैं। पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि शुरूआत में यह सब 10 दिनों में पूरा करने की योजना थी, लेकिन कुछ दिक्कतों के कारण देरी हो गई।



अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, मई के अंत तक सैनिकों को युद्ध से पहले की स्थिति में वापस ले जाया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच सैनिकों को वापस बुलाने पर सहमति बन गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तान ने भी आतंकवादियों के साथ खड़ा दिखने के लिए भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमले की असफल कोशिश की है। इसके जवाब में जब भारत ने सैन्य कार्रवाई शुरू की तो पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए मजबूर हो गया।

भारत ने पहले दिन से ही साफ कर दिया था कि वह सिर्फ आतंकी ठिकानों, आतंकवादियों और उनके आकाओं को निशाना बनाएगा। दुनिया के ज्यादातर देशों का इस मुद्दे पर खुलकर या परोक्ष रूप से भारत को समर्थन था।

## परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमआर श्रीनिवासन नहीं रहे

### 95 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पद्म विभूषण से सम्मानित श्रीनिवासन ने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनके निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि



उनका निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, एक अग्रणी परमाणु वैज्ञानिक और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. एमआर श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। खड़गे ने एमआर श्रीनिवासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी साझा किया। खड़गे ने कहा, भारत के पहले परमाणु रिएक्टर अप्सरा (1956) पर होमी भाभा के साथ अपने प्रतिष्ठित करियर की शुरूआत करते हुए उन्होंने परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और योजना आयोग के सदस्य सहित प्रमुख राष्ट्रीय भूमिकाएं निभाईं।

## कौन हैं तपन कुमार डेका? इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर के तौर पर एक साल का बढ़ाया गया कार्यकाल



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के डायरेक्टर तपन कुमार डेका का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। अब वे आगे भी इस पद पर बने रहेंगे। कार्मिक मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी किया। इस बयान में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने यह फैसला लिया है। तपन कुमार डेका, आईपीएस (एचपी:88) अब 30 जून, 2025 के बाद भी आईबी के डायरेक्टर बने रहेंगे। यह विस्तार एफआर 56 (डी) और अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु सह सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16 (1ए) के प्रावधानों में रियायत के आधार पर दिया गया है। सरकार ने कहा है कि वे 30 जून, 2025 से आगे भी या अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

तपन कुमार डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे काफी समय से इस पद पर हैं। अब उनका कार्यकाल 30 जून, 2025 के बाद भी जारी रहेगा।

## स्वर्ण मंदिर पर हमला नहीं किया...

### भारतीय सेना ने खोली पोल तो सफाई देने लगा पाकिस्तान, सिखों पर क्या बोली शहबाज सरकार?

इस्लामाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। सिख समुदाय की भावनाओं को भड़काने के लिए पाकिस्तान ने इस बार अमृतसर स्थिति स्वर्ण मंदिर पर हमला करने की कोशिश की थी। जिसका पोल खुलने के बाद अब पाकिस्तान की तरफ से बार बार सफाई दी जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों हुए सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को ड्रोन और मिसाइल हमलों से निशाना बनाया था। जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारतीय अधिकारी ने कहा है कि स्वर्ण मंदिर प्रशासन की इजाजत से मंदिर परिसर में भी एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गये थे।

# 'हर जिले में नियुक्त करें संरक्षण अधिकारी..'

## कोर्ट का राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त करें। सरक्षण अधिकारी का काम घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।

जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सत्येश चंद्र शर्मा की बेंच ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और महिला एव बाल/समाज कल्याण विभागों के सचिवों को निर्देश दिया कि वे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अधिकारियों की संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्ति सुनिश्चित करें।

शीर्ष कोर्ट ने कहा, वे अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अधिनियम के तहत सेवाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे और धारा 11 के तहत अपने दायित्वों को निभाने के लिए कदम उठाएंगे।



बेंच ने निर्देश दिया कि जहां संरक्षण अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां यह प्रक्रिया छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवा प्रदाता, सहायता समूह और आश्रय गृह पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध हों। राज्य इस उद्देश्य के लिए आश्रय गृहों की पहचान भी करेंगे।

**कानूनी सहायता के अधिकार के बारे में जागरूक करें :**

बेंच ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत महिलाओं के अधिकार को महत्व देते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के सदस्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी राज्यों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को यह निर्देश दें कि वे महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत नि:शुल्क कानूनी सहायता और सलाह के अधिकार के बारे में जागरूक करें। बेंच ने कहा कि इन प्रावधानों का पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

यह निर्देश 'वी द वीमेन ऑफ इंडिया' नामक एनजीओ की याचिका पर दिया गया। याचिका में कहा गया कि घरेलू हिंसा अधिनियम लागू हुए 15 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन आज भी घरेलू हिंसा महिलाओं के खिलाफ सबसे आम अपराध है। अधिनियम के तहत ठोस ढांचा अब तक पूरी तरह नहीं बन पाया है।

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार को सुनवाई तय की है।

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पहचाने गए तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने का अनुरोध किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि तीन मुद्दों में अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वक्फ कानून का विरोध करने वाले अन्य लोगों ने कहा कि कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती।

अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सिब्बल ने दलील दी कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फों की रक्षा के लिए बनाया गया है, लेकिन वास्तव में यह एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ अल्लाह को दिया गया दान है और इसके अनुसार संपत्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है- एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ।

**लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा :**

कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले, हालांकि संपत्ति को एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया था, लेकिन संपत्ति की पहचान वक्फ होने से नहीं बदली और सरकार को हस्तांतरित हो गई।

# पहलगाम आतंकी हमले पर खड़गे ने केंद्र को घेरा

## ऑपरेशन सिंदूर को बताया 'छोटा सा युद्ध'

विजयनगर, 20 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई।

मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। केंद्र सरकार ने पर्यटकों से पहलगाम न जाने के लिए क्यों नहीं कहा? अगर उन्हें बताया गया होता, तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। ऑपरेशन सिंदूर तो छोटा सा युद्ध है।

इससे पहले विजयनगर हवाई अड्डे पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और



लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का स्वागत किया। रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, मुझे यह जानकारी मिली कि कर्नाटक में बहुत से लोग जमीन के मालिक हैं, लेकिन उनके पास जमीन के मालिकाना हक नहीं हैं। इसमें सभी समुदायों के लोग शामिल थे।

उन्होंने कहा कि उनके पास संपत्ति या मालिकाना हक नहीं था, और न ही उन्हें सरकार से कोई सुविधाएं मिल रही थीं। मैंने इस मुद्दे को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने उठाया और कहा कि जो भी कर्नाटक में जमीन के मालिक हैं, उन्हें मालिकाना हक मिलना चाहिए। आज, कर्नाटक सरकार 1 लाख परिवारों को मालिकाना हक देने जा रही है।

**क्या है ऑपरेशन सिंदूर :**

भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पाहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं।

## समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

### अगले 4-5 दिनों में मिल सकती है खुशखबरी

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था।

आईएमडी ने मंगलवार दोपहर को एक अपडेट में बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान केरल में मानसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है। इसके बाद 8 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून ने दस्तक दी थी। 2023 में मानसून 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को केरल पहुंच था। आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के मानसून सीजन में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान लगाया था। इसमें अल नीनो की स्थिति की संभावना को खारिज कर दिया गया था।

# देश के 11 राज्यों में फैला कोरोना : हेल्थ एक्सपर्ट ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन अब तक 257 लोगों को अपनी चपेट में ले चुका है और इसका असर देश की राजधानी दिल्ली सहित 11 राज्यों तक हो चुका है। इससे स्वास्थ्य एजेंसियां एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के नए स्ट्रेन की अब तक की संक्रामकता से यह संभावना दिखाई दे रही है कि यह कोविड-19 के पहले और दूसरे म्यूटेशन की तरह बहुत सक्रामक नहीं हो सकता है। फिर भी अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर इसका नकारात्मक असर दिखाई दे सकता है। अन्य बीमारियों सेजूझ रहे लोगों को सतर्क रहना चाहिए और कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकों से परामर्श करना चाहिए।

**कहां- कितने सक्रिय केस :**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस समय (20 मई) तक देश में कोरोना के 257 सक्रिय मामले हैं। इसमें 164 मामले नए दर्ज किए गए हैं। मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है, हालांकि इन मौतों के पीछे अन्य कारण बताए गए हैं। मृतकों में 59 वर्षीय एक व्यक्ति कैंसर से पीड़ित था, जबकि दूसरी मृतक एक 14 वर्षीय किशोरी थी जिसको भी अन्य परेशानियां थीं।



इस समय सबसे ज्यादा कोरोना के मामले केरल में दर्ज किए गए हैं जहां सक्रिय मरीजों की संख्या 95 तक पहुंच चुकी है। इसमें 69 केस नए हैं। दूसरे नंबर पर तमिलनाडु है जहां इस समय कुल 66 सक्रिय केस हैं। इसमें 34 मामले नए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर आता है जहां कुल सक्रिय मरीज 56 हैं जिसमें 44 मामले नए दर्ज किए गए हैं। नए मामलों में महाराष्ट्र तमिलनाडु से आगे है।

गुजरात में कोरोना के सात मामले सक्रिय हैं जिसमें छः मामले नए दर्ज किए गए हैं। पुडुचेरी में कोरोना के मामलों में कमी आई है। यहां इस समय 10 सक्रिय केस हैं, जबकि तीन मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ घोषित कर दिया गया है। हरियाणा में भी कोरोना का एक नया मामला पाया गया है। देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना के पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें तीन मामले नए हैं। कुछ एशियाई देशों में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने 12 मई से कोरोना मरीजों के आंकड़े दोबारा अपडेट करने शुरू कर दिए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के अधिकारियों की बैठक में स्थिति के सभी पहलुओं पर विचार किया गया है। अब तक दर्ज किए गए सभी केस मध्यम कैटेगरी के हैं और गंभीर कैटेगरी में कोई मरीज दर्ज नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, स्थिति को देखते हुए जांच और निगरानी की सक्रियता बढ़ा दी गई है और चिंता करने वाली कोई बात नहीं है।

देश के पास किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरे इंतजाम हैं। लेकिन इसके बाद भी सच्चाई यह है कि कोरोना देश के 11 राज्यों में फैल चुका है। इसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं।

पिछली बार चीन को कोरोना फैलने की सबसे प्रमुख वजह बताया गया था। हालांकि चीन ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। लेकिन इस बार कोरोना अब तक सिंगापुर और हांगकांग में अपने पांव पसार चुका है। अन्य देशों तक इसके पहुंचने पर स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय होना होगा।मैक्स अस्पताल की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ममता त्यागी ने कहा कि किसी भी प्रकार के एपिडेमिक के एक समयांतराल के बाद उसका एंडेमिक आता है। इस दौरान वह वायरस वातावरण में मौजूद तो रहता है, लेकिन उसकी पीड़ित करने की क्षमता और संक्रामकता दर घट जाती है।

## जल जीवन मिशन परियोजनाओं का होगा निरीक्षण

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का निरीक्षण कराने की तैयारी की है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में बन चुकीं परियोजनाओं का दौरा करने के लिए 100 टीमें बनाई गईं हैं। आठ मई को जल शक्ति मंत्रालय के तहत योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें टीमों को तैनात करने का फैसला लिया गया। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजनाओं के जमीनी निरीक्षण के लिए 100 टीमें तैनात करने का निर्णय लिया गया। कार्मिक मंत्रालय ने मिशन के तहत योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए चिन्हित जिलों के लिए केंद्रीय नोडल अधिकारी (सीएनओ) नियुक्त किए हैं।

सुविचार: आपका दृष्टिकोण जितना अच्छा होगा उतना आप अपने जीवन को बदल सकते है।

## आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज हासिल करने के आरोप में चार रोहिंग्या गिरफ्तार




हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस ने चार रोहिंग्याओं को कथित तौर पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज धोखाधड़ी से हासिल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से पांच आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, पांच मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, चेक बुक और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद अरमान, मोहम्मद रूमाना, मोहम्मद नईम और मोहम्मद हारिस शामिल हैं, जबकि दो अन्य अयाज और शोएब मलिक फरार हैं। पुलिस के अनुसार, चारों व्यक्ति अवैध रूप से भारत में घुस आए थे और कुछ वर्षों तक रहने के बाद तथ्यों को छिपाकर मीसेवा केंद्र के माध्यम से दस्तावेज हासिल करने में कामयाब हो गए। सभी चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया।



रूस के महावाणिज्यदूत वलेरी खोदजाएव ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके जुबली हिल्स, हैदराबाद स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

## तिरंगा रैली में झड़प, पुलिस ने लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील

### सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर न करें भरोसा : पुलिस आयुक्त



खम्मम, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस आयुक्त सुनील दत्त ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है जो सोमवार रात खम्मम में आयोजित तिरंगा रैली के दौरान हुई घटना के बारे में सोशल मीडिया पर जानबूझकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर भरोसा न करें। भाजपा द्वारा आयोजित रैली के दौरान, जेडपी सेंटर से खानपुरम हवेली की ओर मोटरसाइकिल पर जा रहे दो अन्य युवकों को येलंडू चौराहे पर एक ट्रैफिक कांस्टेबल ने रोका, जबकि रैली चल रही थी।

युवकों ने कहा कि वे जरूरी काम से जा रहे हैं और ट्रैफिक कांस्टेबल से बहस करने लगे। सीपी ने बताया कि यह देखकर रैली में शामिल कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी ट्रैफिक कांस्टेबल के समर्थन में युवकों से बहस की और हाथापाई हो गई। बंदोबस्त ड्यूटी पर तैनात पुलिस मौके पर पहुंची और घटना में शामिल दो युवकों और भाजपा कार्यकर्ताओं को खम्मम टू-टाउन पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस ने दोनों समूहों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं और मामले की जांच कर रही है, दत्त ने संबंधित समूहों से शांति और सद्भाव बनाए रखने को कहा।

गौरतलब है कि देर रात थाने में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई थी, क्योंकि जिस समुदाय से ये युवक जुड़े हुए हैं, उसके कुछ लोग थाने में पहुंच गए और धार्मिक नारे लगाने लगे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रण में किया। इस बीच, स्थानीय भाजपा नेताओं ने सोमवार की घटना के विरोध में मंगलवार को खम्मम शहर बंद का आह्वान किया था, लेकिन पार्टी के राज्य नेताओं के निर्देश पर उन्होंने अपना आह्वान वापस ले लिया है।

## नए संशोधित मेट्रो किराए पर 10 प्रतिशत की छूट

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। एलएंडटी मेट्रो रेल (हैदराबाद) लिमिटेड (एलएंडटीएमआरएचएल) ने तीनों मेट्रो कॉरिडोर में सभी किराया क्षेत्रों में हाल ही में अपडेट किए गए किराए पर 10 प्रतिशत की छूट की घोषणा की है, जो 24 मई से प्रभावी होगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि किराया समायोजन किराया निर्धारण समिति (एफएफसी) के सुझावों के बाद किया गया था और यह मेट्रो संचालन और रखरखाव की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक व्यापक योजना का हिस्सा है। यह निर्णय यात्रियों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और यह संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह यात्रियों के लिए वहनीयता में सुधार लाने के साथ-साथ वित्तीय प्रथाओं को भी बेहतर बनाए रखता है।

एलएंडटीएमआरएचएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ केवीबी रेड्डी ने कहा, हालांकि मेट्रो परिचालन की स्थिरता के लिए किराए में संशोधन महत्वपूर्ण था, लेकिन हम अपने मूल्यवान यात्रियों पर वित्तीय बोझ को कम करने के महत्व को समझते हैं। उन्होंने कहा, हमारे यात्रियों की प्रतिक्रिया और भलाई के जवाब में, हमने तीनों मेट्रो कॉरिडोर में सभी किराया क्षेत्रों में हाल ही में अपडेट किए गए किराए पर 10 प्रतिशत की छूट देने का विकल्प चुना है, जो 24 मई से प्रभावी है।

## सांसद वामसी कृष्णा का अपमान किया गया : राजू

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। अनुसूचित जाति अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू उस्ताद ने आज कहा कि पेद्दापल्ली के सांसद गद्दाम वामसी कृष्णा का अपमान सभी दलितों का अपमान है और उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों को सांसद से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने टैंक बंड बेस पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की और राज्य सरकार से माफी मांगने की मांग करते हुए धरना दिया। इस अवसर पर राजू उस्ताद ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि पेद्दापल्ली के सांसद वामसी कृष्णा को जयशंकर भूपालपल्ली जिले के कालेश्वरम में सरस्वती पुष्करम में आमंत्रित नहीं किया गया और उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार निमंत्रण कार्ड में उनकी तस्वीर नहीं लगाई गई। उन्होंने कहा, यह पूरे दलित समुदाय के लिए भी शर्म की बात है कि सरकार ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने यह भी कहा कि वे सरकारी अधिकारियों के इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं कि उन्होंने गद्दाम वामसी कृष्ण को पुष्करम में सिर्फ़ इसलिए आमंत्रित नहीं किया क्योंकि वे दलित हैं। उन्होंने घटना की ज़िम्मेदारी लेते हुए राज्य के मंत्रियों पोन्नम प्रभाकर, दुदिल्ला श्रीधर बाबू, कोंडा सुरेखा, बंदोबस्ती विभाग की प्रधान सचिव शैलजा और अन्य अधिकारियों से माफ़ी की मांग की।

## राजभवन से कोई गोपनीय फाइल नहीं हुई चोरी : हैदराबाद पुलिस

### निलंबित आईटी हार्डवेयर इंजीनियर ने चोरी की थी हार्ड डिस्क

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि राजभवन के निलंबित आईटी हार्डवेयर इंजीनियर श्रीनिवास (45) द्वारा कथित तौर पर चुराई गई हार्ड डिस्क में कोई गोपनीय या महत्वपूर्ण फाइल नहीं थी। तेलंगाना के राज्यपाल के उच्च सुरक्षा वाले आधिकारिक आवास राजभवन में हार्ड डिस्क चोरी होने की खबर से हड़कंप मच गया।

पुलिस ने बताया कि श्रीनिवास ने कथित तौर पर राजभवन में काम करने वाली एक महिला ठेका कर्मचारी की तस्वीरों से छेड़छाड़ करके उसे उसके फोन पर भेजा था।

महिला की शिकायत के आधार पर पंजागुट्टा पुलिस ने 12 मई को श्रीनिवास (45) को गिरफ्तार किया। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। घटना के बाद राजभवन प्राधिकारियों ने उन्हें निलंबित कर दिया था। हालांकि, श्रीनिवास फिर से राजभवन आए और जिस डेस्क टॉप का वह इस्तेमाल कर रहे थे उसकी हार्ड डिस्क को अपने साथ ले गए, जिसमें महिला की छेड़छाड़ की गई तस्वीरें थीं।

राजभवन आईटी मैनेजर की 14 मई को की गई शिकायत के आधार पर, पंजागुट्टा पुलिस ने श्रीनिवास के खिलाफ हार्ड डिस्क चोरी करने का एक और मामला दर्ज किया था और उसे 15 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके पास से हार्ड डिस्क बरामद कर ली गई और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## गुलजार हौज अग्नि त्रासदी की जांच के लिए 6 सदस्यीय समिति गठित

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गुलजार हौज अग्नि त्रासदी की जांच के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की, जिसमें एक ही परिवार के 17 सदस्यों की मौत हो गई। समिति में जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन, हैदराबाद कलेक्टर- अनुदीप दुरीशेट्टी, हैदराबाद पुलिस आयुक्त- सीवी आनंद, डीजी फायर सर्विसेज- वाई नागी रेड्डी, हाइड्रा कमिश्नर- एवी रंगनाथ और टीएसएसपीडीसीएल सीएमडी- एमडी मुशर्रफ फारुकी शामिल होंगे। समिति को जांच के बाद अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी को सौंपनी है। समिति को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों का सुझाव भी देना है। समिति के बुधवार को घटनास्थल पर जाकर परिसर का निरीक्षण करने की उम्मीद है।



आदिलाबाद के सांसद जी. नागेश ने मंगलवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन से मुलाकात की और क्षेत्र से संबंधित रेल विकास योजनाओं पर चर्चा की।

## बीआरएस ने आदिवासी कल्याण की अनदेखी करने पर उड़ाया सीएम रेवंत रेड्डी का उपहास

### चंद्रशेखर राव के कार्यकाल के दौरान हुए ऐतिहासिक कार्य : बीआरएस

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेताओं ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों का श्रेय लेने और दलितों और आदिवासियों के मौजूदा मुद्दों के समाधान के लिए कुछ भी नहीं करने का आरोप लगाया। मंगलवार को तेलंगाना भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व विधायक गुववाला बालराजू ने बताया कि चंद्रशेखर राव के कार्यकाल के दौरान लगभग छह लाख लोगों को आरओएफआर पट्टे मिले और चेंचू बस्तियों को ग्राम पंचायतों में बदल दिया गया।

उन्होंने कहा कि यहां तक कि चेंचू लक्ष्मी मंदिर का विकास और नए मंदिरों के लिए आधारभूत कार्य भी बीआरएस के तहत ही किया गया। रेवंत रेड्डी केवल पत्र सौंप रहे हैं और श्रेय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी ने इंदिरा सौरा गिरि जल विकासम योजना के शुभारंभ के दौरान एक सार्वजनिक बैठक का इस्तेमाल कांग्रेस के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया और जनजातीय आवाजों, विशेषकर चेंचूओं को दबाया।

उन्होंने कहा कि चेंचू लोगों को बोलने की अनुमति नहीं दी गई। इस कार्यक्रम को कांग्रेस के शो में बदल दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार नल्लामाला के जंगलों की खनिज संपदा पर नज़र गड़ाए हुए है, जिसे बीआरएस शासन के तहत संरक्षित किया गया था। विधायक कोवा लक्ष्मी ने आदिवासी कल्याण के प्रति मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि अगर रेवंत रेड्डी को वास्तव में आदिवासियों की परवाह है, तो उन्होंने आदिवासी कल्याण मंत्रालय किसी आदिवासी नेता को क्यों नहीं दिया? उन्होंने कर्ज माफी, पेंशन और आवास के वादे पूरे न करने के लिए कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, उन्होंने चंद्रशेखर राव सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को बंद कर दिया।

पूर्व विधायक रेगा कंथाराव और भुक्या जॉनसन नाइक ने कहा कि चंद्रशेखर राव ने गुरुकुल स्कूल, अस्पताल और भूमि अधिकारों के साथ आदिवासियों के साथ न्याय किया है, लेकिन रेवंत रेड्डी केवल उनका श्रेय लेने के लिए बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी और एसटी वोटों के साथ सत्ता में आई, लेकिन सरकार बनाने के बाद उन्हें भूल गई।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, HASMATUN BIBI, M/O: NK/MT IRFAN KHAN , R/O: NARAYANGARH, KASBA, KASBA NARAYANGARH, PASCHIM MEDINIPUR, WEST BENGAL - 721437 have changed my name from HASMATUN BIBI to HASMATUN NESHA BIBI,and my Date of Birth is: 01-01-1973 vide Affidavit dt.06-05-2025.

I Avinash Choudhary Service No: 15449899K Rank- Havildar Unit: 354 Field Hospital, C/o 56 APO, I have changed my wife name from Meera Choudhary to Meera Kumari

I, No, 17021365F, Hav, Chaudhary Bhairavkumar Parakhaji, R/o, Banaskantha Dist, Gujarat, changed my Mother's name from Chaudhary Samadaben to Samadaben Parkhabhai Patel vide Affidavit dt. 19.05.2025 before Medchal Court, Telangana.

I, Suresh Chand Mittal R/O. H.No. 14-2-400, Razzakpura, Near Puneet Oil Mill, Goshamahal, HYD-500012, TS. Changed my name as Suresh Chand Agarwal S/O.Late Daudyal.in my son Naveen Kumar Mittal passport no. M9421710

I, Naveen Kumar Mittal passport no. M9421710 R/O. H.No. 14-2-400, Razzakpura, Near Puneet Oil Mill, Goshamahal, HYD-500012, TS. Changed my name as Naveen Kumar Agarwal S/O. Suresh Chand Agarwal.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## पूर्व सांसद विनोद कुमार ने अंबेडकर प्रतिमा मुद्दे पर सरकार को घेरा

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व सांसद विनोद कुमार ने आज राज्य सरकार से सवाल किया कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को 125 फीट ऊंची अंबेडकर प्रतिमा के पास क्यों नहीं ले जाया गया? उन्होंने सीएम रेवंत रेड्डी से पूछा कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को अंबेडकर प्रतिमा के पास क्यों नहीं ले जाया? विनोद कुमार ने शहर के तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को अंबेडकर की जीवन गाथा बताई जानी चाहिए और कहा कि रेवंत रेड्डी द्वारा की गई गलती को सुधारा जाना चाहिए। विनोद कुमार ने सुझाव दिया कि मिस वर्ल्ड विजेताओं और प्रतियोगियों को 2 जून को राज्य के राज्यपाल के पास ले जाने से पहले अमर ज्योति दिखाई जानी चाहिए। मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने नागार्जुन सागर, चारमीनार, चौमोहल्ला पैलेस, थाउजेंड पिलर मंदिर, रामप्पा मंदिर और यादगिरी गुट्टा का दौरा किया। रामोजी फिल्म सिटी, कमांड कंट्रोल सेंटर, सचिवालय दिखाया गया। हमने दुनिया की सबसे बड़ी 125 फुट की अंबेडकर प्रतिमा बनाई है। लेकिन, उन्होंने इसका दौरा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी ने मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को अंबेडकर की मूर्ति न दिखाकर उसकी अनदेखी की। उन्होंने पूर्व सीएम केसीआर और पूर्व मंत्री हरीश राव को कलेश्वरम आयोग के नोटिस का जवाब दिया। उन्होंने कहा, पता चला है कि आयोग ने नोटिस दिए हैं। क्या नोटिस दिए गए थे। मैं नोटिस में क्या है, यह जानने के बाद जवाब दूंगा।

## एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज घोटालों के प्रति चेताया

### एनएमसी ने विदेशी एमबीबीएस दिशा-निर्देशों को किया स्पष्ट

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। देश में चिकित्सा शिक्षा के लिए नियामक प्राधिकरण, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने एमबीबीएस अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को चेतावनी दी है कि वे ऐसे फर्जी प्रस्तावों के झांसे में न आएं, जिनमें मेडिकल कॉलेजों और विदेशी चिकित्सा पाठ्यक्रमों में आसान प्रवेश का वादा किया गया है, जो कानूनी रूप से स्वीकृत नहीं हैं।

एनएमसी ने एक परामर्श जारी किया है, जिसमें भारत में मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते समय ध्यान में रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं तथा विदेशों में मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों की सूची दी गई है। एनएमसी ने परामर्श में कहा कि उसे देश में बिना किसी अपेक्षित मंजूरी के संचालित हो रहे अनाधिकृत मेडिकल कॉलेजों के मामले मिले हैं। इसमें कहा गया है कि ये संस्थान मान्यता का दावा करके छात्रों और अभिभावकों को गुमराह कर रहे हैं और ऐसे मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश दे रहे हैं जो कानूनी रूप से स्वीकृत नहीं हैं।

एनएमसी ने कहा कि एनएमसी की मंजूरी अनिवार्य है और केवल एनएमसी की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचीबद्ध मेडिकल कॉलेजों को ही भारत में एमबीबीएस और अन्य मेडिकल डिग्री प्रोग्राम प्रदान करने की कानूनी अनुमति है। वेबसाइट पर सूचीबद्ध नहीं होने वाले संस्थान अनधिकृत हैं और एनएमसी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

विदेश में एमबीबीएस करने के इच्छुक छात्रों को क्या करना चाहिए?

एनएमसी के विदेशी चिकित्सा स्नातक लाइसेंसधारी (एफएमजीएल) विनियम, 2021 भारत में चिकित्सा पद्धति का अभ्यास करने के लिए पात्र बनने हेतु विदेशी चिकित्सा शिक्षा के मानकों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं। विदेशी चिकित्सा स्नातकों (एफएमजी) को तब तक स्थायी पंजीकरण नहीं दिया जाएगा जब तक कि वे भारत में कम से कम 12 महीने की अवधि के लिए पर्यवेक्षित इंटर्नशिप न कर लें। यदि एफएमजी इसका पालन करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें भारत में चिकित्सा अभ्यास करने के लिए पंजीकरण से अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

## नकली बाघ की खाल बेचने की कोशिश में 4 गिरफ्तार

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। टास्क फोर्स (पश्चिम) टीम ने मंगलवार को लंगर हाउस के सलारजंग कॉलोनी में नकली बाघ की खाल बेचने की कोशिश करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान बेल्लमपल्ली निवासी ड्राइवर एम विजय किशोर, मंचेरियल निवासी चिंता शंकर, बीएस मक्था निवासी मिर्जा विलायत अली बेग शाकिर और ईसीआईएल निवासी के बच्ची रेड्डी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, गिरोह ने लोगों को नकली बाघ की खाल बेचने की योजना बनाई थी, और दावा किया था कि यह असली बाघ की खाल है, जिसकी कीमत 50 लाख रुपये या उससे भी अधिक होगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें पता था कि बहुत से लोग इस खाल को अपने घरों में सजावट के सामान के रूप में रखना चाहेंगे। वे नकली बाघ की खाल बेचकर आसानी से मोटी रकम कमाने की योजना बना रहे थे।

अधिकारियों ने एक नकली बाघ की खाल, एक कार और 4 मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी कुल कीमत 3.5 लाख रुपये है। गिरफ्तार व्यक्तियों को जब्त सामग्री के साथ आगे की कार्रवाई के लिए लंगर हौज पुलिस को सौंप दिया गया।

## नवविवाहित युवक की करंट लगने से मौत

महबूबाबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के बय्याराम मंडल के कोडिपुंजुला थांडा में मंगलवार को एक युवक, जिसकी कुछ दिन पहले शादी हुई थी और जो अपनी शादी के रिसेप्शन की तैयारी कर रहा था, की बिजली का झटका लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, इसलावथ नरेश (25) ने 18 मई को आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के कांकीपाडु में जाह्नवी प्रिया नामक महिला से विवाह किया था। नवविवाहित जोड़े की शादी का रिसेप्शन मंगलवार को होना था।

नरेश को बिजली का झटका तब लगा जब वह स्विचबोर्ड में लगे प्लग में बिजली के ढीले तार डालने की कोशिश कर रहा था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुल्हन प्रिया को अपने पति की मौत से मानसिक आघात लगा और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद कोडिपुंजुला थांडा में शोक की लहर छा गई। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

बैठक



स्व. श्री सुकनलालजी लचेटा

सुपुत्र: स्व. श्री उम्मेदरामजी लचेटा । स्वर्गवास: 16.04.2025

बैठक आज बुधवार दि.21 मई 2025 प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक हमारे निवास स्थान प्रेम विजय नगर कॉलनी, मिर्जालगुड़ा मल्काजगिरी पर होगी

: शोकाकुल : तुलसाराम, चुन्नीलाल, पुकाराम, सुजाराम (भाई), छगन, हरीश, भंवरलाल, बाबुलाल, वेनाराम, रमेश (पुत्र), प्रियांश, किशोर, भावेश, विनोद, अशोक (पौत्र), मंजू-मोतीराम गादाणा, किरण-अमराराम, सिंचाणा, शान्ति-संजय, वोपारी (पुत्री जवांई) एवं समस्त लचेटा परिवार

:फर्म: तुलसी किराणा एंड जेनरल स्टोर मिर्जालगुड़ा
गणेश इलेक्ट्रिकल्स दम्माईगुडा
9876543998, 9849231592

P.Solankey

## गोंडा में एक लाख का इनामी सोनू पासी मुठभेड़ में मारा गया

गोंडा, 20 मई (एजेंसियां)। गोंडा में पुलिस ने 1 लाख के इनामी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बदमाश की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख उसने फायरिंग कर दी। एक गोली एसएचओ नरेंद्र राय की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिससे वह बाल-बाल बच गए। जवाबी फायरिंग में बदमाश के सीने में दो गोलियां लग गईं। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान सोनू उर्फ भुर्रे पासी के रूप में हुई है। मुठभेड़ करीब 45 मिनट चली। इस दौरान बदमाश ने 12 तो पुलिस ने 8 राउंड फायरिंग की। सोनू पासी ने 24 अप्रैल को गोंडा के बेगमगंज में चोरी के दौरान एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। मुठभेड़ बेगमगंज थाना क्षेत्र में हुई। सोनू पासी परसपुर थाना का हिस्ट्रीशीटर था। फरवरी 2021 में पुलिस ने सोनू पासी को गिरफ्तार किया था। हालांकि, कुछ महीनों बाद वह जमानत पर जेल से बाहर आ गया। तब से वह फरार चल रहा था। सोनू के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती जैसे 48 से ज्यादा मुकदमे अयोध्या, बहराइच, बस्ती और आसपास के जिलों में दर्ज थे। 20 दिन पहले उस पर एक लाख का इनाम घोषित हुआ था। एपी विनीत जायसवाल ने बताया-सोनू रात सनौली गांव के पास एक और वारदात की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ने के लिए उमरी-बेगमगंज, खोडारे पुलिस और एसओजी की टीमों ने इलाके में सर्च अभियान चलाया।

# कानपुर में संघ का विशेष प्रशिक्षण होगा

## आज से होगी शुरुआत; मोहन भागवत



कानपुर, 20 मई (एजेंसियां)। कानपुर में 21 मई से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से चार प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रम शुरू होने जा रहे हैं। इसमें पूर्वी क्षेत्र के तीन वर्ग नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में होंगे। वहीं, प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग मेहरबान सिंह का पुरवा में होगा। रविवार को इसके लिए भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय वर्ग में सरसंघचालक डा। मोहन भागवत, सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी आ सकते हैं।

**6 जून तक चलेगा विशेष वर्ग का प्रशिक्षण**

क्षेत्रीय वर्ग में 21 मई से छह जून तक संघ शिक्षा वर्ग विशेष होगा। इसमें 40 से 65 वर्ष तक के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम का भी आयोजन 21 मई से 11 जून तक होगा। इसमें भी 40 से 65 वर्ष के बीच के स्वयंसेवक होंगे।

**दो दिन कानपुर प्रवास पर आएंगे मोहन भागवत**

कार्यकर्ता विकास वर्ग सामान्य भी 21 से 11 जून तक चलेगा। 18 से 40 वर्ष तक के स्वयंसेवक इसमें शामिल होंगे। इसमें पांच से सात जून तक सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के रहने की उम्मीद है। वहीं आठ से 10 जून तक सरसंघचालक डा। मोहन भागवत रहेंगे।

**मेहरबान सिंह पुरवा में भी आयोजन**

दूसरी ओर, मेहरबान सिंह पुरवा स्थित सीएचएस गुरुकुलम में 25 मई से 10 जून तक संघ शिक्षा वर्ग सामान्य का आयोजन होगा। यह आयोजन प्रांत का होगा। इसमें जो छात्र हाईस्कूल पास हों या छात्र नहीं हैं, पर उनकी अधिकतम आयु 40 वर्ष है, शामिल हो सकेंगे। हर वर्ष अलग-अलग स्थानों पर होने वाले इन वर्गों में स्वयंसेवकों को शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में प्रांत प्रचारक श्रीराम ने बताया कि इस आयोजन में 21 जिला इकाइयों के करीब 500 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे।

## डेढ़ करोड़ के पुराने नोटों संग पुलिसकर्मी समेत तीन गिरफ्तार

मुरादाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। डिलारी थाना पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये के पुराने नोट के साथ पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। डिलारी-करणपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान आरोपित पकड़े गए हैं। कार में छह आरोपित सवार थे। जिसमें सिपाही विक्की गौतम निवासी जलीलपुर बक्काल अमरोहा, रियाज और यासीन निवासी अहमदनगर अहमदाबाद मदारी की मढ़ैया टांडा रामपुर पकड़े गए। साथी यूसुफ निवासी नूरपुर बिजनौर, सत्तार निवासी गुहावर नूरपुर बिजनौर और फैसल निवासी सैदनगली जिला संभल भाग निकले। 10 प्रतिशत के हिसाब से यह डील तय हुई थी। इन्हें डील के मुताबिक 15 लाख रुपये मिलने थे। इससे पहले ही तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिले में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रात समय करीब एक बजे पुलिस डिलारी-करणपुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। गांव होशपुर की पुलिया की ओर से स्विफ्ट कार में छह लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इससे सभी हड़बड़ा गए। पुलिस ने कार को रोका। इस दौरान यूसुफ, सत्तार और फैसल कार की खड़की से निकलकर भाग निकले। पुलिस ने सिपाही विक्की गौतम, रियाज और यासीन को दबोच लिया। कार की डिक्की खुलवाकर देखी तो सभी हैरान रहे गए। प्लास्टिक के कट्टे एवं गत्ते के बाक्स में 500 और 1000 के पुराने नोट भरे थे। जो करीब एक करोड़ 49 लाख 99 हजार रुपये थे।

# मोतिहारी में आरजेडी नेता सहित 3 गिरफ्तार

## 2 करोड़ की अफीम देख ठनका पुलिस का माथा



मोतिहारी, 20 मई (एजेंसियां)। बिहार में शराबबंदी के बाद अलग-अलग तरह के नशे का कारोबार शुरू हो गया है। आए दिन पुलिस कार्रवाई करती है लेकिन धंधेबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मोतिहारी में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरजेडी नेता शंभू गुप्ता और दो अन्य तस्करों को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। मोतिहारी सदर एसडीपीओ-2 जीतेश पांडेय ने इसकी जानकारी दी। मोतिहारी के कोटवा थाने की पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर इन्हें दबोचा है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के जितौरा गांव (वार्ड नं- 15) निवासी शंभू गुप्ता, बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र निवासी नरेश साह और यूपी के सहारनपुर निवासी सोमपाल कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार तस्करों के पास से चार किलो 74 ग्राम अफीम और 55 हजार रुपये नकद मिले हैं। अफीम की कीमत करीब दो करोड़ के आसपास होगी। इनके पास से चार मोबाइल मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। नरेश साह और सोमपाल कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है।

**आरजेडी से जुड़ा है गिरफ्तार तस्कर शंभू गुप्ता**

बताया जाता है कि गिरफ्तार तस्कर शंभू गुप्ता आरजेडी से जुड़ा है। वह आरजेडी मधुबन संगठन जिला के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष है। दुलमा पंचायत से मुखिया भी रह चुका है। आरजेडी के कई कार्यक्रम में वह हिस्सा लेते रहा है जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर है। शंभू गुप्ता मधुबन विधानसभा से प्रत्याशी के रूप में अपना प्रचार-प्रसार करने में भी जुट गया था। इस पूरे मामले में मोतिहारी सदर एसडीपीओ-2 जीतेश पांडेय ने सोमवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दी। बताया कि मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराब एवं ड्रग्स माफिया के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोटवा थाना क्षेत्र के दुपउ मोड़ के पास से अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 4 किलो 74 ग्राम अफीम, 4 मोबाइल के साथ 55 हजार नकद रुपया बरामद किया गया है। जब्त मोबाइल की कॉल हिस्ट्री खंगाली जा रही है जिससे अन्य तस्करों को चिह्नित किया जा सके।

## जीएसटी आफिर में अधिकारी 45,000 रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नोएडा, 20 मई (एजेंसियां)। नोएडा के सेक्टर-148 स्थित जीएसटी कार्यालय में भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जीएसटी प्रशासनिक अधिकारी सत्येंद्र बहादुर सिंह को मेरठ विजिलेंस टीम ने 45,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई ने जीएसटी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर किया है और शासन की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को मजबूती से रेखांकित किया है. जानकारी के अनुसार, 'रामाटेक' नामक एक फर्म, जो 2016 से कंप्यूटर रिपेयरिंग का व्यवसाय कर रही है, को जीएसटी कार्यालय से सूचना मिली कि वर्ष 2016-17 और 2017-18 का असेसमेंट लंबित है. फर्म पर 4.55 लाख रुपये का बकाया बताया गया.

# जम्मू में आतंकी मुठभेड़ के दौरान बिहार के जवान संतोष कुमार बलिदान, गांव में शोक की लहर



भागलपुर, 20 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में मंगलवार सुबह आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़ में नवगछिया के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिठा गांव निवासी सेना के जवान संतोष कुमार (45) गोली लगने से बलिदान हो गए। सेना की ओर से घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बलिदान की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर नौशेरा सेक्टर के समीप ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने बताया कि संतोष कुमार भारतीय सेना में वर्ष 2001 में भर्ती हुए थे और पिछले 23 वर्षों से सेवा दे रहे थे। दो माह पहले वे छुट्टी में घर आए थे और उन्होंने सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। उनका कहना था कि अब बच्चों की पढ़ाई और माता-पिता की सेवा में समय देना चाहते हैं। चार बच्चों के पिता हैं संतोष बलिदानी संतोष चार संतानों के पिता थे। उनकी बड़ी बेटी ने इस वर्ष सीबीएसई की 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण की है। छोटा बेटा लव कुमार मात्र 5 वर्ष का है। पत्नी गुड़िया देवी बच्चों को भागलपुर स्थित स्कूल भेजने की तैयारी में थीं, तभी उन्हें संतोष के बलिदान की सूचना मिली। परिजनों के अनुसार, संतोष तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और परिवार की आर्थिक और सामाजिक जिम्मेदारियां उन्हीं पर थीं। उनके छोटे भाई अभिनव कुमार ने बताया कि संतोष पूरे परिवार के सहारा थे। पिता और मां की स्थिति भी बेहद खराब है।

## भतीजे सत्यम से थे रीना के संबंध, पति धीरेंद्र ने देखा तो उसके साथ किया कांड



कानपुर, 20 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक शख्स की हत्या हुई। शख्स की पत्नी ने हत्या का आरोप 2 पड़ोसियों पर लगा दिया। खूब हंगामा हुआ और हत्याकांड को लेकर बवाल हुआ। पुलिस ने दोनों को जेल भी भेज दिया। मगर अब 7 दिन बाद इस केस में नया मोड़ आया और पुलिस ने मृतक शख्स की पत्नी को ही गिरफ्तार कर लिया। दरअसल पत्नी ने ही अपने पति को पीट-पीटकर मार डाला था। पुलिस ने सिर्फ मृतक की पत्नी ही नहीं बल्कि उसके भतीजे को भी गिरफ्तार किया। आपको जानकर हैरानी होगी कि मृतक की पत्नी के अपने भतीजे से ही संबंध थे। इसलिए ही दोनों ने मिलकर शख्स की हत्या कर डाली थी। महिला अपने प्रेमी भतीजे के साथ ही रहना चाहती थी। ये सनसनीखेज मामला कानपुर के घाटमपुर से सामने आया है। यहां 11 मई के दिन धीरेंद्र नामक युवक की हत्या हुई। उसके सिर पर वार किया गया था। उसकी पत्नी रीना ने पति की हत्या को लेकर जबरदस्त हंगामा खड़ा कर दिया। उसने पड़ोस में रहने वाले कीर्ति यादव और उसके बेटे पर हत्या का आरोप लगाया। ग्रामीण भी रीना का साथ देने लगे और मौके पर एक पार्टी के कार्यकर्ता और नेता भी आ गए। रीना का साफ कहना था कि उसके पति धीरेंद्र का ट्रैक्टर खराब हो गया था। इसको लेकर पति का कीर्ति यादव और उसके बेटों से विवाद हुआ था।

# यूपी में 30% महंगी होगी बिजली

## नगीना सांसद चंद्रशेखर बोले- योगी सरकार जनता की नहीं

नगीना, 20 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आसपा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बिजली की कीमतों को लेकर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है और अगर बिजली की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई तो मजदूरों और छोटे व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बिजली की कीमतें बढ़ाई गईं तो उनकी पार्टी प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन करेगी।

नगीना सांसद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- 'उत्तर प्रदेश की जनता पहले ही बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से जूझ रही है, ऊपर से



अब सरकार बिजली को गरीबों की पहुँच से दूर कर सिर्फ अमीरों के घरों की रौनक बनाना चाहती है! 30% तक बिजली महंगी करने की तैयारी साफ दिखाती है कि यह सरकार आम जनता, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की नहीं, बल्कि मुनाफाखोर कंपनियों की हितैषी है।

उन्होंने आगे कहा कि अगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यह जनविरोधी फैसला लिया, तो आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) पूरे प्रदेश में बड़ा जनआंदोलन करेगी। चंद्रशेखर ने एक अखबार की खबर का हवाला देते हुए ये बात कही है। जिसमें ये दावा किया गया है कि यूपी में बिजली की कीमतों में 30 फीसद तक की बढ़ोतरी हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो ये छह महीने के भीतर दूसरी बार होगा जब यूपी में बिजली की दरों में इजाफा होगा। खबर के मुताबिक यूपी में बिजली कंपनियों ने वास्तविक आय-व्यय देखते हुए बिजली की दरों में 19,600 करोड़ रुपये के घाटे का अनुमान लगाया है।

दावा है कि इस घाटे की भरपाई के लिए बिजली कंपनियां बिजली की दरों में 30 फीसद तक की बढ़ोतरी करना चाहती है। कंपनियों ने इस संबंध में राज्य विद्युत नियामक आयोग से घाटे को देखते हुए उचित फैसला लेने की अनुरोध किया है। आयोग को कंपनियों की वास्तविक स्थिति का फैसला लेते हुए बिजली की दरें तय करनी है। ऐसे में जून के अंत तक बिजली की दरें तय की जा सकती हैं।

## जबरन कराया जा रहा था देह व्यापार होटल मालिक समेत 12 गिरफ्तार



पटना, 20 मई (एजेंसियां)। पटना पुलिस ने आज सेक्स रेकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसमें कई युवक और युवतियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामला जक्कनपुर थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड के पास स्थित गेट संख्या 1 के सामने स्थित गणपति होटल, मंगलम होटल सहित अन्य कई होटल हैं। घटना के संबंध में पटना सदर एसडीपीओ 1 अभिनव कुमार ने बताया कि पटना में दो सहोदर भाई सेक्स रैकेट का धंधा चला रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद इलाके के तमाम होटलों में छापेमारी की गई। इस दौरान मंगलम और गणपति होटल में छापेमारी के दौरान होटल के मालिक समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल, पकड़े गए लोगों के बारे में पुलिस छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में पटना सदर एसडीपीओ 1 अभिनव कुमार ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पुलिस छानबीन कर रही है।सभी को पीआर बॉन्ड भरवा कर छोड़ दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक नाबालिग ने यह बयान दिया है कि यहां होटल संचालक के द्वारा जबरन देह व्यापार कराया जा रहा है। नाबालिग के इस बयान के बाद एक और प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पटना सदर एसडीपीओ 1 अभिनव कुमार ने बताया कि पूर्व में महिला थाने में नाबालिग के बयान पर एक महिला डोली को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट के तहत जेल भेजा गया था। उसी के बयान के आधार पर एसीपी सदर अभिनव के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी और जक्कनपुर थाना प्रभारी ने होटलों में आज सघन छापेमारी की है। इस दौरान एक होटल संचालक रिकू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# तेजस्वी यादव ने अमित शाह को लिखा पत्र, अर्धसैनिक बलों के लिए कर दी बड़ी मांगें

पटना, 20 मई (एजेंसियां)। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। गृह विभाग को भेजे गए पत्र को तेजस्वी ने अपने एक्स (एक्स) हैंडल से मंगलवार को शेयर किया। बताया है कि मातृभूमि की रक्षा एवं देश की एकता व अखंडता की खातिर अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले अर्धसैनिक बलों के वीर जवानों को शहीद का दर्जा देने और उनसे संबंधित अन्य चिरलंबित मांगों को लेकर उन्होंने गृहमंत्री (भारत सरकार) को यह



पत्र लिखा है। तेजस्वी यादव का कहना है कि हमारे देश की सुरक्षा में सेना (थल सेना, नौसेना, वायु सेवा) और अर्धसैनिक बलों आदि सभी देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। परंतु यह दुखद एवं विचारणीय है कि मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को शहादत उपरांत मिलने वाले सम्मान, मुआवजा, सुविधाओं और अन्य लाभों में स्पष्ट भेदभाव है। तेजस्वी ने कहा, एक ओर भारतीय सेना के वीर शहीदों को राज्य और केंद्र सरकार की ओर से मुआवजा, सम्मान एवं परिवार को आर्थिक सहायता के साथ सामाजिक सुरक्षा मिलती है, वहीं अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों एवं उनके परिवारों को अपेक्षित सम्मान, सहायता एवं भविष्य की सुरक्षा नहीं मिल पाती। वे भी समान रूप से हकदार हैं।

**तेजस्वी यादव ने की यह मांगें**

अर्धसैनिक बलों के शहीदों को भी युद्ध हताहत घोषित किया जाए जिससे उन्हें एवं उनके परिवारों को समान सम्मान, लाभ एवं मुआवजा मिल सके।

सरकारी नौकरी, पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं में सेना एवं अर्धसैनिक बलों के शहीदों के परिजनों में अनुरूपता हो।

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में अर्धसैनिक शहीदों के भी नाम दर्ज किए जाएं।


अर्धसैनिक बलों के शहीदों के परिजनों के लिए उदारीकृत पेंशन योजना स्वतः लागू हो।

केंद्रीय अनुग्रह राशि एवं राज्य सरकारों की ओर से दी जाने वाले प्रतिपूर्ति में समानता हो।

नक्सलवाद, आंतकवाद निरोधी कार्रवाई, युद्ध अथवा युद्ध जैसी स्थिति में गंभीर रूप से घायल या दिव्यांगता के बाद सैनिक/अर्धसैनिक बल के जवानों को सेवानिवृत्ति दी जाती है। युद्धजनित जख्मों की वजह से कालांतर में मृत्यु हो जाने पर इन्हें भी शहीद का दर्जा एवं सभी लाभ दिया जाए।

समान परिस्थितियों में काम करने वाले सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों को वन रैंक वन पेंशन का लाभ दिया जाए।

## शादीशुदा महिला चचिया ससुर के साथ फरार पति ने घोषित किया 20 हजार का इनाम



इटावा, 20 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के पूरनपुरा गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक विवाहित महिला अपने दो बच्चों के साथ अपने चचिया ससुर के साथ फरार हो गई है। इस घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। महिला के पति और ससुर, जो अपने बच्चों को वापस लाने के लिए बेचैन हैं, ने महिला और बच्चों को ढूंढने वाले के लिए 20,000 रुपये के इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पूरनपुरा गांव में रहने वाली एक महिला, जो तीन बच्चों की मां है, अपने चचिया ससुर के साथ घर छोड़कर चली गई। महिला अपने साथ दो बेटियों को ले गई, जबकि अपने बेटे को पीछे छोड़ गई। इसके बाद पूरा परिवार सदमे में है।

पति का आरोप है कि उनकी पत्नी ने परिवार के गहने भी साथ ले लिए हैं। यही नहीं जब पुलिस से उसे कोई राहत नहीं मिली तो निराश पति ने खुद ही पत्नी को ढूंढने वाले को इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने शुरू में इसे गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था, लेकिन अब इसे अभियोग में परिवर्तित कर लिया गया है। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने दावा किया है कि महिला अपने चचिया ससुर के साथ भागी है और जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोग पुलिस की जांच में निर्षक्रियता का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि घटना के एक महीने बाद भी पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है।

## बीबीए छात्र से मारपीट मामले में 5 गिरफ्तार

गाजियाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। एनएच-नौ पर 15 मई को बीबीए छात्र को बेरहमी से पीटने वाले पांच आरोपित पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। इनमें दो आरोपित रविवार को गिरफ्तार किए गए थे, लेकिन उनका हल्की धाराओ में चालान किया गया था। जिससे उन्हें पहले ही दिन जमानत मिल गई। स्वजन को इसका पता चला तो उन्होंने विरोध जताया। पुलिस ने इसके बाद देर रात पांच आरोपित दबोच लिए। पुलिस का कहना है कि पहले घायल छात्र का मेडिकल नहीं मिला था, इसलिए मारपीट की हल्की धाराओं में चालान किया गया था।

# फिर बिहार आ रहे राहुल गांधी, इस बार के प्लान से बढ़ जाएगी जेडीयू और सीएम नीतीश की टेंशन

नालंदा, 20 मई (एजेंसियां)। आगामी (2025) बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। एक बार फिर से वह बिहार दौरे पर आने वाले हैं। 27 मई को उनका बिहार दौरा प्रस्तावित है। एक-दो दिन के अंदर ही इसका औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। चुनावी साल में राहुल गांधी का यह 5वां बिहार दौरा होगा। राहुल गांधी के इस बार के बिहार दौरे का प्लान कुछ अलग है जिससे जेडीयू और सीएम नीतीश कुमार की टेंशन बढ़ सकती है। इस बार के बिहार दौरे पर राहुल गांधी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में हुंकार भरेंगे। अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के जरिए कांग्रेस ईबीसी को साधने की कोशिश करेगी। यह नीतीश के परंपरागत वोटर हैं। बिहार की कुल आबादी की 36 प्रतिशत जनसंख्या ईबीसी यानी



अति पिछड़ा कैटेगरी में आती है। राहुल गांधी कांग्रेस की बिहार इकाई में जान फूंकने में लगे हुए हैं। संगठन को मजबूत करना चाहते हैं। पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी की लगातार उपस्थिति ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस बिहार में अपने जनाधार को पुनर्जीवित करने की कोशिश में लगी हुई है। सामाजिक न्याय क्षेत्रीय सशक्तिकरण जातीय समीकरण के मुद्दे को फोकस में रखते हुए कांग्रेस बिहार में अपनी राजनीतिक वापसी की जमीन तैयार करने की कोशिश में लगी हुई है। अब चुनाव में इसका कितना लाभ होगा यह समय बताएगा। बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा का चुनाव होने वाला है। कांग्रेस महागठबंधन में रहकर लड़ेगी लेकिन बिहार में अपनी एक अलग पहचान बनाने में वह लगी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। 70 सीटों पर लड़ने के बावजूद सिर्फ 19 सीट ही जीत पाई थी। इसके बावजूद कांग्रेस की कोशिश है कि आरजेडी पर दबाव बनाकर किसी तरह ज्यादा सीटें वह ले ले। महागठबंधन में कांग्रेस के अलावा आरजेडी, विकासशील इंसान पार्टी, भाकपा माले, सीपीआई, सीपीएम भी है।

## 10 साल से दिल्ली पुलिस को दे रहे थे चकमा

# धोखाधड़ी के मामले में 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नजफगढ़ और द्वारका इलाके में फ्रॉड और धोखाधड़ी करने के मामले में पिछले 10 सालों से चल रहे वांटेड 2 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान राजकुमार और बाला देवी के रूप में हुई है। यह दोनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों को प्रो क्लेम ऑफेंडर घोषित किए जाने के बाद दोनों आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 29 दिसंबर 2014 को आरोपियों ने नजफगढ़ के रोशन गार्डन में एक प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक फर्जी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी बनाई और प्रॉपर्टी का एक हिस्सा 2 अलग-अलग लोगों को धोखे से बेच दिया। इस मामले में दोनों के खिलाफ दिल्ली के नजफगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

क्राइम ब्रांच ने इस पूरे मामले की गहराई से जांच करने के आदेश मिलने के बाद लगातार सर्विलांस और खुफिया सूत्रों के माध्यम से आरोपियों के लोकेशन का पता लगाना शुरू कर दिया। दिल्ली पुलिस ने इस पूरे मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए एक फूल प्रूफ प्लान बनाया, जिसके तहत इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। 16 मई 2025 को दिल्ली पुलिस को यह जानकारी मिली की दोनों आरोपी हरियाणा के सोनीपत के गांव में छिपे हुए हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव की घेराबंदी की और उसके बाद दिल्ली पुलिस ने 17 मई को दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

# एक लाख परिवारों को मालिकाना हक देने जा रहे

## कर्नाटक में राहुल गांधी ने जमकर की कांग्रेस सरकार की तारीफ



बेंगलूरू, 20 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार के दो साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर जश्न मनाया जा रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सीएम सिद्धारमैया इस मौके पर मौजूद रहे। पार्टी ने जहां एक तरफ पिछले दो साल में जनता के लिए जो काम किए वो गिनाए, वहीं 1 लाख से ज्यादा लोगों को मालिकाना अधिकार देने का भी ऐलान किया। इस मौके पर लोकसभा एलओपी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बने दो साल हो गए हैं। हमने चुनाव के दौरान 5 गारंटी देने का वादा किया था, लेकिन बीजेपी और पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस गारंटी पूरी नहीं करेगी, लेकिन हम ने अपनी गारंटी पूरी की।

**गिनाई पार्टी की कामयाबी**

राहुल गांधी ने पार्टी की कामयाबी गिनाते हुए कहा, हमारी पहली गारंटी गृह लक्ष्मी योजना के तहत 1 करोड़ महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये देने की थी। कर्नाटक सरकार करोड़ों महिलाओं के खातों में यह पैसा पहुंचाती है। हमारी दूसरी गारंटी गृह ज्योति योजना के तहत करोड़ों परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की थी, जो हमने पूरी की।

**1 लाख परिवारों को मालिकाना अधिकार**

कांग्रेस सांसद ने कहा, मुझे पता चला कि कर्नाटक में बहुत से लोगों के पास जमीन है, लेकिन उनके पास मालिकाना हक नहीं है। इसमें सभी समुदायों के लोग शामिल थे। उनके पास संपत्ति या मालिकाना हक नहीं था, उन्हें सरकार से कोई सुविधा नहीं मिली। मैंने इस मुद्दे को पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ उठाया और मैंने उनसे कहा कि जिसके पास कर्नाटक में जमीन है, उसके पास मालिकाना हक भी होना चाहिए। आज, कर्नाटक सरकार राज्य के 1 लाख परिवारों को मालिकाना अधिकार देने जा रही है। राहुल गांधी ने डिजिटल रजिस्ट्री को लेकर बात की, उन्होंने कहा, 21वीं सदी में (जमीन की) डिजिटल रजिस्ट्री होनी चाहिए, हमारी गारंटी से राज्य के गरीब लोगों को फायदा होगा। मैंने यह भी कहा कि 50,000 परिवार ऐसे हैं जिनके पास अभी भी मालिकाना हक नहीं है। हम चाहते हैं कि अगले 6 महीनों में उन्हें भी उनका मालिकाना हक मिल जाए। 2,000 राजस्व गांवों की घोषणा की गई है। हम चाहते हैं कि 500 और राजस्व गांवों की घोषणा की जाए। कर्नाटक में हर किसी को उनका मालिकाना हक मिलना चाहिए।

## गढ़चिरौली पुलिस ने 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया, 36 लाख रुपए का था इनाम

गढ़चिरौली, 20 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कि गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ ने 5 नक्सलवादियों को गिरफ्तार किया है। ये नक्सली किसी कांड को अंजाम देने की तैयारी में थे। इन पांचों नक्सलियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 36 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। इसे पुलिस और सीआरपीएफ की बड़ी सफलता माना जा रहा है। डीवीसीएम रैंक के एक वरिष्ठ नक्सलवादी, एक एसीएम के साथ तीन प्लाटून सदस्य नक्सलवादियों को अबुझमाड़ के बिनगुंडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक स्वचालित एसएलआर राइफल, एक 303 राइफल, तीन एसएसआर राइफल, दो हैंडगन सहित कुल 7 हथियार (आग्नेयास्त्र) जब्त किए गए हैं। गौरतलब है कि गढ़चिरौली जिला नक्सल प्रभावित जिला माना जाता है। यहां नक्सलवादी, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं और सुरक्षाबलों पर हमला कर रहे हैं। वह आगजनी समेत अन्य प्रकार के सरकारी काम में बाधा डाल रहे हैं। दरअसल गोपनीय सूचना मिली थी कि 50 से 60 माओवादी पुलिसकर्मियों पर हमला करने और घात लगाने के इरादे से भामरागढ़ उप-विभाग के लाहेरी उप-पोस्ट के अंतर्गत एक गांव बिनगुंडा में जमा हुआ हैं। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अभियान) यतीश देशमुख के नेतृत्व में सी-60 (स्पेशल एक्शन फोर्स) की 8 टुकड़ियां और ए कंपनी 37 बटालियन को 18 मई को सीआरपीएफ टीम के साथ उक्त वन क्षेत्र में भेजा गया। 19 मई की सुबह जब सी-60 टीमें माओवादी विरोधी अभियान चला रही थीं, उन्होंने बिनगुंडा गांव को घेर लिया और गांव की तलाशी शुरू कर दी।

## अहमदाबाद के चंदोला में फिर गरजा एएमसी का बुलडोजर



चंदोला, 20 मई (एजेंसियां)। गुजरात के चंदोला इलाके में अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) का बुलडोजर मंगलवार को एक बार फिर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ गरजा। एएमसी की अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत दूसरे चरण की कार्रवाई में 2.5 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाने की योजना है। अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को शांतिपूर्ण और बिना बाधा के संपन्न कराने के लिए मौके पर मौके पर 3000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा 25 एसआरपी की टीमों को भी मौके पर तैनात किया गया है। चंदोला इलाके से अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए सोमवार को दूसरे चरण तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक मेंएएमसी के शीर्ष अधिकारी और पुलिस आयुक्त जीएस मलिक मौजूद थे। बता दें कि अहमदाबाद नगरन निगम ने पहले चरण के दौरान 1.5 लाख वर्ग मीटर भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद दूसरे चरण की कार्रवाई में 2.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त करने का फैसला लिया था। पहले चरण में 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र से हटाए गए थे अतिक्रमण- शरद सिंघल संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध शरद सिंघल ने कहा, पहले चरण में निगम द्वारा लगभग 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र को अवैध अतिक्रमण को साफ किया गया था। अतिक्रमण के खिलाफ पहले चरण की कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित व्यवस्था की थी। दूसरा चरण आज से शुरू होगा। इलाके में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और जनता भी हमारा सहयोग कर रही है। बता दें कि चंदोला झील के आसपास एएमसी का ध्वस्तीकरण अभियान गुजरात के इतिहास में सबसे बड़े अतिक्रमण विरोधी अभियानों में से एक है। 4 लाख वर्ग मीटर से अधिक भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त करने की योजना है। जिस जमीन पर बांग्लादेशियों ने अवैध घर बनाए लिए वो 100 एकड़ के करीब है।

## छिंदवाड़ा में दहेज की लालच ने ली एक और बेटी की जान, सगाई के बाद युवती ने की आत्महत्या

छिंदवाड़ा, 20 मई (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव के पंचायत दातलावादी से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है. 22 साल की युवती स्वाति, जो हाल ही में सगाई के बाद विवाह की तैयारियों में लगी थी, दहेज के दबाव से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. परिजनों के अनुसार, स्वाति के मंगेतर शशी शेखर और उसके परिवार के 2 अन्य सदस्य लगातार दहेज में नगदी और अन्य सामान की मांग कर रहे थे. इसी कारण मानसिक और भावनात्मक प्रताड़ना से जूझती स्वाति ने यह कठोर कदम उठाया. मृतका के छोड़े गए सुसाइड नोट में उसने दहेज को लेकर हो रही प्रताड़ना का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है.

# मुंबई में फिर डरा रहा कोरोना, 53 मामले आए सामने, मचा हड़कंप

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी के संकेत मिले हैं। मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में कुछ 53 कोरोना के पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए बीएमसी ने कोरोना मरीजों के लिए गाइडलाइन जारी की है। बीएमसी ने नई गाइडलाइन में लोगों को बताया है कि नगरपालिका अस्पतालों में कोविड-19 रोगियों के उपचार एवं मार्गदर्शन की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मुंबई महानगरपालिका के अस्पतालों में मरीजों के लिए विशेष बिस्तर और विशेष कमरों की व्यवस्था भी की गई है।



**कोरोना को लेकर बीएमसी कर्मचारी फिर अलर्ट**

बीएमसी की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछले कुछ दिनों में सिंगापुर, हांगकांग, पूर्वी एशिया और अन्य देशों में कोविड मामलों की संख्या बढ़ोतरी के संकेत मिले हैं। बृहन्मुंबई नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 तक कोविड मरीजों की संख्या बहुत कम आई थी। हालांकि, मई से अब तक कुछ मरीज देखे गए हैं, लेकिन बृहन्मुंबई नगर निगम प्रशासन नागरिकों से न घबराने की अपील कर रहा है।

**बीएमसी के अस्पताल में अलग से बेड की व्यवस्था**

बृहन्मुंबई नगर निगम के अस्पतालों में कोरोना मरीजों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कई कदम उठाए गए हैं। कोरोना मरीजों के लिए सेवन हिल्स अस्पताल में 20 बिस्तर (एमआईसीयू), 20 बिस्तर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए और 60 सामान्य बिस्तर हैं। इसके अलावा, कस्तूरबा अस्पताल में 2 गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) बेड और 10 बेड का वार्ड है। यदि आवश्यक हुआ तो यह क्षमता बढ़ाई जा सकती है। कोविड-19 के सामान्य लक्षणों में मुख्य रूप से बुखार, खांसी (सूखी या कफ के साथ), गले में खराश या दर्द, थकान महसूस होना, शरीर में दर्द और सिरदर्द शामिल हैं। इसके साथ ही कभी-कभी सर्दी, नाक बहना, स्वाद या गंध का एहसास न होने जैसे लक्षण भी शामिल हो सकते हैं। ये लक्षण प्रायः सामान्य सर्दी-जुकाम के समान हो सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। गंभीर मामलों में सांस लेने में कठिनाई एक बड़ा खतरे का संकेत है।

## पान मसाले में छुपाकर लग्जरी कारों से गांजा सप्लाई, दो तस्कर गिरफ्तार

ग्वालियर, 20 मई (एजेंसियां)। ग्वालियर इलाके में अचानक गांजा तस्करी बढ़ गई है। तस्कर अब नए-नए तरीके अपना रहे हैं। वे पुलिस को चकमा देने के लिए पान मसाला के पैकेट में गांजा छुपाते हैं और महंगी कारों का इस्तेमाल करते हैं। हाल ही में ग्वालियर की सिरोल थाना पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी रात में स्विफ्ट कार से पान मसाला के पैकेट में गांजा छुपाकर सप्लाई करने निकले थे। लेकिन पुलिस को एक मुखबिर से सही सूचना मिली और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर इन्हें पकड़ लिया। अपराधियों के पास से 8 किलो 100 ग्राम गांजा, तीन मोबाइल और उनकी स्विफ्ट कार बरामद हुई है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# आप की छात्र विंग एएसएपी लॉन्च, केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में बर्बाद हो रहे सरकारी स्कूल, बाउंसर तक लगा दिए



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी अब अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है, साथ ही युवाओं के बीच में पकड़ को मजबूत करने के लिए पार्टी ने अब एक अहम कदम उठाया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की छात्र विंग को लॉन्च किया। केजरीवाल ने छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) लॉन्च की। स्टूडेंट विंग लॉन्च करने के दौरान अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और अवध ओझा भी मौजूद रहे। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे खुशी है कि आज आम आदमी पार्टी का स्टूडेंट विंग, एएसएपी लॉन्च हो रहा है। अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स क्या है? आज हमारे देश में बहुत समस्याएं हैं। खाने को नहीं है, 75 साल बाद भी सड़कें, अस्पताल नहीं है, कोई खुश नहीं है, इन सभी समस्याओं की जड़ आज की राजनीति है।


**बीजेपी-कांग्रेस को किया टारगेट**

केजरीवाल ने बाकी पार्टियों को टारगेट करते हुए कहा, कांग्रेस, बीजेपी की राजनीति एक ही धर्रे पर चल रही है, यही मैन स्ट्रीम पॉलिटिक्स ही सभी समस्याओं की जड़ है। आपके घर बिजली आएगी या नहीं? आपको सरकारी नौकरी मिलेगी या नहीं ये सभी राजनीति है, आपको इसका हिस्सा बनना ही पड़ेगा। केजरीवाल ने आगे कहा, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 10 साल राजनीति की अब पंजाब में सरकार है। यही अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स है।

**बीजेपी पर साधा निशाना**

आम आदमी पार्टी दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में इस बार बीजेपी से हार गई। इसी के बाद अब केजरीवाल ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा, हम कहते हैं कि फीस महंगी नहीं होने देंगे। इनकी सरकार बनते ही 3 महीने के अंदर फीस बढ़ गई। सरकारी स्कूलों को बर्बाद कर दिया। जब हमारी सरकार बनी तो शिक्षा माफिया पर लगाम लगाई। ये बड़े लोग जो होते हैं इनसे लड़ाई लड़ी, लेकिन इनकी सरकार में स्कूलों के बाहर बाउंसर लगा दिए गए हैं। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में सरकार बनने के बाद 24 घंटे की बिजली कर दी। पहले की कांग्रेस सरकार की भी बिजली कंपनियों से मिली भगत थी, लेकिन जैसे ही दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनी पावर कट लग गए। आपके बच्चों को हाथ में डंडा लेकर मस्जिद के बाहर भेजकर हिंदु मुस्लिम कराते हैं। इनके बच्चे विदेश में पढ़ते हैं। ये मैन स्ट्रीम पॉलिटिक्स है। केजरीवाल ने आगे कहा, दिल्ली में एक सड़क बनाई 250 करोड़ की, देश की सारी संपत्ति को अपने दोस्तों को दे दिया ये मैन स्ट्रीम पॉलिटिक्स है। एक-एक पैसा जनता के लिए खर्च करना अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स है

# आईएसआई से कोड वर्ड में ऐसे बातें करती थी ज्योति मल्होत्रा, वॉट्सऐप चैट उजागर



हिसार, 20 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार से गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पर बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों को शक है कि ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रही थी और भारत में मौजूद खुफिया एजेंट्स की पहचान उजागर करने की कोशिश में लगी हुई थी। इस बड़ी साजिश का खुलासा ज्योति और पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी अली हसन के बीच हुई वॉट्सऐप चैटिंग से हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों के बीच लगातार कोड वर्ड में बातचीत हो रही थी, जिसमें कई संदिग्ध गतिविधियों का जिक्र भी सामने आया है।

**आईएसआई अधिकारी ने अटारी बॉर्डर के बारे में ली गुप्त जानकारी**

चैटिंग में यह बात सामने आई है कि अली हसन ने ज्योति से भारत-पाक सीमा पर स्थित अटारी बॉर्डर की एक यात्रा को लेकर कई संवेदनशील सवाल पूछे थे। उसने जानना चाहा कि वहां किसी अंडरकवर एजेंट को प्रोटोकॉल के तहत अंदर लाने की कोई व्यवस्था की गई थी या नहीं। अली ने सीधे तौर पर पूछा, जब आप गए थे अटारी, वहां प्रोटोकॉल किस-किस को मिला था? इसके जवाब में ज्योति ने कहा, किसको मिला, मुझे तो मिला नहीं।

**लगातार जानकारी देती रही ज्योति मल्होत्रा**

अली हसन की ओर से अगली चैट में लिखा गया, इट मीन, कोई अंडर कवर पर्सन हो जैसे, यार पता चल जाता है देखकर, आपको कैसे निकालना था या उसको अंदर ले कर आना था। इट्स माय मैटर, उसको अंदर गुरुद्वारे में ले आना था आपने, रूम में दोनों को बैठा देना था, अभी लगे रहो। हालांकि ज्योति ने जवाब में लिखा, नहीं इतने पागल थोड़ी ना थे वो। फिलहाल ज्योति मल्होत्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उसके मोबाइल व अन्य डिवाइसेज़ की फॉरेंसिक जांच की जा रही है। जांच एजेंसियां यह जानने की कोशिश में हैं कि क्या ज्योति इस नेटवर्क में अकेली शामिल थी या उसके पीछे एक बड़ा सिंडिकेट सक्रिय है। इस खुलासे ने देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है और सीमा सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच 1 जुलाई को पहली बैठक, जेलों में बंद कैदियों की रिहाई पर होगी चर्चा



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पहला आधिकारिक संपर्क अब से करीब डेढ़ महीने बाद एक जुलाई 2025 को होगा। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से भारत और पाकिस्तान की जेलों में बंद आम लोगों और मछुआरों की रिहाई को लेकर चर्चा की जाएगी, साथ में दोनों देश एक-दूसरे को लिस्ट भी सौंपेंगे। काउंसलर एक्सेस एग्रीमेंट 2008 के तहत दोनों देश एक-दूसरे को अपने- अपने जेलों में बंद कैदियों की जानकारी साझा करेंगे। समझौते के तहत दोनों एक-दूसरे को समय-समय पर ऐसी लिस्ट उपलब्ध करवाते हैं ताकि उनके जेलों में बंद अपने अपने नागरिकों को कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। सूत्रों के अनुसार, 14 मई 2025 तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान की जेलों में कुल 242 भारतीय नागरिक बंद हैं। इसके अनुसार, वहां की जेलों में ज्यादातर भारतीय मछुआरे ही बंद हैं। वहां कैद में रहने को मजबूर 242 लोगों में से 193 भारतीय मछुआरे हैं तो आम भारतीय नागरिकों की संख्या 49 है। इसी तरह भारत में भी बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक जेल में बंद हैं। 14 मई 2025 तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय जेलों में कुल 458 पाकिस्तानी नागरिक बंद हैं। भारतीय जेलों में बंद पाकिस्तानियों में अधिकतर वहां के आम नागरिक हैं।

**भारत की जेलों में ज्यादा पाक नागरिक**

भारतीय जेलों में बंद पाकिस्तानी मछुआरों की संख्या काफी कम है। यहां की जेलों में महज 81 पाकिस्तानी मछुआरे ही कैद हैं, जबकि जेल में बंद पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या 377 है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बेहद खराब हो गए है। आतंकी हमले के बदले में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के अलावा पाकिस्तान के अंदर कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर कई हमले किए जिसका भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया। भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को खासा नुकसान उठाना पड़ा और उसने सीजफायर की मांग की। फिर दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की बात हुई। सैन्य संघर्ष शुरू होने के बाद 2 बार डीजीएमओ स्तर की बात हो चुकी है। हालांकि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रूख बनाए रखते हुए पाकिस्तान के साथ हर तरह से रिश्ते बंद कर रखे हैं। ऐसे में यह बातचीत दोनों देशों के बीच अहम मानी जा रही है।

## कृषि लोन को लेकर किसानों के सिबिल स्कोर न मांगें बैंक, वरना लेंगे एक्शन

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्राइवेट बैंकों के वरिष्ठ अफसरों को कृषि लोन के लिए आवेदन करने वाले किसानों से क्रेडिट रेटिंग (सिबिल) स्कोर मांगने को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। सीएम ने अफसरों को चेतावनी दी कि अगर उनके बैंक सिबिल स्कोर की मांग जारी रखते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, उनसे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और तत्काल समाधान निकालने को आदेश दिया। सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित 167वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक के दौरान सीएम फडणवीस की अगुवाई में हुई 167वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक के दौरान मुद्दा सामने आया, जहां वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 44.76 लाख करोड़ रुपये के लोन वितरण योजना को मंजूरी दी गई। चर्चा के दौरान बताया गया कि निजी बैंक सिबिल स्कोर मांग रहे हैं। सिबिल स्कोर, क्रेडिट इंफार्मेशन ब्यूरो का एक क्रेडिट पात्रता मैकेनिजम है, जिसका इस्तेमाल वित्तीय संस्थानों की ओर से लोन आवेदनों का आकलन करने के लिए किया जाता है। इसमें कर्ज चुकाने की क्षमता पर भी ध्यान केंद्रित किया जाता है। फडणवीस ने कहा, "अगर किसानों को कृषि लोन नहीं मिलता है, तो इसका अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है और किसानों की खुदकुशी की दर बढ़ती हैं। हमने बैंकों को बार-बार यह निर्देश दिया है कि वे सिबिल (स्कोर) की मांग न करें, लेकिन वे ऐसा अभी भी कर रहे हैं। पहले भी ऐसे कई बैंकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। यह एक गंभीर मुद्दा है जिसे बैंकों को इसे जिम्मेदारी से संभालना चाहिए।" बैंकों पर सख्ती करते हुए फडणवीस ने आगाह करते हुए कहा, "भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कृषि लोन के संबंध में साफ कर दिया है कि यदि कोई बैंक सिबिल स्कोर पर जोर देती है,

## ऑपरेशन सिंदूर से हमें क्या फायदा हुआ? महबूबा मुफ्ती ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार पर उठाए सवाल

श्रीनगर, 20 मई (एजेंसियां)। आज महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में पीडीपी कार्यालय पर एक प्रेस कान्फ्रेंस रखी, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार से सवाल किए और भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान हुए हमलों में मारे गए कश्मीरियों के बारे में बात की। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा,'जैसा कि आप जानते हैं कि पिछले कुछ दिनों से दो देशों के बीच संघर्ष चल रहा है और हमारे कुछ इलाकों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है जैसे पुंछ राजौरी आदि, परिवार तबाह हो गए।

**घोषित किया जाए शहीद- पूर्व सीएम**

आगे उन्होंने कहा कि मैंने गोलाबारी में मारे गए 2 बच्चों की कब्र देखी। मैं जहां भी गई वहां कोई आश्रय नहीं था, लोगों को खुले आसमान के नीचे रातें गुजारनी पड़ी। उनके पास टेंट भी नहीं है, उन्होंने जान और माल भी खो दिया। मैं उन सभी क्षेत्रों के ओर से अनुरोध करती हूं जिन्हें युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। मैं भारत सरकार से मांग करती हूं कि इन हमलों में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाए। आगे उन्होंने कहा, मैं लोगों के लोन माफ करने का भी अनुरोध करती हूं। मैं पुंछ ब्रिगेड कार्यालय गई थी, जहां भी हमला होने की बात कही गई थी, वहां के लोगों को राहत दी जानी चाहिए। पुंछ जैसे क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को एडवांस्ड किया जाना चाहिए। ऐसे क्षेत्रों में लोगों ने भूमिगत बंकरों की मांग की। यह विडंबना है कि मुझे आधुनिक युग के इस दौर में ऐसी मांग करनी पड़ रही है।

आगे महबूबा ने कहा, जो लोग युद्ध की वकालत करते हैं, उन्हें इन सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ समय बिताना चाहिए, फिर वे ऐसी वकालत करें।

**NOTICE FOR REGISTRATION OF NEW POLITICAL PARTY**

(Published as per the directions of Telangana State Election Commission)

Dated : 20.5.2025

Notice is hereby given to the general public that **Sri. Duggirala Nageswara Rao President** intends to register a political party without reserved symbol with the State Election Commission, Telangana, under the name and style of **Praja Palana Party** with location of its head office 1-9-290/B/A, Adikmet, Lalitanagar, Ramnagar Gundu, New Nallakunta, Hyderabad, Telangana under the Registration of Political parties and Allotment of Symbols Order, 2018. The main office bearers of the Party are **1). Sri. Duggirala Nageswara Rao (President). 2). Sri. Koninti Pawan Kalyan (General Secretary). 3) Sri. Addanki Chennakesavulu (Treasurer)** Objections, If any, for such registration from the general public, shall be sent to the Secretary, State Election Commission, Telangana, 1st Floor, DTCP Building, Opp: PTI Building, A.C.Guards, Hyderabad - 500 004 within 15 days from the date of publication of this notice. If no objections are received within the time stipulated, the Commission will process to register **Praja Palana Party** as a Political Party to contest elections to Local Bodies (Sthanika Samsthalu) held on party basis in Telangana State.

Sd/-. President,
Praja Palana Party.

# हर बुधवार को करें ये 7 उपाय और टोटके बुध ग्रह होगा मजबूत



बुधवार का दिन ग्रहों के राजकुमार बुध का होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बुध ग्रह वाणी, बुद्धि और व्यापार के ग्रह माने जाते हैं। जिसकी कुंडली में बुध दोष होता है बुध का अशुभ प्रभाव होता है, उनको वाणी दोष होता है, उनका बिजनेस अच्छा नहीं चलता है। उस व्यक्ति की तर्क शक्ति कमजोर हो सकती है। ऐसे में आप बुधवार के दिन कुछ टोटकों और ज्योतिष उपायों को करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बुध को मजबूत करके लाभ पा सकते हैं। आइए जानते हैं बुधवार के टोटके और ज्योतिष उपायों के बारे में।

**बुधवार के टोटके और ज्योतिष उपाय**

बुधवार को बुध के मंत्र "ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः का जाप करें। बुध के मंत्र जाप से शुभ प्रभाव देखने को मिल सकता है। इससे आपकी वाणी और बिजनेस पर सकारात्मक असर हो सकता है। आपको इस दिन 108 बार मंत्र जाप करना चाहिए। इससे शिक्षा और संचार कौशल में सुधार होता है।

बुधवार के दिन किसी गाय को हरा चारा खिलाएं। इसमें भी विशेषकर हरी मूंग या हरा धनिया खिलाएं। इससे बुध ग्रह शांत होगा और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। बुधवार के दिन हरा चारा का दान करने से कुंडली का बुध दोष मिटता है।

जिनकी कुंडली में बुध कमजोर हो, वे बुधवार के दिन हरे रंग के कपड़े पहनें। या फिर वे हरे रंग की रूमाल रख सकते हैं। हरा रंग बुध का शुभ रंग होता है। इस दिन हरे रंग की वस्तुओं का उपयोग करना शुभ होता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और बुध का दुष्प्रभाव भी दूर होता है।

बुधवार के दिन आप छोटे बच्चों को हरे फल, हरे कपड़े, हरे रंग वाली टॉफी आदि का दान करें। इस उपाय को करने से बुध का अशुभ फल मिटेगा और आपकी वाणी का प्रभाव बढ़ेगा। इस दिन आप गरीब बच्चियों को कॉपी, किताब और पेंसिल दान करें। इनका रंग हरा हो तो बहुत अच्छा है।

बुधवार के दिन सुबह में तुलसी के पौधे को जल दें। उस दौरान ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। इस उपाय को करने से बुध ग्रह के दोष मिट जाते हैं।

बुध ग्रह को सही करने के लिए गणेश जी की पूजा करें। गणेश जी की कृपा से बुध ग्रह का दोष मिटता है। बुधवार को गणेश जी को दूर्वा यानि घास अर्पित करें। पूजा के समय ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें।

बुध को मजबूत करने के लिए बुधवार को हरी मूंग की दाल, कांस्य के बर्तन, हरे रंग के वस्त्र आदि का दान करें। यह दान किसी ब्राह्मण या गरीब को करें। पूजा स्थान पर बुध यंत्र की स्थापना करके पूजा करें।

**बुध का शुभ रत्न**

बुधवार के दिन पन्ना रत्न या बुध यंत्र धारण करना चाहिए। इसको पहनने से बुध मजबूत होगा और उसकी नकारात्मकता दूर होगी।

# कभी-कभी प्रेम के लिए भय का निर्माण करना पड़ता है



खून और पानी साथ नहीं बह सकता। लेकिन जिनकी वृत्ति राक्षसी होती है, वो दोनों को साथ ही बहाते हैं। रावण उनमें से था। रामकथा सुनने के बाद पार्वती जी ने शिव जी से कहा- भव सागर चह पार जो पावा, राम कथा ता कहँ दृढ़ नावा। जो संसार रूपी सागर का पार पाना चाहता है, उसके लिए तो श्रीराम जी की कथा दृढ़ नौका के समान है।

भवसागर शब्द लिखा है, क्योंकि संसार एक सागर की तरह है। रावण का मित्र था समुद्र और समुद्र ने श्रीराम जी को लंका जाने का मार्ग नहीं दिया था। तब राम जी ने मन ही मन कहा होगा कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते। सागर का मान इसीलिए किया जा रहा था कि वह जल है। लेकिन रावण का मित्र होने के कारण वह रक्त में बदल रहा था। राम जी को क्रोध कम आता है पर उन्होंने धनुष-बाण उठा लिया। तुलसी ने लिखा है- बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ ना प्रीति। ऐसे लोगों को भय दिखाकर ही मार्ग पर लाना पड़ेगा। फिर वो उस समय का रावण हो, या आज का।

# महाभारत : कृष्ण ने दो बार खोली थी अपनी तीसरी आंख, दोनों बार आने वाली थी कौन सी कयामत



महाभारत के युद्ध में कृष्ण एक खास भूमिका थे। वह अर्जुन की रथ के सारथी थे लेकिन असल पूरे युद्ध के सूत्रधार, रणनीतिकार और इसे अपने तरीके से चलाने वाले वही थे। दो बार ऐसे मौके आए जब उन्होंने अपनी तीसरी आंख खोल ली। और तब पांडवों के ऊपर आती हुई कयामत बच गई।

क्या थे वो दोनों मामले। कृष्ण के तीसरी आंख खोलने का एक प्रसंग कर्ण पर्व में आता है, जब वे अर्जुन को अपना विराट रूप दिखाते हैं। हालांकि यह घटना सीधे तौर पर महाभारत के मूल संस्करण में नहीं मिलती, लेकिन कुछ लोकप्रिय कथाओं और भागवत परंपराओं में इसका जिक्र है।

**तब कृष्ण ने तीसरी आंख खोली**

जब कर्ण और अर्जुन का युद्ध चल रहा था, तब कर्ण के पास इंद्र द्वारा दिया गया शक्तिशाली अस्त्र था, जिसे वह अर्जुन पर चलाने वाला था। कृष्ण जानते थे कि यह अस्त्र अर्जुन के लिए घातक हो सकता है। कहा जाता है कि तब कृष्ण ने अपनी तीसरी आंख खोली, जिसे दिव्य नेत्र कहा जाता है। जैसे ही वो आंख खुली, तो एक तेज प्रकाश निकला। इससे कर्ण का ध्यान भटक गया।

**उसी क्षण का फायदा अर्जुन ने उठाया**

इसी क्षण का फायदा उठाकर अर्जुन ने कर्ण पर प्रहार किया। उसका वध कर दिया। लेकिन अगर उस दिन वो अस्त्र चल गया होता तो शायद अर्जुन नहीं बच पाते। कृष्ण की तीसरी आंख ब्रह्मांडीय शक्ति और दिव्य ज्ञान का प्रतीक है। इस घटना में कृष्ण ने अपने विष्णु स्वरूप का आभास दिया, जिससे कर्ण समेत सभी योद्धा विस्मित हो गए।

हालांकि ये बात अर्जुन पहले भी समझते थे लेकिन अब पुख्ता तौर पर उनकी समझ में आ गया कि कृष्ण सिर्फ एक सारथी नहीं, बल्कि खुद भगवान हैं।

जब अश्वतथामा के खिलाफ तीसरा नेत्र खुला महाभारत में अश्वत्थामा और कृष्ण के बीच एक ऐसा ही एक प्रसंग आता है, जहां कुछ कथाओं में कृष्ण अपना तीसरा नेत्र खोलते हैं। यह घटना सौप्तिक पर्व (रात्रि हत्याकांड) के बाद घटी, जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र छोड़कर पांडवों के वंश को नष्ट करने का प्रयास किया था। पहले तो अश्वतथामा ने पांडवों के कैंप में घुसकर शिखंडी और पांचों पांडवों पुत्रों की हत्या कर दी। फिर वह वहां से निकल भागा।

**इससे बच गया पांडवों का वंश**

जब कृष्ण और पांडवों ने उसे खोज निकाला तो उसने पांडवों के समूचे वंश का नाश करने के लिए उत्तरा के गर्भ में पल रहे परीक्षित को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। ये अगर सही लक्ष्य पर लगता तो पांडवों का वंश खत्म हो जाता। बाद में इस गर्भ की रक्षा के बाद उत्तरा के गर्भ से परीक्षित ने जन्म लिया, जो फिर हस्तिनापुर का राजा बना।

**बड़ा सोचें लेकिन यथार्थपरक रहें, अपनी शक्ति के अनुसार लक्ष्य बनाएं**

**आज जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र में जानिए बड़े लक्ष्य कैसे पूरे हो सकते हैं?**

**सपने देखना अच्छी बात है, लेकिन हमें वास्तविकता पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। भविष्य के लिए अच्छे-अच्छे विचार पैदा करना, बड़े-बड़े आंकलन करना, बड़ा सोचना अच्छी बात है, लेकिन हमें यथार्थपरक रहना चाहिए। हमारे जीवन में जो कुछ सत्य है, उससे मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। अपनी ताकत और योग्यता को देखते हुए ही हमें अपने बड़े लक्ष्य तय करना चाहिए।**

# आज अस्त होगा अगस्त्य तारा



बुधवार, 21 मई को आकाश का एक विशेष तारा अगस्त्य तारा ओझल हो जाएगा। दक्षिण दिशा में दिखाई देने वाला ये चमकीला तारा, जिसे Canopus भी कहा जाता है, विज्ञान के साथ ही धार्मिक दृष्टि से ये अत्यंत महत्वपूर्ण तारा है।

खगोल विज्ञान के मुताबिक, अगस्त्य तारा पृथ्वी से लगभग 180 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। एक प्रकाश वर्ष लगभग 95 अरब किलोमीटर के बराबर होता है। सूर्य से सौ गुना बड़ा यह तारा भारत के दक्षिणी क्षितिज पर जनवरी से अप्रैल के बीच आसानी से देखा जा सकता है। इन महीनों में इस तारे के आस-पास कोई अन्य इतना चमकीला तारा नहीं होता है, जिससे इसे पहचानना आसान हो जाता है। वहीं, दक्षिणी गोलार्ध के अंटार्कटिका में यह तारा सिर के ठीक ऊपर दिखाई देता है।

**तारे का अस्त होना और मानसून का आगमन**

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, 21 मई को अगस्त्य तारा अस्त हो जाएगा, यह खगोलीय घटना केवल खगोलशास्त्र के लिए ही नहीं, बल्कि मौसम विज्ञान के लिए भी अहम मानी जाती है। मान्यता है कि जब तक यह तारा आकाश में दिखाई देता है, तब तक सूर्य और अगस्त्य तारे की किरणें पृथ्वी के दक्षिणी भाग में वाष्पीकरण को सक्रिय रखती हैं।

अगस्त्य तारे के अस्त होते ही वाष्पीकरण की प्रक्रिया धीमी हो जाती है और यही वह समय होता है, जब वर्षा ऋतु की शुरुआत होती है। आमतौर पर हर साल मई के अंतिम सप्ताह से मानसून केरल में प्रवेश करता है और जून के अंत तक उत्तर भारत पहुंचता है।

सूर्य और अगस्त्य तारे की किरणों से समुद्रों में वाष्पीकरण होता है, जिससे मेघ तैयार होते हैं। यही प्रक्रिया आगे चलकर मानसून की वर्षा में बदलती है।

**पौराणिक कथा: जब अगस्त्य मुनि ने पी लिया था समुद्र**

अगस्त्य तारे का संबंध केवल विज्ञान से नहीं, बल्कि भारतीय पौराणिक कथाओं से भी जुड़ा हुआ है। एक कथा के अनुसार, प्राचीन काल में वृत्तासुर नामक राक्षस को देवराज इंद्र ने मार दिया था। लेकिन उसकी सेना समुद्र के भीतर छिप गई और रात होते ही देवताओं पर हमला करती थी। परेशान देवताओं ने भगवान विष्णु से सहायता मांगी, जिन्होंने उन्हें अगस्त्य मुनि के पास भेजा।

अगस्त्य मुनि ने देवताओं की सहायता के लिए समस्त समुद्र का जल पी लिया, जिससे असुरों की सेना सामने आ गई और देवताओं ने असुरों का अंत कर दिया। इसी कथा के आधार पर समुद्र से होने वाले वाष्पीकरण को 'अगस्त्य का समुद्र पीना' कहा जाता है।

अगस्त तारे के उदय के साथ शुरू होगा वाष्पीकरण 7 सितंबर को अगस्त्य तारा पुनः आकाश में उदय होगा। इसके साथ ही फिर से समुद्रों में वाष्पीकरण की प्रक्रिया सक्रिय होगी, जो आगे चलकर शीतकालीन मौसम चक्र का हिस्सा बनती है।

# ऐसे पैरों वाली महिलाएं होती हैं सौभाग्यशाली

**मुलायम और गुलाबी रंग के पैर**

यदि किसी स्त्री के पैर प्राकृतिक रूप से कोमल, चिकने और हल्के गुलाबी रंग के हों, तो यह माना जाता है कि वह महिला अत्यंत शुभ होती है। ऐसे पैरों वाली स्त्री जहां भी जाती है, वहां सुख-शांति और समृद्धि का संचार होता है। ससुराल में उसके कदम पड़ते ही आर्थिक स्थिति बेहतर होती है और घर का माहौल सकारात्मक रहता है।

**गोल एड़ी और उभरे हुए तलवे**

स्त्री के पैर की बनावट में यदि एड़ी गोलाकार हो और तलवा थोड़ा उभरा हुआ हो, तो यह संकेत करता है कि वह महिला अपने जीवनसाथी के लिए भाग्यवर्धक सिद्ध होगी। ऐसी महिलाएं पति के लिए प्रेरणा और सौभाग्य का स्रोत बनती हैं। जीवन में जितनी भी कठिनाइयां आती हैं, वह अपने धैर्य और विवेक से उन्हें दूर कर देती हैं।

**पैर की चाल और ऊर्जा**

फुट पामिस्ट्री के अनुसार केवल पैर की बनावट ही नहीं, बल्कि महिला की चाल भी बहुत कुछ दर्शाती है। जो महिलाएं धीरे-धीरे, संतुलन के साथ चलती हैं, उनके भीतर मानसिक स्थिरता और गहरी सोच होती है। उनका जीवन साथी के प्रति समर्पण मजबूत होता है और वे हर परिस्थिति में परिवार के साथ खड़ी रहती हैं।

**पांव के तलवों में शंख, चक्र, कमल जैसे चिह्न**

फुट पामिस्ट्री के अनुसार यदि किसी स्त्री के पैरों में शंख, चक्र, कमल, ध्वज या त्रिशूल जैसे पौराणिक चिह्न दिखाई दें तो यह अत्यंत शुभ माना जाता है। ये प्रतीक लक्ष्मी, विष्णु और शक्ति तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसी महिलाएं आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली और पारिवारिक समृद्धि की वाहक होती हैं।

**ससुराल में लक्ष्मी का आगमन**

ऐसी महिलाएं जब अपने ससुराल आती हैं, तो मानो साक्षात लक्ष्मी का आगमन होता है। उनके कदमों के साथ घर में शांति, सुख, वैभव और प्रेम का विस्तार होता है। वे अपने अच्छे विचारों, कर्मों और व्यवहार से न केवल खुद को बल्कि पूरे परिवार को नई दिशा देती हैं।

# किस दिशा में लगाएं आईना



भारतीय संस्कृति और वास्तुशास्त्र में हर वस्तु का स्थान और दिशा का विशेष महत्व होता है। घर को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने के लिए कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक माना गया है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण वस्तु है शीशा यानी आईना। आईना केवल चेहरा संवारने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह घर की ऊर्जा को प्रभावित करने वाला एक शक्तिशाली माध्यम भी है। वास्तुशास्त्र के अनुसार अगर शीशे को गलत दिशा या स्थान पर लगाया जाए तो यह दुर्भाग्य, तनाव और आर्थिक हानि का कारण बन सकता है। आइए जानते हैं कि आपके घर में किन स्थानों पर शीशा लगाना हानिकारक हो सकता है। आईना भले ही देखने में एक सामान्य वस्तु लगे, लेकिन इसका असर हमारे जीवन पर गहरा पड़ता है। वास्तुशास्त्र के नियमों का पालन करते हुए अगर शीशे को सही स्थान पर लगाया जाए तो यह न केवल घर की सुंदरता बढ़ाता है बल्कि सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। लेकिन गलत जगहों पर लगाया गया शीशा दुर्भाग्य की परछाई बनकर जीवन में तनाव, नुकसान और दरिद्रता को बुलावा दे सकता है। इसलिए सजावट के चक्कर में कभी भी इन छोटी लेकिन महत्वपूर्ण बातों को नजरअंदाज न करें।

बेडरूम में बेड के सामने शीशाः अगर बेड के ठीक सामने शीशा लगा हो और उसमें सोते समय आपकी परछाई नजर आए, तो यह वैवाहिक जीवन में तनाव और नींद में खलल का कारण बन सकता है। वास्तु के अनुसार यह दंपत्ति के बीच अनबन बढ़ा सकता है और मानसिक बेचैनी को जन्म दे सकता है।

मुख्य दरवाजे के सामने शीशाः घर के प्रवेश द्वार के सामने शीशा होना बहुत ही अशुभ माना जाता है। ऐसा करने से घर में आने वाली सकारात्मक ऊर्जा लौट जाती है और घर में दरिद्रता या मानसिक अशांति का माहौल बना रहता है।

रसोईघर में शीशे का उपयोगः कुछ लोग किचन को मॉडर्न लुक देने के लिए शीशे का प्रयोग करते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार अग्नि तत्व और शीशा (जल तत्व) एक-दूसरे के विपरीत होते हैं। इससे घर के सदस्यों में आपसी मतभेद, क्रोध और असहयोग की भावना बढ़ सकती है।

टूटे-फूटे या धुंधले शीशे का उपयोगः घर में अगर टूटा हुआ या धुंधला शीशा लगा है तो यह नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। यह मानसिक तनाव, आत्मविश्वास में कमी और आर्थिक रुकावटें पैदा कर सकता है। इसलिए ऐसे शीशों को तुरंत हटा देना चाहिए।

सीढ़ियों के सामने शीशा लगानाः सीढ़ियों के सामने अगर शीशा लगाया जाए तो यह घर की स्थिरता को प्रभावित करता है। ऐसा करने से बार-बार स्थान परिवर्तन की संभावनाएं बढ़ जाती हैं और जीवन में अस्थिरता बनी रहती है। पूजा घर में शीशे का होनाः पूजा घर पवित्र ऊर्जा का केंद्र होता है। वहां पर शीशा लगाने से ध्यान भटकता है और पूजा में एकाग्रता में कमी आती है। साथ ही, यह देवी-देवताओं की कृपा में भी बाधा उत्पन्न कर सकता है।

# आचार्य चाणक्य

**दुश्मन को कमज़ोर करने के लिए उसकी कमजोरी जानो**

आचार्य चाणक्य कहते हैं शत्रु की दुर्बलता को जानकर ही उसके खिलाफ रणनीति बनानी चाहिए। यदि आप अपने विरोधी की कमजोरी जैसे उसका गुस्सा, लालच, या किसी विषय में अज्ञानता जान लेते हैं, तो आप बिना लड़े ही उसे मानसिक रूप से हरा सकते हैं।

**धैर्य से करें शत्रु पर वार**

चाणक्य कहते हैं कि अगर आप जल्दबाज़ी में फैसला करेंगे, तो नुकसान आपका ही होगा। अर्थात समय ही सबसे बड़ा दंड देता है। अगर आप धैर्य से काम लें और सही समय पर सही रणनीति अपनाएं, तो बिना लड़े भी आप शत्रु को पछाड़ सकते हैं।

**कुशलता से करें बातें**

परिस्थिति के अनुसार बोलना और चुप रहना, ये दोनों ही महत्वपूर्ण हथियार हैं। यदि आप अपने शब्दों से शत्रु को भ्रमित कर सकें, उसे अपने पक्ष में लाकर उसकी योजना को निष्फल कर सकें, तो युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं होती।

**शत्रु के मित्र बनें लेकिन सतर्क रहें**

आप अपने विरोधी से सीधे न भिड़ सकें, तो आप उसकी मित्रता का मुखौटा पहन सकते हैं और उसकी योजनाएं पहले ही जानकर उन्हें निष्फल कर सकते हैं।

# मगरमच्छ ने पकड़ लिया था गजेंद्र का पैर, किसी ने नहीं की गजेंद्र की मदद, तब प्रकट हुए भगवान विष्णु



जीवन में जब अचानक संकट आता है, तब हमारा साथ कौन देता है? हम कैसे प्रतिक्रिया करते हैं? और मुश्किल समय में हमें किस पर भरोसा करना चाहिए? श्रीमद्भागवत की गजेंद्र मोक्ष कथा से इन तीनों बातों को समझ सकते हैं। पढ़िए भगवान विष्णु और गजेंद्र की कथा...

पुराने समय में हाथियों का एक राजा था – गजेंद्र। वह अपने परिवार, मित्रों और सेवकों के साथ एक शांत सरोवर में स्नान करने गया। जल में उतरते ही गजेंद्र आनंद में डूब गया और लापरवाह हो गया। लापरवाही में वह सरोवर में कुछ आगे निकल गया।

उसी सरोवर में एक शक्तिशाली मगरमच्छ भी रहता था। उसने गजेंद्र का पैर पकड़ लिया और उसे खींचने लगा। गजेंद्र ने पूरी ताकत से संघर्ष किया और अपने साथियों से गुहार लगाई–

कोई मुझे खींच रहा है, मुझे बाहर निकालो वरना मैं डूब जाऊँगा!

शुरू में सभी मित्रों ने उसकी मदद की, लेकिन जब देखा कि मगरमच्छ बहुत बलवान है तो एक-एक करके सभी साथी उसका साथ छोड़ गए।

गजेंद्र ने पीछे मुड़कर देखा – सब किनारे पर खड़े थे, कोई पास नहीं था। तब उसने समझा— जो मेरे साथ आए थे, वे साथ नहीं देंगे। जन्म के समय जो साथ आए हैं — आत्मा और परमात्मा वही अंत तक साथ रहेंगे।

उसने भगवान विष्णु को पुकारा। भगवान अपने भक्त की आवाज सुनकर तुरंत रक्षा के लिए पहुंच गए। विष्णु जी ने अपने सुदर्शन चक्र से उस मगरमच्छ का वध किया और गजेंद्र को जीवनदान दिया।

**बाहर आकर गजेंद्र ने कहा:**

सही समय पर मुझे ये ज्ञान हो गया कि सिर्फ परमात्मा ही सच्चे सहायक हैं।

**कथा की 5 सीख**

सुख के समय में लापरवाही न करें - गजेंद्र जब जल में गया, तो वह इतना मग्न हो गया कि सजगता खो बैठा। यही स्थिति हमारे साथ भी होती है जब हम खुशियों में आत्म-नियंत्रण खो देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। जीवन में चाहे कितना भी आनंद क्यों न हो, अपनी मर्यादा और संतुलन जरूरी है।

हर कोई हर वक्त साथ नहीं दे सकता - जब गजेंद्र संकट में था, तो उसके अपने भी उसे छोड़ गए। यह कठोर सत्य है कि मित्र, परिवार और संबंध सीमित परिस्थितियों में ही साथ देते हैं। हमें ये समझना होगा कि दूसरों के भरोसे कोई काम नहीं करना चाहिए, आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।


आंतरिक शक्ति सबसे बड़ा बल है - गजेंद्र को जब किसी ने नहीं बचाया, तब उसने अपने भीतर देखा — आत्मा और परमात्मा की याद आई। जब बाहर कोई राह न दिखे तो भीतर का प्रकाश ही रास्ता दिखाता है। भगवान पर भरोसा रखेंगे तो मुश्किलें दूर हो जाएंगी।

विश्वास और समर्पण चमत्कार करते हैं - सच्चे मन से जब गजेंद्र ने भगवान को पुकारा, तब भगवान स्वयं उपस्थित हुए। श्रद्धा और विश्वास केवल धार्मिक शब्द नहीं, वे जीवन की दिशा बदल सकते हैं।

नेतृत्व का अर्थ है अंत तक डटे रहना - गजेंद्र ने हार नहीं मानी, वह तब तक प्रयास करता रहा जब तक समाधान न मिला। सफल वही होता है जो संकट में भी साहस और विवेक से काम लेता है।

# अक्षय कुमार ठोकेंगे परेश रावल पर 25 करोड़ का हर्जाना ! प्रोडक्शन हाउस बोला- बर्दाश्त नहीं करेंगे





कॉमेडी सीक्वल 'हेरा फेरी 3' एक बार फिर से विवादों में घिर गई है। फ्रेंचाइजी में बाबूराव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता परेश रावल ने पिछले हफ्ते घोषणा की कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं है। उनके इस एलान ने सभी को चौंका दिया। साथ ही उनके प्रशंसकों को काफी निराशा हुई।

अब इस मामले ने एक कानूनी मोड़ ले लिया है। अक्षय कुमार की प्रोडक्शन कंपनी ने परेश रावल को नोटिस भेजकर हर्जाने की मांग की है।

**परेश रावल से 25 करोड़ रुपये की मांग**

रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय कुमार की प्रोडक्शन कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स ने परेश रावल को कानूनी नोटिस भेजकर 25 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है। प्रोडक्शन हाउस का दावा है कि कॉन्ट्रैक्ट साइन करने और शूटिंग शुरू करने के बाद रावल ने काम छोड़कर गैर-पेशेवर तरीके से काम किया है।

**तीन गुना ज्यादा फीस ले रहे थे परेश रावल**

रिपोर्ट में प्रोडक्शन हवाले से यह भी बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के लिए परेश रावल को उनकी सामान्य फीस से तीन गुना ज्यादा भुगतान किया जा रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'परेश ने पेशेवर नैतिकता और व्यावसायिक आचरण के प्रति घोर उपेक्षा दिखाई। अगर उनका फिल्म को पूरा करने का कोई इरादा नहीं था, तो उन्हें कॉन्ट्रैक्ट साइन करने, एडवांस स्वीकार करने और निर्माता को शूटिंग में भारी निवेश करने से पहले ऐसा कहना चाहिए था।'

**प्रोजेक्ट से बाहर होना निर्माता नहीं करेंगे बर्दाश्त**

रिपोर्ट की माने तो मेकर्स ने आगे कहा, 'अब समय आ गया है कि बॉलीवुड अभिनेता यह समझें कि हॉलीवुड की तरह ही यहां भी निर्माता कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन करने वाले और अपनी मर्जी से प्रोजेक्ट से बाहर निकलने वाले अभिनेताओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे।'

**परेश रावल ने कहा- कोई रचनात्मक भेद नहीं**

फ्रेंचाइजी से खुद को बाहर करने के बाद परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' छोड़ने को लेकर सफाई दी। अभिनेता ने यह साफ किया कि किसी रचनात्मक मतभेदी की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं छोड़ी है। अभिनेता ने एक्स पर लिखा,

'मैं यह रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं कि 'हेरा फेरी 3' से दूर रहने का मेरा फैसला रचनात्मक मतभेदों के कारण नहीं था। मैं दोहराता हूं कि फिल्म निर्माता के साथ कोई रचनात्मक असहमति नहीं है। मैं फिल्म निर्देशक प्रियदर्शन के प्रति अपार प्रेम, सम्मान और विश्वास रखता हूं।' 'हेरा फेरी' सीरीज बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक है। इसका एक बहुत बड़ा फैन बेस है। फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्में बड़ी हिट रही थीं।

# कौन हैं साई धनशिका, जो बनेंगी तमिल एक्टर विशाल की दुल्हनियां, उम्र में 12 साल छोटी हैं





तमिल एक्टर विशाल कृष्ण 47 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। वो खुद से 12 साल छोटी एक्ट्रेस साई धनशिका (35 साल) को अपना हमसफर बनाने जा रहे हैं। अपनी 15 साल की दोस्ती को नया नाम देने जा रहे हैं। आइये जानते हैं कि इनका रिश्ता कब और कैसे शुरू हुआ।

**विशाल ने रिश्ते और शादी का किया ऐलान**

विशाल कृष्ण रेड्डी ने मई 2025 को 'योगी दा' फिल्म की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक्ट्रेस साई धनशिका संग अपने रिश्ते का खुलेआम ऐलान किया। ये भी अनाउंस किया कि दोनों 29 अगस्त 2025 को शादी करेंगे।

**15 साल से दोस्त हैं विशाल और धनशिका**

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि साई धनशिका और विशाल कृष्ण 15 साल से एक-दूसरे के दोस्त रहे हैं। धनशिका ने विशाल के सपोर्ट और सम्मान देने के बारे में बात की। बताया कि कैसे वे मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहे। उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और अब अगला कदम उठाने का फैसला किया।

**विशाल ने किया था शादी का खुलासा**

विशाल को 'माधा गज राजा, 'अम्बाला' और 'सांडाकोझी' में उनके दमदार किरदार के लिए जाना जाता है। पिछले बयानों में उन्होंने जोर देकर कहा था कि वो 'नादिगर संगम भवन' के पूरा होने के बाद ही शादी के बारे में सोचेंगे, जो तमिल फिल्म एक्टर्स एसोसिएशन के लिए एक लंबे समय से चला आ रहा प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा था, 'हां, मुझे वो शख्स मिल गया है। हमने शादी के बारे में बातचीत की है और ये लव मैरिज होगी। मैं बहुत जल्द दुल्हन और शादी की तारीख का ऐलान करूंगा।'

**कुछ महीने से करीब आए विशाल और धनशिका**

विशाल और साई धनशिका कई महीनों से एक-दूसरे के करीब हैं। अंदरूनी सूत्रों का कनहा है कि हाल ही में उनका रिश्ता मजबूत हुआ है, जिसके कारण वो शादी के बारे में सोच रहे हैं। जल्द सगाई हो सकती है और शादी अगस्त के आखिरी या सितंबर 2025 की शुरुआत में हो सकती है।

**कौन हैं साई धनशिका?**

साई धनशिका फेमस एक्ट्रेस हैं। वो तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए फेमस हैं। उन्होंने 2009 की 'पेरनमई' और 2010 की 'मांजा वेलू' और 'निल गवानी सेलाथे' से पहचान बनाई थी। उन्होंने 'अरावन' और 'परदेसी' में भी शानदार काम किया है। वो 'कबाली' में सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी के रूप में फेमस हुईं। उन्होंने तेलुगू फिल्में भी की हैं। अब साई धनशिका को 'योगी दा' में देखा जाएगा।

**विशाल का नाम इस एक्ट्रेस से जुड़ा था**

विशाल की बात करें तो उनका नाम 2018 में एक्ट्रेस वरलक्ष्मी सरथकुमार के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, एक्ट्रेस ने कहा था, 'हम बहुत करीबी दोस्त हैं। हम अपनी बातें शेयर करते हैं, लेकिन हमारे रिश्ते की खबरें झूठी हैं। दरअसल, विशाल शादी के लिए तैयार हैं और मैं उनके लिए अच्छी दुल्हन खोजने के लिए तैयार हूं। अगर वो शादी करते हैं तो मुझे खुशी होगी। मुझे हैरानी है कि हर कोई हमारे बारे में झूठी अफवाह फैला रहा है।'

**विशाल और वरलक्ष्मी हैं बचपन के दोस्त**

विशाल ने भी एक्ट्रेस के साथ डेटिंग की अफवाहों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वो और वरलक्ष्मी बचपन के दोस्त हैं। बाद में भी विशाल का नाम कई एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा था, लेकिन किसी भी रिश्ते की पुष्टि नहीं हुई।


**बेहोश हो गए थे विशाल**

शादी के अलावा विशाल हाल ही में तब सुर्खियों में आए थे, जब 11 मई 2025 को तमिलनाडु में एक ब्युटी कॉम्पिटीशन के दौरान वो बेहोश हो गए थे। एक्टर की टीम तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर गई थी। 12 मई को उनकी टीम ने बयान जारी किया कि नाश्ता नहीं करने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। हालांकि, अब वो पूरी तरह से ठीक हैं।

# ऋतिक रोशन शेर तो जूनियर एनटीआर सवा शेर कियारा की एक झलक पर करोड़ों फिदा

फैंस को आखिरकार उनके फेवरेट ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' का टीजर मिल गया है। काफी चर्चे के बाद, मेकर्स ने अपना वादा पूरा किया और जूनियर एनटीआर के बर्थडे पर फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। टीज़र के साथ मेकर्स ने एक्शन फ़िल्म की रिलीज़ की तारीख का भी खुलासा किया। जैसे ही टीज़र रिलीज़ हुआ, फैंस 1 मिनट और 30 सेकेंड की क्लिप पर रिएक्ट करने लगे।







टीज़र को फैंस से जबरदस्त प्यार देखने को मिल रहा है।

फैंस का रिएक्शन भी आ गया है और इनमें से एक ने कहा- मेरा भारतीय मिशन लोड हो रहा है। दूसरे ने लिखा- ग्रीक गॉड एक भेड़िये के साथ वापस आ गए हैं। इस आमना-सामना ने एक्साइटमेंट को जगा दिया है, आखिरकार वह वापस आ गए हैं। देखिए फैंस के कुछ रिएक्शन।

**ऋतिक और जूनियर एनटीआर पर क्या बोले फैंस!**

ऋतिक रोशन vs जूनियर एनटीआर की भिड़ंत की तैयारी हो गई है। अयान मुखर्जी की फिल्म में दमदार एक्शन से लेकर पावरपैक परफॉर्मेंस तक, सबकुछ भरा पड़ा है। फैंस कियारा आडवाणी की भी खूब तारीफ कर रहे हैं और उनकी एक झलक पाकर ही बेताब हो गए हैं।

**ऋतिक रोशन ने शेयर किया टीजर**

एक्स पर टीज़र शेयर करते हुए ऋतिक रोशन ने लिखा, 'और इसलिए यह शुरू होता है, @tarak9999। तैयार रहो, दया के लिए कोई जगह नहीं है। नर्क में आपका स्वागत है। प्यार, कबीर।'

**'वॉर 2' रिलीज डेट**

'वॉर 2' भारतीय सिनेमा की बड़ी फिल्मों में से एक है। जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन के अलावा, फिल्म में कियारा आडवाणी भी लीड रोल में हैं।

फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। यह फिल्म 2019 की एक्शन थ्रिलर वॉर का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर थे। सिद्धार्थ आनंद की फिल्म ने दुनिया भर में 400 करोड़ से अधिक की कमाई की थी। 'वॉर 2' 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# इस तरह शादी और शूटिंग को बैलेंस करती हैं अनुष्का



शादी और करियर के बीच संतुलन बनाना आसान काम नहीं है। खासकर तब जब आप बहुत बड़े शख्स से शादी कर लें। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने एक बार बताया था कि अपनी शादी के शुरूआती दिनों में उनके और विराट कोहली के शेड्यूल कितने व्यस्त थे। उन्होंने बताया कि उन्हें थोड़ा वक्त निकालने में भी बहुत मुश्किल होती थी।

**खाने के लिए निकालते थे वक्त**

हाल ही में अनुष्का शर्मा ने वोग इंडिया से बातचीत में बताया 'शादी के बाद हमने पहले छह महीने के दौरान सिर्फ 21 दिन साथ में बिताए। मैंने इसका हिसाब लगाया।' विराट कोहली मैचों के लिए बाहर रहते थे और अनुष्का लगातार फिल्म की शूटिंग में व्यस्त रहती थीं। ऐसे में एक साथ खाना खाने के लिए समय निकालना एक छोटी सी जीत की तरह लगता था। अनुष्का ने कहा 'जब मैं विदेश में उनसे मिलने जाती हूं, तो यह छुट्टी नहीं होती- बल्कि साथ में एक बार खाना खाना होता है। वह वक्त बहुत कीमती होता है।'

**हमारा मिलना ग्लैमरस नहीं होता**

अनुष्का ने इस बात से इंकार किया कि उनका एक-दूसरे से मिलना ग्लैमरस होता है। उन्होंने कहा 'जब मैं विराट से मिलने जाती हूं या जब वह मुझसे मिलने आते हैं, तो लोग मान लेते हैं कि यह छुट्टी है, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हम में से कोई एक शख्स हमेशा काम कर रहा होता है।'

**थक गई थीं अनुष्का शर्मा**

सिमी ग्रेवाल के साथ एक दूसरे दिल को छू लेने वाले इंटरव्यू में अनुष्का ने बताया कि लगातार काम करने से उन पर क्या असर पड़ा। अपनी शादी के कुछ समय बाद 'सुई धागा' और 'जीरो' की शूटिंग पूरी करने के बाद उन्होंने अपने आपको भावनात्मक और शारीरिक रूप से थका हुआ पाया। अनुष्का ने ब्रेक लेने के बारे में कहा 'मैंने अपनी टीम से कहा कि मैं अभी कुछ भी पढ़ना नहीं चाहती।'

**लंदन में रहते हैं अनुष्का विराट**

आपको बता दें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने कई सालों की डेटिंग के बाद दिसंबर 2017 में इटली में एक समारोह में शादी की। दोनों ने साल 2021 में बेटी वामिका और 2024 में बेटे अकाय का स्वागत किया। इन दिनों विराट और अनुष्का लंदन में रह रहे हैं। वह वहां अपने बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। वह काम के सिलसिल में भारत भी आते रहते हैं।

# विजय देवरकोंडा-अल्लू ने वार 2 एक्टर जूनियर एनटीआर को दी जन्मदिन की बधाई




आज साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर का जन्मदिन है। यही वजह है कि उनकी फिल्म 'वॉर 2' के पोस्टर के साथ टीजर भी रिलीज किया गया। वहीं आज अल्लू अर्जुन और विजय देवरकोंडा ने उन्हें खास जन्मदिन की बधाई देते हुए एक नोट शेयर किया है।

अल्लू ने अपने एक्स अकाउंट पर जूनियर एनटीआर को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं बावा @tarak9999! आपको सफलता, आनंद और खुशी की शुभकामनाएं।'

**विजय देवरकोंडा का बधाई पोस्ट**

अल्लू के अलावा विजय देवरकोंडा ने भी जूनियर एनटीआर को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जूनियर



एनटीआर की एक तस्वीर शेयर की है और साथ ही लिखा - ताराक अन्ना, आपको हैप्पी बर्थ डे, बहुत सारा प्यार।'

जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर आज खासतौर पर YRF की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'वार 2' का टीजर रिलीज किया गया। फिल्म का नया पोस्टर और एक धमाकेदार टीजर में ऋतिक रोशन के साथ उनकी फाइट और कियारा आडवाणी का बिकिनी में बोल्ड लुक नेटिजेंस को पसंद आ रहा है।

**संदीप रेड्डी वांगा का पोस्ट**

एनिमल फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए एक खास तस्वीर शेयर की है और साथ ही लिखा, 'मैन ऑफ मासेस को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।'

# जूनियर एनटीआर का असली नाम क्या, उन्हें जूनियर क्यों कहते हैं, किसके बेटे हैं, कितने बच्चे हैं



जूनियर एनटीआर आज साउथ सिनेमा के स्टार से कहीं बढ़कर पैन इंडिया सुपरस्टार बन चुके हैं। खासकर 2022 में आरआरआर की बंपर सक्सेस ने उन्हें साउथ के साथ ही उत्तर भारत में भी फैंस का दुलारा बना दिया है। 20 मई 2025 को जूनियर एनटीआर अपना जन्मदिन मनाया। वह 42 साल के हो गए हैं। जन्मदिन पर जूनियर एनटीआर उर्फ तारक के फैंस को 'वॉर 2' का धमाकेदार टीजर भी तोहफे में मिला है। हैदराबाद में 20 मई 1983 को पैदा हुए जूनियर एनटीआर तेलुगू सिनेमा के सबसे सक्सेसफुल और महंगे एक्टर्स में से हैं। 2012 में उन्हें 'फोर्ब्स इंडिया' की 'सेलिब्रिटी 100' की लिस्ट में शामिल किया गया था। बड़े पर्दे पर 'मैन ऑफ मास' कहे जाने वाले इस सुपरस्टार एक्टर ने 30 से अधकि फिल्मों में काम किया है। तीन फिल्मफेयर (साउथ) अवॉर्ड से लेकर दो नंदी अवॉर्ड तक जीत चुके हैं। हमने गौर किया कि इंटरनेट पर जूनियर एनटीआर को लेकर यूजर्स के ढेरों सवाल है। इनमें से अधकि उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर हैं। तो आइए, आज ऐसे ही 10 सबसे अधकि पूछे जाने वाले सवालों के जवाब जानते हैं-

**जूनियर एनटीआर का असली नाम क्या है?**

जूनियर एनटीआर का पूरा नाम नन्दमुरी तारक रामा राव है। उन्हें शॉर्ट में जूनियर एनटीआर कहा जाता है। एक्टर के चाहने वाले उन्हें पुकारू नाम 'तारक' से भी जानते हैं।

**एनटीआर का फुल फॉर्म क्या है?**

एनटीआर का फुल फॉर्म नन्दमुरी तारक रामाराव है इसे तेलुगू में इस तरह लिखा जाता है। एनटीआर एक दिग्गज फिल्म एक्टर, डायरेक्टर, फिल्मेकर और राजनेता थे। उन्होने तेलुगू देशम पार्टी की स्थापना की थी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्हें चाहने वालों ने एनटीआर उपनाम दियाथा।

**एनटीआर को जूनियर क्यों कहा जाता है?**

साउथ सिनेमा के मास एक्शन स्टार जूनियर एनटीआर असल में दिग्गज तेलुगू एक्टर और राजनेता और पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामा राव के पोते हैं। उन्हें पैदाइश के वक्त ही परिवार ने दादा का नाम दिया और इसलिए उन्हें जूनियर एनटीआर या एनटीआर जूनियर कहा जाता है।

हैदराबाद में जन्मे जूनियर



एनटीआर आंध्र प्रदेश के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आते हैं। वे नंदमुरी हरिकृष्णा के बेटे हैं, जो एक पूर्व तेलुगू एक्टर और राजनेता थे। जूनियर एनटीआर की मां का नाम शालिनी भास्कर राव है। वह महान तेलुगू एक्टर और तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एनटी रामा राव के पोते हैं।

जूनियर एनटीआर के दो बच्चे हैं। उनके बेटों के नाम रामकृष्ण जूनियर और भार्गव राम हैं।

एनटीआर क्यों प्रसिद्ध है?

जूनियर एनटीआर के दादा एनटी रामा राव को भारतीय सिनेमा के सबसे प्रभावशाली अभिनेताओं में से एक माना जाता है। उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया। इसमें मुख्य रूप से तेलुगू सिनेमा है। उन्हें तेलुगू फिल्मों में 'विश्व विख्यात नता सर्वभूमा' यानी 'एक्टिंग का विश्व-प्रसिद्ध सितारा' कहा जाता था। वे भारतीय सिनेमा के उन सितारों में से रहे हैं, जिन्होंने पर्दे पर मेथड एक्टिंग की।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, जूनियर एनटीआर की कुल संपत्ति 500 करोड़ रुपये है। 'टाइम्स नॉउ' की रिपोर्ट बताती है कि जूनियर एनटीआर की नेट वर्थ लगभग 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 571 करोड़ रुपये है। वह एक फिल्म के लिए 45-60 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं।

तारक ने अपनी स्कूली शिक्षा हैदराबाद के विद्यारण्य हाई स्कूल से ली है। उन्होंने शहर के ही सेंट मैरी कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। जूनियर एनटीआर एक कुचिपुड़ी नर्तक भी हैं। उन्होंने इसकी विधवित ट्रेनिंग ली है।

जूनियर एनटीआर ने रियल एस्टेट एजेंट और बिजनसमैन नरने श्रीनिवास राव की बेटी लक्ष्मी प्रणति से शादी की। श्रीनिवास राव की पत्नी एन. चंद्रबाबू नायडू की भतीजी हैं, जिन्होंने यह शादी करवाई थी। जूनियर एनटीआर और लक्ष्मी प्रणत की शादी 5 मई 2011 को हैदराबाद के हाईटेक्स एग्जीबिशन सेंटर में हुई। कथति तौर पर इस शादी में 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे और 18 करोड़ रुपये के खर्च से सिर्फ मंडप को सजाया गया था।

**एनटीआर के परिवार में कौन-कौन हैं?**

जूनियर एनटीआर के परिवार में मां शालिनी भास्कर राव, पत्नी लक्ष्मी प्रणति और दो बच्चे रामकृष्ण जूनियर और भार्गव राम हैं। उनके पिता नंदमुरी हरिकृष्णा की 29 अगस्त 2018 को एक कार दुर्घटना में मौत हो गई। जूनियर एनटीआर के पिता ने दो शादियां की थीं। एक्टर नंदमुरी कल्याण राम उनके सौतेले भाई हैं। तारक मशहूर एक्टर और राजनेता नंदमुरी बालकृष्णा के भतीजे हैं।






# काले होंठों को गुलाबी करने के लिए अपनाएं ये आसान नुस्खे, जल्द ही दिखेगा असर



अक्सर लोगों को लगता है कि जो लोग सिगरेट पीते हैं, सिर्फ उन्हीं के होंठ काले हो जाते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। होंठों के कालेपन के कई अन्य कारण भी



हैं, जिनकी वजह से कई बार शर्मिंदगी तक का शिकार होना पड़ता है। तेज धूप, खराब खान-पान, प्रदूषण, खराब लिप बाम या लिपस्टिक का इस्तेमाल भी आपके होंठों के कालेपन को बढ़ा सकता है। ऐसे में आप चाहें तो कुछ घरेलू नुस्खे आजमाकर इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

दरअसल, यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप अपने होंठों का कालापन दूर कर सकते हैं। खास बात ये है कि इन नुस्खों को आजमाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### नींबू और शहद

ये स्क्रब होंठों के कालेपन को हटाने के लिए काफी कारगर माना जाता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले तो नींबू का रस एक कटोरी में निकाल लेना है। इसे निकालने के बाद इसमें सिर्फ इतना शहद डालें, ताकि ये अच्छी तरह से मिक्स हो जाए और स्क्रब की तरह बन जाए।

अब अपने होंठों पर इसकी एक पतली लेयर लगाएं। 15 मिनट के लिए इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर होंठों को साफ कर लें। इसके बाद लिप बाम अवश्य लगाएं। नींबू में पाए जाने वाले ब्लीचिंग तत्व होंठों का कालापन हटाते हैं, जबकि शहद होंठों को मॉइश्चराइज करता है।

### चुकंदर का रस

होंठों का गुलाबीपन वापस पाने के लिए चुकंदर का इस्तेमाल करना सबसे सही माना जाता है। दरअसल, चुकंदर का रस होंठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी करता है। इसके लिए सबसे पहले तो ताजा चुकंदर का रस निकालकर होंठों पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें।

इसका इस्तेमाल आप हर रोज कर सकते हैं। इससे किसी भी तरह से साइड इफेक्ट का खतरा नहीं होता है, तो बेझिझक आप भी चुकंदर के रस से होंठों का कालापन दूर करें।

### चीनी

कई बार होंठों का कालापन डेड स्किन की वजह से बढ़ जाता है। ऐसे में चीनी की मदद से आप इसे हटा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले तो थोड़ी सी चीनी में शहद मिला लें। अब हल्के हाथों से होंठों पर स्क्रब करें। 5-8 मिनट तक स्क्रब करने के बाद होंठों को साफ कर लें और उस पर लिप बाम लगा लें।

यदि आप चीनी के स्क्रब का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो ये अवश्य याद रखें कि ये चीनी एक दम महीन पिसी हुई होनी चाहिए। यदि ये थोड़ी सी भी मोटी हुई तो इसकी वजह से आपके होंठ छिल भी सकते हैं।



# गमले में कैसे लगाएं चमेली का पौधा? इस तरह फूलों की खुशबू से महक उठेगा पूरा घर



घर पर गमले में चमेली का पौधा लगाना काफी आसान है। अगर आप भी अपने घर या फिर बालकनी में चमेली के पौधे को लगाना चाहते हैं, तो यहां बताए गए टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

चमेली के पौधे को मनमोहक खुशबू और सुंदर सफेद फूलों के लिए जाना जाता है। घर में इसको लगाने से यह न सिर्फ घर की शोभा बढ़ाता है, बल्कि यह वातावरण को भी काफी सुगंधित करता है। ऐसे में आप भी अपने घर पर गमले में चमेली के पौधे को आसानी से लगा सकते हैं। इससे आपका घर फूलों की बेहतरीन खुशबू से भर जाएगा।

### सही गमले का करें चयन

चमेली के पौधे को लगाने के लिए सबसे पहले सही गमले का चयन करें। दरअसल, गमले में चमेली के पौधे को लगाने के बाद इसकी जड़ें फैलती हैं। इसके लिए 10 से 12 इंच गहरा और चौड़ा गमला लें। वहीं, गमले में पानी जमा न हो, इसके लिए गमले के नीचे छेद कर लें।

### मिट्टी को करें तैयार

चमेली लगाने के लिए हल्की और भुरभुरी मिट्टी तैयार करें। आप इसमें गोबर की खाद, रेत और कोकोपीट भी मिला सकते हैं। इससे मिट्टी में नमी बनी रहती है, जिससे पौधा बेहतर बना रहता है। अब आप इस मिट्टी को गमले में डाल दें और सीधे चमेली के पौधे को लगाएं। पौधे को आप सीधे नर्सरी से खरीद सकते हैं।

### चमेली के पौधे को धूप में रखें

गर्मी के मौसम में वैसे तो काफी तेज धूप होती है। ऐसे में आप इसे सुबह और शाम के समय धूप में रख सकते हैं और इसी समय सिंचाई भी कर सकते हैं। आप गर्मी के मौसम में हर दिन जरूर पानी डालें। हालांकि, अधिक पानी डालने से पौधा सड़ सकता है।

### 2-3 महीने में डालें जैविक खाद

चमेली के पौधों में जब फूल आने लगता है, तब इसे अधिक देखभाल की जरूरत होती है। ऐसे में आप हर 2-3 महीने में जैविक खाद जैसे गोबर की खाद या वर्मीकम्पोस्ट डालें। फूल आने के बाद सूखे फूलों और पत्तों की छंटाई करें।

# काली गर्दन और अंडरआर्म्स को कैसे साफ करें? कालापन हटाने के लिए घर पर बनाएं ये 2 पैक



काली गर्दन और डार्क अंडरआर्म्स न केवल देखने में बेकार लगते हैं बल्कि कई बार शर्मिंदगी का कारण भी बन जाते हैं। इनकी रंगत साफ करने के लिए आप घरेलू उपाय अपना सकते हैं। यहां हम आपके लिए 2 ऐसे पैक लेकर आए हैं जिन्हें लगाने से शरीर का कालापन दूर होगा। गर्मियों में पसीना ज्यादा आने, टाइट कपडे. पहनने, ज्यादा डियोड्रेंट्स लगाने या फिर लगातार रेजर का इस्तेमाल करने की वजह से अक्सर लोगों की armpits काली हो जाती हैं। यही हाल गंदगी जमा होने से गर्दन का भी होता है। इनकी वजह से कई बार लोगों को शर्मिंदगी महसूस होती है। काली गर्दन और डार्क अंडरआर्म्स की वजह से लोग अपनी पसंद मुताबिक कपड़े भी नहीं पहन पाते हैं। ऐसे में यहां हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू उपाय लेकर आए हैं। जिनकी मदद से आप गर्दन और अंडरआर्म्स का कालापन हटा पाएंगे। यहां हम आपको 2 पैक के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें बनाने के लिए आपको बाजार से कुछ भी खरीद कर लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर में रखी चीजों से ही आप ये पैक बना पाएंगे।



### हल्दी-नींबू, दही और बेसन मिलाकर बनाएं मास्क

काली गर्दन और डार्क अंडरआर्म्स को साफ करने के लिए आपको दही, नींबू, हल्दी और बेसन की जरूरत होगी। इन चीजों से आप मास्क बनाकर लगाएं। इसे रोजाना नहाने से पहले आप लगा सकते हैं। 15 दिन लगातार इसे लगाने से आपको फर्क महसूस होगा। क्योंकि दही में लैक्टिक एसिड होता है। जो स्किन से कालापन हटाता है। नींबू में विटामिन सी पाया जाता है, जिससे पिगमेंटेशन दूर होता हैं। वहीं हल्दी त्वचा का रंग साफ करती है।

### बेकिंग सोडा और नींबू

अंडरआर्म्स और गर्दन का कालापन हटाने के लिए आप बेकिंग सोडा और नींबू का यूज भी कर सकते हैं। एक बाउल में एक चम्मच बेकिंग सोडा लेकर उसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। तैयार पेस्ट को गर्दन और अंडरआर्म्स पर लगाएं। हल्के हाथों से नींबू के छिलके को अंडरआर्म्स में रगड़ें। 15 मिनट बाद इसे पानी से धो लें। यह घरेलू उपाय कालापन हटाने में आपकी काफी मदद करेगा।

# नॉनवेज और अंडे नहीं खाते हैं तो प्रोटीन के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए एक अत्यावश्यक पोषक तत्व है, जो मांसपेशियों के निर्माण, कोशिकाओं की मरम्मत और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिकतर लोगों को लगता है कि मांसाहारी भोजन और अंडे ही प्रोटीन के मुख्य स्रोत हैं।

हालांकि, बहुत से लोगों को यह मालूम नहीं है कि कई ऐसे शाकाहारी फुड प्रोडक्ट भी हैं, जिन्हें अपनी डाइट में शामिल करके आप प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकते हैं। आइए इस लेख में एसे ही चार शाकाहारी प्रोटीन रिच फूड प्रोडक्ट के बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि ये चारों शाकाहारी विकल्प आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पूरी करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद करेंगे। आइए इस लेख में जानते हैं।

### दाल

दाल, जैसे मसूर, मूंग, चना, और उड़द, भारतीय



भोजन का अभिन्न हिस्सा हैं। एक कप पकी हुई दाल में लगभग 15-18 ग्राम प्रोटीन होता है, जो आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। दाल में फाइबर, आयरन, और फोलेट भी प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाते हैं और आपके संपूर्ण स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं।

### ग्रीक दही

ग्रीक दही सामान्य दही से अधिक गाढ़ा और प्रोटीन युक्त होता है। एक कप ग्रीक दही में लगभग 20 ग्राम प्रोटीन होता है। इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और पाचन को सुचारू रखते हैं। यह कैल्शियम का भी अच्छा स्रोत है।

### क्विनोआ

क्विनोआ एक सुपरफूड है, जिसमें सभी नौ आवश्यक अमीनो एसिड मौजूद होते हैं, जो इसे पूर्ण प्रोटीन बनाता है। एक कप पके क्विनोआ में लगभग 14 ग्राम प्रोटीन होता है। इतना ही नहीं, क्विनोआ में फाइबर, मैग्नीशियम, और आयरन भी प्रचुर मात्रा में मिलता है।

### चना

चना प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं, बता दें कि एक कप पके चना में करीब 15 ग्राम प्रोटीन होता है। ये फाइबर, जिंक, और मैग्नीशियम से भी भरपूर होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य और मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देते हैं। चना भूख को लंबे समय तक नियंत्रित रखते हैं, जो वजन प्रबंधन में मदद करता है।





# ये आदतें बनाती हैं आपको अच्छा इंसान, बच्चों को भी बचपन से ही सिखाएं



वो कहते हैं न, कि बच्चे वही सीखते हैं, जो वो अपने घर में देखते हैं। यही वजह है बच्चों के सामने सही से व्यवहार करना जरूरी हो जाता है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें बच्चों को सिखाने के साथ-साथ खुद भी फॉलो करना जरूरी हो जाता है। दरअसल, सही आदतें न केवल किसी की व्यक्तिगत सफलता को बढ़ाती हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक प्रभाव छोड़ती हैं। तो उन्हें बच्चों को सिखाने से पहले खुद अपनाना जरूरी होता है। तो बस यहां हम आपको कुछ ऐसी ही आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### ईमानदारी

एक अच्छा इंसान वही होता है, जो मुश्किल समय में भी ईमानदारी की राह न छोड़े। इसलिए बच्चों को हमेशा सिखाएं कि ईमानदारी सबसे बड़ी नीति है, और यह उनके रिश्तों को मजबूत बनाती है। खुद में भी इस आदत को बरकरार रहने दें, ताकि बच्चे जब आपको देखें तो उन्हें सही संदेश मिले। ये आदत आपको भी बाकियों से अलग बनाकर रखेगी।

### थैंक्यू कहना सीखें

ये आदत तो आप अपने अंदर भी डाल लें। अपने बच्चे को भी सिखाएं कि यदि कोई उनकी हेल्प कर रहा है तो उसे थैंक्यू करें। ऐसा इसलिए जब हम अपने जीवन में मिली छोटी-छोटी खुशियों के लिए आभारी रहते हैं, तो हमारी दृष्टि और सोच सकारात्मक रहती है।

### हर किसी को इज्जत देना

ये बेहद जरूरी है कि आप खुद भी ध्यान रखें और अपने बच्चों को भी सिखाएं कि उन्हें सिर्फ अपने घरवालों नहीं, बल्कि उनके अलग लोगों का भी सम्मान करें। चाहे कोई आपके घर में काम करने वाला व्यक्ति हो, या बाजार में सब्जी बेचने वाला, हर किसी को सम्मान पाने का हक है। इस बात को जहन में उतारें और अपने बच्चे को भी सिखाएं।

### दूसरों की मदद करना

यदि आपके सामने कोई जरूरतमंद है, तो उसकी मदद खुद से आगे बढ़कर करें। जब आप ऐसा करेंगे तो आपके बच्चे भी ये देखेंगे और सीखेंगे। उन्हें भी बताएं कि किसी की मदद करने से कोई छोटा नहीं होता, बल्कि ऐसा करने से आप ही सम्मान के हकदार हो जाते हैं।

### अनुशासन

ये हर किसी के लिए बेहद जरूरी है। अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, और यह आदत जीवन में स्थिरता और उद्देश्य लाती है। इसलिए खुद भी ध्यान रखें और अपने घर के बच्चे को भी सिखाएं। उन्हें यह भी समझाएं कि सही और गलत के बीच अंतर पहचानना बहुत जरूरी है।



# बच्चों की हैं गर्मी की छुट्टियां पर आपकी नहीं कैसे बनाएं काम और परिवार में संतुलन



बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।

जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

### पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग

गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।

### बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन

बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।

### बच्चों की लें मदद

बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।

### वीकेंड बनाएं खास

अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।

### परिवार की मदद लें

अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।



# एपल ने डोनाल्ड ट्रंप की एक ना सुनी

## मना करने के बावजूद भारत में किया निवेश



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मना करने के बाद भी टिम कुक नहीं माने. उनकी कंपनी एपल भारत में लगातार निवेश कर रही है. आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने पिछले पांच दिन में 1.48 अरब डॉलर यानी लगभग 12,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है. वहां, ताइवान की आईफोन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी होन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री ने भी भारत में 150 करोड़ डॉलर का इंवेस्ट किया है. होन हाई प्रिसिजन चीन से अपने प्रोडक्शन को कम करके इंडिया में शिफ्ट करना करना चाह रही है. इन दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार में अपनी फाइलिंग में इस बारे में जानकारी दी है. फॉक्सकॉन ने सिंगापुर स्थित अपनी इकाई के माध्यम से तमिलनाडु इकाई, युजान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया है. यह निवेश 14 मई से 19 मई के बीच किया गया है. यह निवेश भारत में आईफोन विनिर्माण बढ़ाने की एपल की योजनाओं के बीच किया गया है. वहीं, होन हाई प्रिसिजन ने ताइवान में इंडियन यूनिट में निवेश करने की बात कही है.

**भारत बनेगा आईफोन का हब**

एपल के सीईओ टिम कुक ने घोषणा की है कि एपल जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले ज्यादातर आईफोन भारत से खरीदेगा, जबकि कर शुल्क पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए अधिकांश फोन का उत्पादन करेगा. फॉक्सकॉन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन इंडिया आईफोन के मैन्युफैक्चरिंग में लगी हुई हैं, जिसको लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने टिम से कहा था कि वह भारत की जगह अमेरिका मे ही आईफोन के प्रोडक्शन करे. लेकिन, उन्होंने मना कर दिया था.भारत में बनने वाले अधिकांश आईफोनस दक्षिण भारत में होन हाई के कारखाने में असेंबल किए जाते हैं. टाटा ग्रुप की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट ये काम करती है. टाटा की यूनिट ने विस्ट्रॉन कॉर्प के स्थानीय व्यवसाय को खरीदा और भारत में पेगाट्रॉन कॉर्प के ऑपरेशन को संचालित करती है. देश में आईफोन के प्रोडक्शन की संख्या में तेजी आई है. एपल खुद इंडिया में ज्यादा प्रोडक्शन करना चाहती है क्योंकि यहां की लागत अमेरिका के मुकाबले काफी कम है।

# भारत से आयात की राह में अड़चन डालकर खुद को ही नुकसान पहुंचा रहा बांग्लादेश




नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। भारत ने अपने पड़ोसी बांग्लादेश से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के जरिए आयात को नियंत्रित करने का एलान किया है। सरकार के इस फैसले पर पूरे बाजार की नजर है। कारोबार जगत के जानकार यह मानते हैं कि भारत का यह फैसला पड़ोसी देश को भड़काने के लिए नहीं है। बांग्लादेश की ओर से भारतीय उत्पादों पर लग रही पाबंदियों के बीच सरकार ने यह कदम सोच समझ कर उठाया गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अजय श्रीवास्तव के अनुसार बांग्लादेश की प्रतिबंधात्मक व्यापार नीतियां न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि उसके खुद के आर्थिक हितों को भी नुकसान पहुंचा रही है। श्रीवास्तव के अनुसार भारत ने इस मामले में कार्रवाई कर केवल अपने शुरुआती संकेत जाहिर किए हैं, और कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है। बांग्लादेश की ओर से सूत और चावल जैसे भारतीय उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने और अपनी सीमाओं पर निरीक्षण बढ़ाने का जिक्र करते हुए श्रीवास्तव ने कहा, बांग्लादेश खुद को नुकसान पहुंचा रहा है। वे भारत का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। बांग्लादेश से कारोबार पर भारत के फैसले से 77 करोड़ डॉलर से अधिक के आयात पर असर पड़ेगा। यह बांग्लादेश से भेजे जाने वाले सभी सामानों का लगभग 42% है। पिछले साल अकेले रेडीमेड गारमेंट्स का आयात 66 करोड़ डॉलर का था। अब उन्हें सिर्फ कोलकाता और न्हावा शेवा बंदरगाहों के जरिए ही भारत में उत्पाद भेजने की अनुमति होगी, जिससे पूर्वोत्तर के जमीनी रास्ते बंद हो जाएंगे। श्रीवास्तव ने कहा, ये बड़े ब्रांड हैं- एचएंडएम, जारा। वे बांग्लादेश में उत्पाद बनाते हैं और दुनिया भर में निर्यात करते हैं। अब, वे भारतीय भूमि बंदरगाहों का उपयोग नहीं कर सकते। हर चीज समुद्र के रास्ते लानी पड़ेगी। हालांकि, श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश की बढ़ती शत्रुतापूर्ण व्यापारिक स्थिति के पीछे आर्थिक नहीं बल्कि राजनीतिक उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा, बांग्लादेश कपड़ों से आगे बढ़कर चमड़े जैसे क्षेत्रों में भी विविधता ला रहा था। लेकिन पिछले साल देश में सत्ता परिवर्तन के बाद से कट्टरपंथियों ने इस पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने भारत के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। बिना किसी उकसावे के उन्होंने भारतीय वस्तुओं- चावल, धागा, यहां तक कि एफएमसीजी को भी रोकना शुरू कर दिया।भारत ने पड़ोसी के प्रतिबंधों पर जवाबी कार्रवाई करने के बजाय, एक नरम संकेत देने का विकल्प चुना। किसी भी चीज का आयात बंद नहीं किया गया है, लेकिन प्रमुख श्रेणियों के उत्पादों को अब अधिक महंगे और धीमे समुद्री मार्गों का उपयोग करना होगा। श्रीवास्तव ने कहा, यह टीजर है। हमने उनके सामान को अवरुद्ध नहीं किया है। हमने केवल प्रवेश बिंदु बदल दिया है। श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश का हाल ही में सबसे कम विकसित देश (एलडीसी) का दर्जा खत्म होने का मतलब है कि अब वह किसी देश में डिफॉल्ट रूप से टैरिफ-मुक्त पहुंच की उम्मीद नहीं कर सकता। भारत ने उन्हें एलडीसी मानदंडों के तहत शून्य टैरिफ की सुविधा दी थी। अब इसकी समीक्षा की जानी चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे यूरोप और अमेरिका कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे गंभीर दबाव में हैं।

# आ गया 20 रुपए का नया नोट पुराने से होगा काफी अलग



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने अब आधिकारिक तौर से नए डिजाइन वाला 20 रुपए का नोट जारी कर दिया है. नोट का डिजाइन इसी तरह से रखा गया है जो पुराने नोट जैसा ही लगे. नोट लाने के पीछे का मकसद ये है कि जनता इसे आसानी से पहचान सके और सेफ्टी में कोई कमी न आए. इसके कारण आपको नोटों की पहचान में आसानी होगी. अब आपके मन में ये सवाल चल रहा होगा कि नए नोट किस तरह से होंगे? आरबीआई के अनुसार, नया नोट हल्के हरे और पीले रंग का होगा. इसका साइज 63मिमी एक्स129मिमी रहेगा. लेकिन अब नोट के पीछे के हिस्से पर आपको कोर्णाक सूर्य मंदिर की तस्वीर नहीं दिखेगी अब इसकी जगह एलोरा गुफाओं की फोटो दिखाई देगी. जो यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और इसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत दिखाई देती है. आपको इसके अलावा, दोनों तरफ फूलों के पैटर्न में 20 रुपए लिखा होगा. इसमें सबसे खास बात ये है कि इसे देवनागरी लिपि में भी दिखाया जाएगा. इस नोट में आरबीआई, भारत, और 20 जैसे शब्दों को भी जोड़ा जाएगा. 20 रुपए के नोट में सामने की तरफ महात्मा गांधी की तस्वीर होगी, अशोक स्तंभ का चिन्ह, स्वच्छ भारत अभियान का लोगो होगा. इसके साथ ही भारतीय भाषाओं में नोट की कीमत बताने वाले आरबीआई के गवर्नर का सिग्नेचर, गारंटी क्लॉज और आरबीआई का लोगो भी पहले की तरह ही शामिल होगा. इसपर आरबीआई ने साफ कहा है कि पुराने 20 रुपए के नोट वैध बने रहेंगे. उनको वापस नहीं लिया जाएगा. वो नए नोटों के साथ चलते ही रहेंगे.अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर आरबीआई का उद्देश्य नोट को लेकर आने के पीछे का क्या है. इसके पीछे आरबीआई का उद्देश्य सेफ्टी और क्वालिटी वाले नोटों को चलन में लेकर आया जाए, जिससे नकली नोटों की समस्या कम हो सके. वहीं डिजाइन के साथ भारतीय सांस्कृति को भी आगे लेकर आया जाए. नया 20 रुपए के नोट को जल्द ही मार्केट में लेकर आया जाएगा. इससे पहले भी 20 रुपए के नोट में बदलाव किया गया था तब 20 रुपए के नए नोट को आकार में छोटा कर दिया गया था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 05-47
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-38
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष मे | वृष--- | 05-24 बजे |
| चंद्र- | मकर मे | मिथुन.. | 07-24 बजे |
| मंगल | कर्क मे | कर्क-- | 09-36 बजे |
| बुध- | मेष मे | सिंह--- | 11-47 बजे |
| गुरु- | मिथुन मे | कन्या... | 13-54 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | तुला.... | 16-00 बजे |
| शनि- | मीन मे | वृश्चिक.. | 18-10 बजे |
| राहु- | कुंभ मे | धनु..... | 20-23 बजे |
| केतु- | सिंह मे | मकर... | 22-30 बजे |
| | | कुंभ... | 00-20 बजे |
| | | मीन.... | 02-02 बजे |
| | | मेष..... | 03-35 बजे |

दिशाशूल - उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 03-22 तक उपरान्त दशमीं
मास - ज्येष्ठ कृष्ण , बुधवार 21 May
नक्षत्र - शतभिषा 18-58 तक उपरान्त पूर्वभाद्रपद
योग - वैधृति 00-34 तक उप विष्कुंभ
करण- तैतिल 16-13 तक उप गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार - वृष मे बुध

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 12:13 से 13:50 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05:47 - 07:21 | शुभ | उत्पात | 18:38 - 20:05 | अशुभ |
| अमृत | 07:21 - 08:58 | शुभ | शुभ | 20:05 - 21:27 | शुभ |
| काल | 08:58 - 10:36 | अशुभ | अमृत | 21:27 - 22:50 | शुभ |
| शुभ | 10:36 - 12:13 | शुभ | चंचल | 22:50 - 00:13 | शुभ |
| रोग | 12:13 - 13:50 | अशुभ | रोग | 00:13 - 01:35 | अशुभ |
| उत्पात | 13:50 - 15:27 | अशुभ | काल | 01:35 - 02:58 | अशुभ |
| चंचल | 15:27 - 17:05 | शुभ | लाभ | 02:58 - 28:21 | शुभ |
| लाभ | 17:05 - 18:38 | शुभ | उत्पात | 04:21 - 05:47 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा । आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं या किसी तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं । प्रेरणात्मक साहित्य पढ़ें या किसी महान नायक की जीवनी पढ़ें,हो सकता है कि इसमें से आपको अपने जीवन के लिए कुछ बहुत अच्छा हासिल हो जाए ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे ।खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे ।दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है । हालाँकि ,आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें । क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे ,यह भावना काफी सामान्य है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे । सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे । आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं।आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगी और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा ।किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा ।आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं । दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है लेकिन बुरा ना मानें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपको गृहों की स्थिति के कारण हर भावना काफी गहन प्रतीत होगी ।आपको प्यार और नफरत दोनों ही का बहुत गहनता से अनुभव होगा ।आपको यह समझाने वाले अवसर भी आयेंगे कि आप किस कारण अब अपने करीबी दोस्तों से पुरानी भावना से बात नही कर पा रहे? हालाँकि तुरंत कोई भी फैसला लेने के स्थान पुर रूककर और सोच समझकर कदम उठाना ही सही होगा ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां हल होंगीं लेकिन तब तक आपको बोलने ,लिखने और काम में भी आक्रामक नही होना है । निजी जीवन से सम्बंधित परेशानियां झेल रहे लोगों को अपनों के लिए समय निकालना चाहिए । आप लम्बे समय से स्वस्थ्य की उपेक्षा क्र रहे हैं ,इस पर ध्यान दें ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
मेहनत से कांम करें और जमकर आनंद उठायें । आज आप पुरे दिन इसी सिद्धांत पर चलेंगे और यह उपयुक्त भी है । दिन की शुरुआत सामान्य होगी लेकिन अंत दोस्तों और परिवार के साथ जश्न से होगा । आपकी लोगों को हंसाने की क्षमता और खुशमिजाज स्वभाव बड़ी पार्टी की मेजबानी के लिए भी उपयुक्त है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी ।आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे ।इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं ,किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें ।असावधान रहेंगे तो किसी से मुठभेड़ हो सकती है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आपके लिए बहुत सारा काम है ,व्यस्त रहेंगे । जल्दी के चक्कर में अपने किसी शुभचिन्तक को नाराज ना करें । नम्र बने रहें । आपकी सकारात्मकता के कारण नए अवसर मिलेंगे । धीरज रखें ,परिवर्तन ही शाश्वत नियम हैविसिलिये बदलाव तो आपके जीवन में भी होना ही है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
यह समय अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता से कोशिश करने का है ,आपको बहुत जल्दी इसका फल भी मिलेगा । आप अभी कुछ बातों के बारे में सोच रहे थे,उनको कार्यान्वित करने का समय आ गया है । आपको अपना सारा ध्यान अब इसी पर लगाना होगा । हालाँकि आप इसके कारण बहुत व्यस्त रहेंगे ,लेकिन आपको इसका अच्छा फल भी जल्दी मिलेगा और आपकी सफलता की इच्छा बढ़ेगी ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है । आप आज शांत किन्तु दृढ हैं । आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं । कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें । किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है । घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे । बोद्धिक उन्नति होगी ,प्रियजनों की और से कोई खुश कर देने वाली खबर मिलेगी ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें ,आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है । इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है । थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# बुलेट ट्रेन का कितने किमी लंबा ट्रैक हुआ तैयार? रेल मंत्री ने दी जानकारी, जमीन से 26 मीटर नीचे होगा प्लेटफॉर्म



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के बारे में एक नई जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट में एक बड़ा काम पूरा हो गया है। इस प्रोजेक्ट में 300 किलोमीटर वायाडक्ट का काम पूरा हो गया है। यह प्रोजेक्ट नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से बनाया जा रहा है। रेल मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि इस बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का कितने किमी लंबा ट्रैक तैयार हो गया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, '300 किमी वायडक्ट पूरा हुआ।' इसका मतलब है कि बुलेट ट्रेन के रास्ते का 300 किलोमीटर का हिस्सा अब खंभों पर बन चुका है। वायडक्ट का मतलब है, पुल जैसा ढांचा जिस पर ट्रेन चलेगी।

**मुंबई स्टेशन का कितना काम पूरा?**

मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बन रहा है। यह स्टेशन जमीन के नीचे होगा। यहाँ पर 76 प्रतिशत खुदाई का काम पूरा हो चुका है। एक खबर के अनुसार, 14.2 लाख क्यूबिक मीटर खुदाई हो चुकी है। कुल 18.7 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी वहां से निकालनी है। यानी मिट्टी निकालने का करीब आधा काम पूरा हो गया है।

**साइट पर कंक्रीट लैब**

साइट पर 120 cum/hr क्षमता के तीन बैचिंग प्लांट लगाए गए हैं। बैचिंग प्लांट का मतलब है, वह जगह जहां कंक्रीट (सीमेंट, रेत, गिट्टी का मिश्रण) बनाया जाता है। बैचिंग प्लांट में आइस प्लांट और चिलर प्लांट भी हैं। ये कंक्रीट के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। गर्मी में कंक्रीट जल्दी सूख जाता है। इसलिए उसे ठंडा रखना जरूरी है। साइट पर एक आधुनिक कंक्रीट लैब भी है। यहां पानी की पारगम्यता और रैपिड क्लोराइड पेनिट्रेशन टेस्ट जैसी सुविधाएं हैं। इन टेस्ट से कंक्रीट की क्वालिटी पता चलती है। सारे कंक्रीट टेस्ट साइट पर ही होते हैं। कुछ सैंपल अच्छे लैब में भी भेजे जाते हैं। प्राकृतिक रोशनी के लिए एक स्काईलाइट भी बनाई गई है। स्काईलाइट से दिन में स्टेशन में सूरज की रोशनी आएगी।

# भारत में खलबली मचाने आ रहे हैं एलन मस्क

## 100 से ज्यादा देशों में पहले से कर रहे यह काम




नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सैटकॉम सर्विस शुरू करने के करीब पहुंच गई है। कंपनी को भारत में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट सर्विस देने के लिए आखिरी मंजूरी मिलने वाली है। अंतरिक्ष विभाग के तहत काम करने वाली एजेंसी इन-स्पेस मस्क की कंपनी को कमर्शियल सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस शुरू करने की मंजूरी दे सकती है। इन-स्पेस एक इंटर-मिनिसट्रियल स्टैंडिंग कमेटी है। इसमें अंतरिक्ष विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, होम मिनिस्ट्री, विदेश, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालयों के सदस्य शामिल हैं। यह कमेटी अपनी अगली मीटिंग में स्टारलिंक के प्रस्ताव पर विचार करेगी। स्टारलिंक 100 से अधिक देशों में अपनी सर्विस शुरू कर चुकी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक बड़े सूत्र ने बताया कि स्टारलिंक को सैटेलाइट के लिए मंजूरी मिल जाएगी। गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय ने पहले ही दूरसंचार विभाग में कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये मंत्रालय सुरक्षा और भू-राजनीतिक मामलों पर अहम फैसले लेते हैं। इसका मतलब है कि अब स्टारलिंक को मंजूरी मिलने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। दूरसंचार विभाग ने 7 मई को स्टारलिंक को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया था। इससे कंपनी को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) लाइसेंस मिल गया है। लेटर ऑफ इंटेंट मिलने का मतलब है कि सुरक्षा और अन्य रणनीतिक मामलों से जुड़ी सभी चिंताओं को कंपनी ने दूर कर दिया है। सभी प्रमुख एजेंसियों ने इसकी जांच कर ली है। सूत्र ने कहा कि उम्मीद है कि इन-स्पेस की मंजूरी भी बहुत जल्द मिल जाएगी। इन-स्पेस एक सिंगल-विंडो एजेंसी है।

# शेयरहोल्डर्स का नाम बताओ नहीं तो जुर्माना,अडानी ग्रुप में निवेश करने वाले फंड्स को सेबी की चेतावनी

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने मॉरीशस में स्थित दो फंड्स को चेतावनी दी है। इन फंड्स का अडानी ग्रुप में निवेश है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेबी ने कहा है कि अगर इन फंड्स ने अपनी शेयरहोल्डिंग की जानकारी नहीं दी तो उन पर जुर्माना लग सकता है और लाइसेंस भी रद्द हो सकते हैं। एसईबीआई ने यह चेतावनी पिछले दो साल से बार-बार जानकारी मांगने के बाद दी है। सेबी देश के तीसरे सबसे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप और उसके 13 विदेशी निवेशकों की जांच कर रहा है। यह जांच हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद शुरू हुई। जनवरी 2023 में अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोप लगाया था कि अडानी ग्रुप टैक्स बचाने के लिए गलत तरीके से टैक्स हेवन का इस्तेमाल कर रहा है। इससे अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। हालांकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को हमेशा गलत बताया है और अब उसके शेयर काफी हद तक इस नुकसान की भरपाई कर चुके हैं।नियमों के अनुसार लिस्टेड कंपनियों के कम से कम 25% शेयर पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास होने चाहिए।

# शुरुआती बढ़त गंवाकर फिसला बाजार

## सेंसेक्स 873 अंक गिरकर हुआ बंद, निफ्टी 24700 के नीचे

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव के साथ लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुरुआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक नीचे फिसल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे की गिरावट के साथ 85.63 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

**कैसा रहा एशियाई बाजार में कारोबार?**

मंगलवार की सुबह हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.9 प्रतिशत बढ़कर 23,542.46 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.1 प्रतिशत का उछाल आया।

टोक्यो में, निक्केई 225 0.5 प्रतिशत बढ़कर 37,685.09 पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.6 प्रतिशत बढ़कर 8,343.30 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 2,606.58 पर पहुंच गया, जबकि ताइवान का ताइएक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर रहा।

**मूडीज ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटाई**

सोमवार को अमेरिकी शेयर, बॉन्ड और डॉलर के मूल्य में उतार-चढ़ाव दिखा। यह अस्थिरता मूडीस रेटिंग्स की ओर से अमेरिका पर की गई टिप्पणी के कारण आई।

मूडीज ने कहा है कि अमेरिकी सरकार अब शीर्ष-स्तरीय ₹एएए₹ रेटिंग की हकदार नहीं है। एसएंडपी इंडेक्स 500 0.1 प्रतिशत बढ़कर 5,963.60 पर पहुंच गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.3 प्रतिशत बढ़कर 42,792.07 पर पहुंच गया, और नैस्डैक कंपोजिट केवल 4.36 अंक बढ़कर 19,215.46 पर पहुंच गया।

# 6000 करोड़ का था महादेव ऐप स्कैम

## ईजमाईट्रिप के सीईओ पर ईडी ने कसा शिकंजा



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ से जुड़े बहुचर्चित महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले की जांच लगातार तेज होती जा रही है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब इस मामले में ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ निशांत पिट्टी को भी जांच के दायरे में शामिल कर लिया है.

पिट्टी पर आरोप है कि उन्होंने महादेव सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़े लोगों के साथ मिलकर काम किया और अवैध रूप से अर्जित धन का इस्तेमाल शेयर बाजार में हेरफेर के लिए किया. ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग निगरानी न्यायाधिकरण को सौंपे गए दस्तावेजों में निशांत पिट्टी पर चार गंभीर आरोप लगाए गए हैं.

पहला आरोप यह है कि वह 'स्काई एक्सचेंज' नामक अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म की गतिविधियों से परिचित थे, जो महादेव नेटवर्क का हिस्सा है. दूसरा, उनकी कंपनी ने स्काई एक्सचेंज से जुड़ी दो शेल कंपनियों को भुगतान किया, जिन्हें ईडी ने एंट्री-प्रोवाइडिंग संस्थाएं बताया है. तीसरा, अप्रैल में पिट्टी के घर से ईडी द्वारा जब्त की गई 7 लाख रुपए नकद राशि को एजेंसी ने अपराध से अर्जित संभावित धन माना है. चौथा आरोप यह है कि पिट्टी कथित रूप से एक ऐसे ऑपरेटर के संपर्क में थे जो कंपनी प्रमोटरों के साथ मिलकर शेयर बाजार में हेरफेर कर रहा था.

महादेव सट्टेबाजी घोटाला भारत का अब तक का सबसे बड़ा ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग स्कैम माना जा रहा है, जिसकी अनुमानित राशि 6,000 करोड़ रुपए से अधिक है. इस घोटाले के मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल हैं, जो छत्तीसगढ़ के निवासी हैं. इस घोटाले में कई राज्यों के राजनेता, नौकरशाह, बॉलीवुड हस्तियां और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के जुड़े होने की भी जांच हो रही है.

निशांत पिट्टी ने इन सभी आरोपों से साफ इनकार किया है और कहा है कि वह किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं हैं. ईडी की जांच अभी जारी है।

# सोने-चांदी के दाम में तेजी:सोना 93,807 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 95,800 किलो



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 20 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 32 बढ़कर 93,807 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,785 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 45 बढ़कर 95,800 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,755 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,170 रुपए है।

**मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,020 रुपए है।

**कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,020 रुपए है।

**चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,020 रुपए है।

**भोपाल** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,070 रुपए है।

**हैदराबाद** : सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 95,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 87,100 रुपये है।

# शराब घोटाला, 20 से ज्यादा जगहों पर रेड

## दुर्ग में सुबह 4 बजे पहुंची एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीमें, कवासी के करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई

भिलाई, 20 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 20 से ज्यादा जगहों पर छापा मारा है। दुर्ग-भिलाई में 22 जगहों पर कार्रवाई जारी है। एसीबी और ईओडब्ल्यू की कई टीमें चार गाड़ियों में सुबह 4 बजे भिलाई पहुंची।

एक टीम हाउसिंग बोर्ड स्थित आम्रपाली अपार्टमेंट में अशोक अग्रवाल के घर पहुंची। दूसरी टीम नेहरू नगर में बंसी अग्रवाल और विशाल केजरीवाल के यहां दबिश दी। वहीं खुर्सीपार में विनय अग्रवाल के यहां दस्तावेजों की जांच चल रही है। इसके अलावा धमतरी और महासमुंद में भी जांच जारी है।

छावनी चौक भिलाई के पास अशोक अग्रवाल की फेब्रीकेशन और अन्य चीजों की फैक्ट्री है। आशोक अग्रवाल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी हैं। इन पर लखमा के साथ मिलकर शराब घोटाले को अंजाम देने का आरोप है।

भिलाई के नेहरू नगर स्थित कारोबारी और भिलाई अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल के घर में भी जांच जारी है। खुर्सीपार में इनकी वायर ड्राइंग



और जीआई तार बनाने की फैक्ट्री है। महासमुंद जिले के सांकरा और बसना में भी एसीबी-ईओडब्ल्यू कार्रवाई कर रही है। सांकरा में कैलाश अग्रवाल और बसना में जय भगवान अग्रवाल के ठिकानों में दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। यहां दो वाहनों में 20 सदस्यीय टीम पहुंची है।

अशोक अग्रवाल के दामाद सौरभ अग्रवाल के धमतरी स्थित घर में भी 8 अफसरों की टीम जांच कर रही है। अशोक अग्रवाल पर शराब के पैसों से बेशकीमती जमीन खरीदने का आरोप लगा है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने 3 दिन पहले ही कवासी लखमा और उनके करीबियों के 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

शनिवार को रायपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, जगदलपुर और अंबिकापुर में दबिश देकर दस्तावेज, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कई बैंक अकाउंट और जमीनों में निवेश से संबंधित दस्तावेज और 19 लाख रुपए कैश बरामद किए थे। पढ़ें पूरी खबर

**क्या है शराब घोटाला?**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

ईडी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर की जांच एसीबी कर रही है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई। इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है।

**ईडी का आरोप- लखमा सिंडिकेट का अहम हिस्सा थे**

ईडी का आरोप है कि पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी। वहीं शराब नीति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। वही ईडी का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि, 3 साल शराब घोटाला चला। लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे। इस दौरान 36 महीने में लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले। ये राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगे।

ईडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। शराब सिंडिकेट के लोगों की जेबों में 2,100 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई भरी गई।

लखमा के खिलाफ एक्शन को लेकर निदेशालय की ओर से कहा गया कि जांच में पहले पता चला था कि अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अन्य लोगों का शराब सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था। इस घोटाले की रकम 2100 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

# बस और बाइक की टक्कर, दो की मौत

## यात्रियों से भरी बस जा रही थी रांची, बाइक सवारों ने नहीं पहना था हेलमेट

गुमला, 20 मई (एजेंसियां)। गुमला जिले में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। चैनपुर थाना क्षेत्र में अनुमंडल कार्यालय के पास यह हादसा हुआ।

लुपुंग नवाटोली के रहने वाले 21 वर्षीय अविनाश असुर और 27 वर्षीय अमित असुर बाइक से चैनपुर से गुमला जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मूनलाइट यात्री बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बस यात्रियों को लेकर गुमला से रांची जा रही थी। हादसे में अविनाश असुर की मौके पर ही मौत हो गई। अमित असुर को गंभीर हालत में चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुरमुंदा गांव पहुंचे सीएम साय

## बोले- डबल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों में आई तेजी



दुर्ग, 20 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत मुरमुंदा पहुंचे।

इस मौके पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा,पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी के बावजूद सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष समाधान शिविर में उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से विकास कार्यों में तेजी आई है।

उन्होंने बताया कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है और सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर जरूरतमंद तक इस योजना का लाभ पहुंचे। वही मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। जो अब तीसरे चरण में पहुंच चुका है।

इसका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना और सरकार के कामकाज का फीडबैक सीधे लोगों से लेना है। और सरकार की नीतियां और योजनाएं धरातल पर लागू हो रही हैं और आम जनता संतुष्ट है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा जा रहा है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। वहीं मुख्यमंत्री ने एसीबी और ईओडब्ल्यू रेड कार्यवाही पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रही हैं और जिनके खिलाफ शिकायतें हैं।

उनके खिलाफ जांच जारी है। दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री टंकराम वर्मा बोले- रजिस्ट्री के नए नियमों से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश

## रिकॉर्ड भी होगा तत्काल अपडेट

रायपुर, 20 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से रजिस्ट्री के नए नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन में शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नई सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने जमीनों की रजिस्ट्री के लिए नए नियमों को ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय बताते हुए कहा कि समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के नए नियमों से फर्जीवाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा। राजस्व मंत्री टंक राम ने कहा कि पंजीयन विभाग में




नई सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है। सरकार सुगम एप का संचालन कर आमजनों को जमीनों की खरीदी-बिक्री की आसान सुविधा दे रही है। इसके साथ ही बिक्री वाली भूमि में लगे पेड़ों पर पंजीयन शुल्क को शून्य कर दिया गया है।

राजस्व मंत्री ने सभी राजस्व रिकॉर्डों को डिजीटलाईज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती नियम को परिवर्तित करते हुए त्रुटि सुधार का अधिकार अब एसडीएम से छीनकर तहसीलदारों को दे दिया है।

राज्य में जमीनों की जियो रिफ्रेसिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा हो जाने पर सीमा विवाद खत्म होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व पखवाड़ों का आयोजन कर राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अब राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले पर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। परियोजना के प्रस्तावित होने के समय से ही उस क्षेत्र में जमीनों की खरीदी-बिक्री, सीमांकन-बटांकन सभी पर रोक लगा दी जाएगी।

पंजीयन विभाग ने आम जनता की सुविधा और दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए सॉफ्टवेयर में 10 नई सुविधाएं शुरू भी की हैं। इनमें फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन सुविधा से क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

गिरिडीह, 20 मई (एजेंसियां)। गिरिडीह में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अस्पताल पहुंचे मृतका के परिजनों ने खूब हंगामा किया। घटना सोमवार की रात बगोदर थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान रिशा कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी 22 नवंबर 2024 को रवि कुमार मंडल से हुई थी। मृतका की मां ने बताया कि शादी के बाद एक बुलेट बाइक की मांग थी, जो नहीं दिया गया था। उन्होंने बताया कि रिशा की सास ने फोन कर बताया कि उसने फांसी लगा ली है। इसके बाद हमलोग यहां पहुंचे।

मृतका की मां ने कहा- हमेशा दामाद और सास मेरी बेटी को बांझ होने की बात कह और अन्य बातों को लेकर टॉर्चर करते थे। दामाद धमकी देता था कि बेटी को वापस ले जाइए, नहीं तो वह खुद को गोली मार लेगा। लड़की की मां ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया है कि रिशा को मार कर बगोदर ट्रामा सेंटर में लावारिस लाश के रूप में छोड़कर भाग गए हैं।

# पोस्टमॉर्टम के लिए 10 हजार मांगे डॉक्टर बर्खास्त, बीएमओ सस्पेंड

## 2 बच्चे डूब गए थे, शव वाहन नहीं दिया, बाइक से ले गए थे लाश

सरगुजा, 20 मई (एजेंसियां)। सरगुजा के सिलसिला में दो बच्चों की रविवार दोपहर डबरी (पानी से भरा गड्ढा) में डूबने से मौत हो गई। परिजन बच्चों का पोस्टमॉर्टम कराने रघुनाथपुर हॉस्पिटल पहुंचे। यहां परिजनों ने आरोप लगाया कि पोस्टमॉर्टम के लिए 10-10 हजार रुपए मांगे गए।

साथ ही उन्हें शव वाहन नहीं मिला तो बाइक से ही शव लेकर गांव तक गए। हालांकि, बीएमओ ने परिजनों के पैसे मांगने वाले आरोप को गलत बताया है। साथ ही कहा कि, परिजन जल्दी में थे और खुद शव को ले जाना चाहते थे। वहीं खबर दिखाए जाने के बाद स्वास्थ्यमंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने लुंड्रा बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) को सस्पेंड कर दिया है। रघुनाथपुर में ड्यूटी डॉक्टर अमन जायसवाल को बॉन्ड रिलीव कर दिया गया है। पीड़ित परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, रघुनाथपुर पुलिस चौकी के सिलसिला में रविवार दोपहर दो बच्चे ट्यूबवेल के पास खेल रहे थे। दोनों बच्चे खेलते हुए पास स्थित डबरी में गिर गए और डूब गए। करीब दो घंटे बाद परिजन उन्हें खोजते हुए मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों बच्चों की मौत हो गई थी।

एक बच्चे का नाम सूरज गिरी (5 साल) पिता विनोद गिरी और दूसरे बच्चे का नाम जुगनू गिरी (5 साल) पिता शिवा गिरी है। परिजनों का ये भी आरोप है कि एंबुलेंस 108 की टीम को घटना की जानकारी दी गई थी। 6-7 बार कॉल किया गया लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची।

दोनों बच्चों को बाइक से लेकर परिजन रघुनाथपुर हॉस्पिटल पहुंचे। हॉस्पिटल में दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम किया। डॉक्टर्स के मुताबिक परिजनों ने शवों का पोस्टमॉर्टम करवाने से मना कर दिया।

वे रविवार को बाइक से ही शव लेकर वापस घर चले गए। इसके बाद पंचायत के सरपंच और पटवारी ने परिजनों को समझाइश दी। इसके बाद दोनों बच्चों के परिजन शवों को बाइक से लेकर फिर हॉस्पिटल पहुंचे थे।

मृत बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि रघुनाथपुर हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के लिए पैसे मांगे गए। डॉ. अमन जायसवाल ने दोनों बच्चों के पोस्टमॉर्टम के लिए 10-10 हजार मांगे। कहा कि, कल पोस्टमॉर्टम कराते तो पैसे नहीं लगते।

# स्टेशन रोड में फूल दुकानदारों को पीटा

## दुकान में तोड़फोड़, बाइकें भी तोड़ डालीं, तीन गंभीर रूप से घायल

धनबाद, 20 मई (एजेंसियां)। धनबाद के स्टेशन रोड पर रांगाटांड के करीब 40 असामाजिक तत्वों ने देर रात हमला कर दिया। हमलावरों ने फुटपाथ दुकानदारों और एसएपी जवान को निशाना बनाया। इस हमले में तीन दुकानदार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है।

घटना एक दिन पहले की मामूली झड़प से शुरू हुई। रांगाटांड के 4-5 लोग रेलवे कॉलोनी में एक कर्मचारी से मारपीट कर रहे थे। स्थानीय दुकानदारों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद करीब 40 लोग आ गए और उन्होंने एसएपी जवान और दुकानदारों पर हमला कर दिया।

एसएपी जवान ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस कार्रवाई न होने पर अगली रात हमलावर हथियारों से लैस होकर आए। उन्होंने दुकानदारों की पिटाई की और दुकानें लूट लीं। लोहे की रॉड और ईंट-पत्थरों से हमला किया गया। खड़ी बाइक में भी तोड़फोड़ की गई। दुकानदारों ने सदर थाने में दूसरी एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपियों में रवि मंडल, विष्णु मंडल, चंदन मंडल, मांझी मंडल, अमित कुमार, अरविंद मंडल, छोटू वर्मा, चंदन यादव, धीरज यादव, बैजू यादव, रवि हाड़ी और शुभम गुप्ता शामिल हैं। कई आरोपियों का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है।

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत मिला था राष्ट्रपति से सम्मान

## स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने और अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर सड़क जाम

जामताड़ा, 20 मई (एजेंसियां)। जामताड़ा के जेबीसी हाई स्कूल के राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता और प्रभारी प्रधानाचार्य सुशील मरांडी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसके विरोध में मंगलवार को स्कूल के शिक्षक, छात्र और अभिभावक सड़क पर उतर आए।

दुर्घटना स्कूल के गेट पर ही हुआ था। इसलिए प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के सामने सड़क जाम कर दिया। स्कूल के सामने की सड़क बेहद व्यस्त रहती है। सड़क के दोनों ओर अस्थाई दुकानों का अतिक्रमण है। स्पीड ब्रेकर न होने से वाहन तेज गति से गुजरते हैं। जामताड़ा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल, विभिन्न छात्र संगठन और शहर के बुद्धिजीवी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन ने स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाया। सुशील मरांडी को चार साल पहले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दरअसल, 12 मई को स्कूल के बाहर खड़े सुशील मरांडी को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल सुशील मरांडी को पहले आसनसोल के निजी अस्पताल ले जाया गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें दुर्गापुर रेफर किया गया।

# साउथ अफ्रीका के मरीज की रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में हुई सफल सर्जरी

## पथरी की समस्या से जूझ रही थी मरीज

रायपुर, 20 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में साउथ अफ्रीका के मरीज की सफल सर्जरी हुई है। मरीज पित्ताशय की पथरी की समस्या से जूझ रही थी। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के सर्जरी विभाग में लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी सक्सेज सर्जरी की गई। इस दौरान मरीज के अटेंडर सिबोनेलो सनेलिस जुंगु का कहना है कि भारत के डॉक्टर साउथ अफ्रीका में मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर रहे हैं तो हम भी भारत में क्यों नहीं इलाज करा सकते? हमें यहां के डॉक्टरों पर पूरा भरोसा है।

जनरल सर्जरी विभाग के



डॉक्टरों ने रायपुर में पढ़ाई कर रही साऊथ अफ्रीकी छात्रा के गाल ब्लैडर के स्टोन (पित्ताशय की पथरी) की सफल लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी सर्जरी कर पिछले छह महीनों से मरीज को रह-रहकर उठने वाले पेट दर्द की समस्या से निजात दिलाई है। हालांकि यह सर्जरी विभाग में रूटीन में होती है लेकिन विगत दिनों की गई लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी इसलिए विशेष है कि छात्रा ने सर्जरी के लिए अपने देश वापस जाने की बजाय अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों पर भरोसा करते हुए यहीं सर्जरी कराने का निश्चय किया।

जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह के अनुसार, राज्य के निजी विश्वविद्यालय में बीएससी साइकोलॉजी में अध्ययनरत 21 वर्षीय छात्रा को 6 मई 2025 की रात को पेट में तीव्र दर्द की शिकायत हुई। साथ में उल्टी और भूख नहीं लग रही थी। छात्रा निजी अस्पताल में गई जहां उसकी जांच में पित्ताशय की पथरी होने की पुष्टि हुई। मरीज के परिजनों ने विगत कुछ समय से चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल में हुई कई सफल ऑपरेशन के बारे में सुना था। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका के कई अस्पतालों में भारतीय डॉक्टर सेवा दे रहे हैं जिससे मरीज के घरवालों का विश्वास भी यहां के डॉक्टरों के प्रति बरकरार है। इस पर उनके घरवालों को विश्वविद्यालय ने सूचना दी और उनके अटेंडर ने अम्बेडकर अस्पताल का चयन किया और मरीज को यहां लेकर आये।

# दो बेटियों के जन्म लेने पर पत्नी की हत्या

पलामू/लातेहार, 20 मई (एजेंसियां)। लातेहार के गारू में 16 मई को बालू में दफन मिली लाश की पहचान कर ली गई है। मृतका रेशमा कुमारी (26) के पिता ने इस संबंध में बेटी के पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी, ननद और उसके पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया है। पिता का आरोप है कि दो बेटियों के जन्म के बाद से ही रेशमा को प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं, दामाद का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध भी है। दरअसल, 16 मई को लातेहार स्थित गारू के लुहूरटॉड स्थित कोयल नदी तटपर दफनाया गया रेशमा का शव बरामद किया गया था। मृतका के पिता सरयू प्रसाद ने बताया कि घटना के बाद से दामाद फरार है। वह गारू प्रखंड कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर है और वहीं कमरा लेकर रहता है।

सरयू प्रसाद ने बताया कि रेशमा की शादी मुकेश कुमार से 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। उसका ससुराल लातेहार के सुकरी में है। दो बेटियों के जन्म के बाद से रेशमा को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। रेशमा डालटनगंज में रहकर अपनी दो बेटियों को पढ़ाती थी।

उसकी बड़ी बेटी क्लास 2 जबकि छोटी वाली यूकेजी में पढ़ती है। सरयू प्रसाद ने बताया कि 12 मई को मुकेश दोनों बेटियों को लेने के लिए डाल्टनगंज आया था।

# झारखंड शराब घोटाला, आईएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह गिरफ्तार

## एसीबी ने कोर्ट में पेश किया, 5 दिन की रिमांड मांगी, 6 घंटे हुई पूछताछ

रांची, 20 मई (एजेंसियां)। झारखंड में कथित तौर पर हुए शराब घोटाला मामले को लेकर आईएएस विनय चौबे को मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया है।

इससे पहले एसीबी ने करीब 6 घंटे उनसे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ही मेडिकल टीम को बुलाया गया था। जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी ने मंगलवार को उनके तत्कालीन विभागीय सचिव होने के नाते पूछताछ की। सुबह 11 बजे के करीब टीम उन्हें एसीबी कार्यालय लेकर आई, जहां उनसे पूछताछ की गई।

इसी मामले में आईएएस गजेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। गजेंद्र सिंह संयुक्त उत्पाद



आयुक्त है। एसीबी ने 5 दिन की रिमांड मांगी है। बताया जा रहा है कि पूरा मामला 31 मार्च 2022 में लागू हुई नई शराब नीति से जुड़ा हुआ है। उस दौरान उत्पाद विभाग के सचिव विनय चौबे ही थे। इस दौरान शराब नीति में बदलाव की बात चल रही थी, तब उन्होंने शराब नीति बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ बातचीत की थी।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नई शराब नीति लागू होने के दो साल बाद तक छत्तीसगढ़ सिंडिकेट झारखंड में एक्टिव रहा। इस दौरान नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। इस कथित घोटाले को लेकर पहले पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह के ठिकानों पर ईडी छापेमारी कर चुकी है। जानकारी के मुताबिक 2019 से 2022 के बीच छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला हुआ था। इसमें छत्तीसगढ़ के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अनिल टुटेजा को आरोपी बनाया गया। उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर के बैरन बाजार निवासी अनवर ढेबर और उनके सिंडिकेट को आरोपी बनाया गया था। इसी दौरान झारखंड में नई शराब नीति को लेकर बात चल रही थी। छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले को लेकर रांची के अरगोड़ा के रहने वाले विकास सिंह ने केस किया था। इन्होंने आरोप लगाया था कि झारखंड की नई शराब नीति में उन्हीं लोगों का हाथ है।

# राजधानी रांची में हवा के साथ तेज बारिश

## कल भी पूरे राज्य में भारी वर्षा की संभावना 23 मई तक आंधी-तूफान को लेकर यलो अलर्ट

रांची, 20 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मौसम में बदलाव जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान के मुताबिक दोपहर प्रदेश का मौसम बदला। राजधानी रांची में तेज हवा के साथ जम कर बारिश हुई। वहीं देवघर, लोहरदगा, रामगढ़ और हजारीबाग सहित अन्य जिलों में बारिश के आसार बन रहे हैं। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान हुए बारिश और वज्रपात ने आम जीवन को प्रभावित किया। इस दौरान सबसे अधिक बारिश खूंटी में 50 मिमी में हुई। राज्य की राजधानी रांची में 27 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। सोमवार को उत्तर-पूर्व इलाके में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। लातेहार में 41 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के दौरान वज्रपात भी हुआ। इस वज्रपात ने राज्य के अलग- अलग जगहों पर 6 लोगों की जान ले ले ली। जानकारी के मुताबिक गढ़वा में 3, रामगढ़ में 2, हजारीबाग में 1 की मौत हुई है। अन्य जिलों में बारिश के दौरान हुए वज्रपात से कई लोगों के घायल होने की सूचना है। इधर, मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार पूर्व-पश्चिम की ओर से आ रही नमी के कारण मौसम में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 21 मई से पूरे झारखंड में आंधी के साथ मेघ गर्जन, वज्रपात व बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है।

# अफगानिस्तान के बाद अब ईरान को साध रहा है भारत

## एनएसए डोभाल की ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव से बातचीत, पाकिस्तान की घेराबंदी तेज



नई दिल्ली/ तेहरान, 20 मई (एजेंसियां)। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 मई 2025 को ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली अकबर अहमदियान से टेलीफोन पर बातचीत की।

इस बातचीत में भारत-ईरान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस दौरान चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) पर जोर दिया गया।

भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता में ईरान की 'रचनात्मक भूमिका' की सराहना की और चाबहार प्रोजेक्ट पर सहयोग बढ़ाने में भारत की रुचि व्यक्त की। इस प्रोजेक्ट से भारत, पाकिस्तान को बाईपास करते हुए सीधे सेंट्रल एशिया तक पहुंच बना सकता है।

ईरानी सचिव अहमदियान ने भी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए चाबहार प्रोजेक्ट के तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। ईरान के साथ भारत की बातचीत को पाकिस्तान को घेरने के रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। खासकर हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव और अफगानिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के संदर्भ में। पाक चाबहार को अपनी भू-राजनीतिक घेराबंदी के रूप में देखता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी, जो 1999 के बाद से भारत और तालिबान के बीच पहली बात थी। इससे पहले कंधार विमान अपहरण के समय भारत-तालिबान में बात हुई थी।

भारत ने 2016 में ईरान के चाबहार पोर्ट के विकास के लिए 3,750 करोड़ रु. के निवेश की घोषणा की थी। भारत ने 187.5 करोड़ की लागत से 6 मोबाइल हार्बर क्रेन्स और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की है। चाबहार पोर्ट भारत को पाक को बाईपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच प्रदान करता है।

चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट की तुलना में भारत के रणनीतिक पोर्ट के तौर पर देखा जा रहा है। ग्वादर को बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन विकसित कर रहा है। चाबहार पोर्ट से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट को टक्कर देने में मदद मिलेगी।

पाक को डर है कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर वह भू-राजनीतिक रूप से अलग-थलग हो सकता है।चाबहार से भारतीय नौसेना की पश्चिमी हिंद महासागर और फारस की खाड़ी में उपस्थिति मजबूत होती है।

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है।

# अगले साल फिर एवरेस्ट फतह करूंगा, 20 बार चढ़ने का है लक्ष्य

## रिकॉर्ड तोड़ने वाले केंटन कूल का दावा

काठमांडू, 20 मई (एजेंसियां)। ब्रिटिश पर्वतारोही केंटन कूल ने 19वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की, गैर-शेरपा गाइड की तरफ से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके बाद मंगलवार को पहाड़ से लौटने पर उन्होंने कहा कि वे अपने अगली चढ़ाई की योजना बना रहे हैं। बता दें कि, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के 51 वर्षीय केंटन कूल ने रविवार को 8,849 मीटर की चोटी पर चढ़ाई की और फिर अपने ग्राहकों के साथ नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी। मंगलवार को काठमांडू के हवाई अड्डे पर केंटन कूल ने कहा, 'मैं अब 51 वर्ष का हूं और मैं 2004 से एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए यहां आ रहा हूं।' 'मेरे पास अगले साल के लिए कम से कम एक और चढ़ाई है - शायद 20 या 21 (कुल)। उसके बाद मैं नेपाल में अन्य पहाड़ों पर चढ़ना शुरू करूंगा।'

# इजराइल को ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने चेतावनी दी

## गाजा में जंग नहीं रोकी तो ठोस कार्रवाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा



तेल अवीव, 20 मई (एजेंसियां)। इजराइल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजराइल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजराइल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया। साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजराइली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है।

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए।

सोमवार को पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजराइल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे।

आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'ऑक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है।

पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है।

इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजराइल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया।

# अमेरिका में दूसरों की निजी तस्वीर पोस्ट करना अब अपराध

## ट्रम्प ने कानून पर किए हस्ताक्षर



वाशिंगटन, 20 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को टेक इट डाउन एक्ट पर साइन किए। इससे अब बिना सहमति के किसी की निजी तस्वीरें या वीडियो ऑनलाइन शेयर करना अपराध बन गया है।

इस कानून को रिवेंज पोर्न और एआई-जनरेटेड डीपफेक तस्वीरों की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए लाया गया है।

इस कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर किसी की निजी तस्वीरें या वीडियो उनकी अनुमति के बिना साझा करता है, तो उसे अपराध माना जाएगा। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइटों को 48 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री हटानी होगी और उसकी डुप्लीकेट कॉपी भी खोजकर हटानी होगी।

इस कानून को पारित कराने में फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प की अहम भूमिका रही। मार्च में उन्होंने कांग्रेस के सदस्यों से मिलकर इस कानून के पक्ष में लॉबिंग की थी। बिल को सीनेट और हाउस दोनों में भारी बहुमत से समर्थन मिला।

भारतीय पीएचडी छात्रा प्रिया सक्सेना के सिर पर लटक रही निर्वासन की तलवार हट गई है। अब उनका अस्थाई रूप से अमेरिका में रहने का रास्ता साफ हो गया। 28 वर्षीय प्रिया साउथ डकोटा की एक यूनिवर्सिटी की छात्रा हैं।

प्रिया को ट्रम्प प्रशासन निर्वासित करने जा रहा था, लेकिन अमेरिका की फेडरल कोर्ट के आदेश के बाद प्रिया को अब अमेरिका में रहने की कानूनी रूप से अनुमति मिल गई है। प्रिया ने हाल ही में साउथ डकोटा स्कूल ऑफ माइंस एंड टेक्नोलॉजी से केमिकल एंड बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।

अप्रैल 2025 में होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा सामान्य यातायात उल्लंघन के कारण अप्रत्याशित रूप से उनके एफ-1 छात्र वीजा को रद्द करने के बाद उसे निर्वासन की प्रकिया का सामना करना पड़ा था। हालांकि, उनका वीजा फरवरी 2027 तक वैध था। फिर भी स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम रिकॉर्ड हटा दिया गया। इस वजह से संभवतः उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करने और 10 मई को स्नातक होने से रोका जा सकता था। ऐसे में उन्होंने मुकदमा दायर किया। इस पर फेडरल कोर्ट द्वारा एक अस्थायी निरोधक आदेश दिया गया।

# पाकिस्तानी सेना की एक और करतूत

## अपने ही लोगों पर ड्रोन हमले का शक, चार बच्चों की मौत

इस्लामाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना की एक और करतूत सामने आई है। दरअसल पाकिस्तानी सेना पर आरोप लगा है कि उसने अपने ही लोगों पर ड्रोन हमला कर दिया। इस हमले में चार बच्चों की जान चली गई है। ड्रोन हमला पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में हुआ। जिसके बाद हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने न्याय की मांग की। इस हमले का शक पाकिस्तानी सेना पर जताया जा रहा है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य का नॉर्थवेस्ट इलाका पाकिस्तानी तालिबान का गढ़ माना जाता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नॉर्थवेस्ट के मीर अली इलाके में यह ड्रोन हमला किसने किया। अभी तक घटना को लेकर पाकिस्तान की सेना ने भी कोई बयान जारी नहीं किया है। एक स्थानीय नेता ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि 'हम किसी पर आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन हमें न्याय चाहिए।

# शहबाज ने कश्मीर मुद्दा उठाने पर ट्रम्प की तारीफ की

## भारत को धमकी– सीजफायर तोड़ा तो कड़ा जवाब देंगे, गोल्डन टेंपल पर हमले से सेना का इनकार



इस्लामाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर का मुद्दा उठाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ की है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था, 'मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या 'हजार साल' बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है।'

शहबाज ने सोमवार को कराची में नौसेना के डॉकयार्ड का दौरा किया। यहां उन्होंने सैनिकों को संबोधित भी किया।

इस दौरान शहबाज ने नेवी की तारीफ में कहा, भारतीय नौसेना का एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत पाकिस्तान के 400 समुद्री मील करीब पहुंच गया था। लेकिन पाकिस्तान की आर्मी और एयरफोर्स से भारी नुकसान झेलने के बाद, नौसेना की तैयारियों को भांपकर विक्रांत पीछे हट गया।

पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर हमले की कोशिश से इनकार किया है। मंदिर पर हमले से जुड़े सवाल के जवाब में सेना ने कहा कि हम सभी पूजा स्थलों को सम्मान देते हैं और गोल्डन टेंपल जैसे पवित्र स्थल को निशाना बनाने के बारे में नहीं सोच सकते।

इससे पहले भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था। सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया।

पाकिस्तान और भारत ने आपसी सहमति से अपनी सेनाओं को एलओसी और इंटरनेशनल बॉर्डर पर 7 मई यानी संघर्ष शुरू होने से पहले की पोजिशन पर तैनात करने का फैसला किया है।

जियो न्यूज ने यह रिपोर्ट पाकिस्तानी मिलिट्री अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों की मिलिट्री लीडरशिप, खासकर डायरेक्टर्स जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) इस वापसी के लिए आपस में तालमेल कर रहे हैं।

यह कदम तनाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पाकिस्तानी आर्मी के एक सीनियर अधिकारी ने मीडिया को बताया कि यह फैसला अमेरिका समेत कई देशों की डिप्लोमेटिक कोशिशों से मुमकिन हुआ।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री और डिप्टी पीएम इशाक डार कल 3 दिन के चीन दौरे पर रवाना हुए। वे आज चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-पाक संघर्ष और क्षेत्रीय हालात पर बातचीत करेंगे।

इससे पहले डार ने शनिवार एक मीडिया चैनल से कहा कि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम कायम है और तनाव कम करने की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने कहा- एक रोडमैप तैयार है और हम उसे फॉलो कर रहे हैं। अगला कदम बातचीत है और हम इसके लिए तैयार हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन बनयानुन मार्सूस के दौरान शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के इस्तेमाल को लेकर भारतीय मीडिया की तरफ से किए जा रहे दावे झूठे और बेबुनियाद हैं। बात दें शाहीन मिसाइल परमाणु और पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है।

पाकिस्तान ने कहा कि बिना जांच के भड़काऊ और गलत खबरें फैलाना क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाता है और यह आधिकारिक संस्थानों की पेशेवर छवि को भी कमजोर करता है।

# रेड लाइट पार करने की लापरवाही पड़ी भारी

वॉशिंगटन, 20 मई (एजेंसियां)। ताइवान में एक बेकाबू कार ने पैदल लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी (78 वर्षीय) कार चालक हादसे के बाद से कोमा में है। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि एक चौराहे के ट्रैफिक पर रेड लाइट थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ड्राइवर ने रेड लाइट को अनदेखा कर कार दौड़ा दी। इस दौरान कार ने तीन स्कूटर और एक साइकिल सवार को टक्कर मारी। इसके बाद कार डिवाइडर को टक्कर मारकर रुकी। घटना राजधानी ताइपे में हुई। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें घायल सड़क पर तड़पते दिख रहे हैं। कुछ लोग उन्हें सीपीआर देने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में चौराहे पर मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है।

मृतकों में एक 40 वर्षीय महिला और जूनियर हाई स्कूल के दो छात्र शामिल हैं। ये तीनों पास के एक हाई स्कूल से थे। घटना में 12 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में उसी स्कूल के सात छात्र शामिल हैं। हादसे में आरोपी कार चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जांच में पता चला है कि हादसे के समय ड्राइवर ने शराब नहीं पी हुई थी। पुलिस हादसे के अन्य कारणों की जांच कर रही है।

# इंडियाना में पुलिस अधिकारी की हत्या के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा

## घातक इंजेक्शन लगाकर दिया गया मृत्युदंड

मिशिगन सिटी, 20 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के इंडियाना राज्य में एक व्यक्ति को वर्ष 2000 में एक पुलिस अफसर की हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई है। यह पिछले 15 सालों में इस राज्य में दी गई दूसरी मौत की सजा है। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान आरोपी बेंजामिन रिची और उसके साथियों ने इंडियाना के बीच ग्रोव शहर में एक कार चुराई थी। जब पुलिस अधिकारी टोनी ने रिची का पीछा किया, तब रिची ने उन पर चार गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।


बता दें कि, 45 वर्षीय बेंजामिन रिची को साल 2002 में पुलिस अधिकारी बिल टोनी की हत्या के जुर्म में सजा सुनाई गई थी। बिल टोनी बीस ग्रोव पुलिस विभाग में काम करते थे और 31 साल के थे। वह दो बच्चों के पिता थे।

इस घटना के बाद 22 साल बाद आरोपी बेंजामिन रिची को इंडियाना के मिशिगन सिटी में स्थित राज्य कारागार में मंगलवार आधी रात के बाद घातक इंजेक्शन लगाकर मृत्युदंड दिया गया। रात 12:46 बजे उसे मृत घोषित किया गया। वहीं मौत की सजा से पहले आरोपी रिची ने पैरोल बोर्ड से कहा, 'मैंने अपनी और दूसरों की जिंदगियां बर्बाद कर दीं। उस रात के लिए मैं बेहद शर्मिंदा हूं। काश मैं अपने उस 20 साल के खुद को रोक पाता, जो किसी की सुनता ही नहीं था।' मृत्युदंड से पहले रिची के वकीलों ने कोर्ट में यह दलील दी कि वह बचपन से मानसिक बीमारियों से पीड़ित था। उसकी मां ने गर्भावस्था के दौरान शराब और नशे का सेवन किया। रिची को फीटल अल्कोहल स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर और बचपन में सीसे के जहर का सामना करना पड़ा था। साल 2005 में उसे बाइपोलर डिसऑर्डर का भी इलाज हुआ था।

रिची के वकीलों ने उसकी सजा माफ करने की अपील की थी। लेकिन इंडियाना के नए रिपब्लिकन गवर्नर माइक ब्रौन ने इसे ठुकरा दिया। पैरोल बोर्ड ने बताया कि जेल में रहते हुए रिची ने कई बार हिंसा की धमकियां दीं और अनुशासन तोड़ा। बता दें कि, इंडियाना और वायोमिंग अमेरिका के दो राज्य हैं जहां मीडिया को फांसी की प्रक्रिया देखने की अनुमति नहीं है।

# पाकिस्तान में चीन बना रहा दुनिया का पांचवां ऊंचा डैम

## 700 फीट ऊंचाई, पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई होगी



इस्लामाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। चीन ने पाकिस्तान में मोहमंद डैम के निर्माण को तेज करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर और वाटर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट है। चीन ने यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उठाया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डैम में कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है। चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया है।

इस डैम का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी चाइना एनर्जी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन कर रही है। इस कंपनी ने 2019 में काम शुरू किया था। यह खबर पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के बीजिंग दौरे से पहले आई है, जहां वे चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात करेंगे। मोहमंद डैम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में स्वात नदी पर बन रहा है। यह एक बहुउद्देशीय कंक्रीट-फेस्ड रॉकफिल डैम है, जो बाढ़ कंट्रोल, सिंचाई, पीने का पानी और बिजली उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। 700 फीट ऊंचा यह डैम दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा डैम होगा। यह डैम पूरा होने पर 800 मेगावाट जल विद्युत (हाइड्रोपावर) पैदा करेगा और पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई करेगा।

इसके अलावा, यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करेगा और निचले इलाकों को मौसमी बाढ़ से बचाएगा।

# पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए शुक्रिया

## ऑपरेशन सिंदूर के डर से चीन की शरण में बयानवीर डार, बना रहे प्लान

इस्लामाबाद, 20 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार चीन की यात्रा पर हैं। भारत के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी करने वाले डार चीनी विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर सोमवार को तीन दिन (19-21 मई) के दौरे पर बीजिंग पहुंचे हैं। डार का ये दौरा पाकिस्तान के भारत के साथ चार दिन चले सैन्य संघर्ष के बाद हो रहा है। इशाक डार 6-7 मई को भारत की ओर से पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ढांचों पर हमले के बाद चीन का दौरा करने वाले पहले उच्चस्तरीय पाकिस्तानी अधिकारी हैं। ऐसे में इसे पाकिस्तान की ओर से चीन को शुक्रिया कहने के लिए हो रहे दौरे की तरह देखा जा रहा है। इशाक डार ने पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करने के लिए चीन का आभार जताया है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, डार की यह यात्रा पाकिस्तान और भारत के बीच हाल ही में बढ़े तनाव के बाद क्षेत्रीय स्थिरता पर चर्चा करने के लिए हो रही है। भारत के रक्षा एक्सपर्ट चीन-पाकिस्तान की क्षेत्रीय स्थिरता पर चर्चा को भारत के खिलाफ रणनीति बनाने की तरह देख रहे हैं। डार के बीजिंग पहुंचने की वजह भारत का आक्रामक रुख भी माना जा रहा है। भारत ने साफ किया है कि ऑपरेशन सिंदूर को खत्म ना माना जाए। अगर आतंकी घटना हुई तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। ऐसे में पाकिस्तान की कोशिश है कि चीन उसके साथ खड़ा रहे।

बीजिंग में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के अंतर्राष्ट्रीय विभाग के मंत्री लियू जियानचाओ और डार की मुलाकात में भी दोनों नेताओं ने पाकिस्तान और चीन के संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। लियू ने इस दौरान कहा कि चीन अपने 'ऑल-वेदर स्ट्रैटेजिक कोऑपरेटिव पार्टनर' और बेहतरीन दोस्त पाकिस्तान को प्राथमिकता देते हुए इस्लामाबाद के साथ खड़ा होगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने भी इशाक डार के दौरे को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया है। डार ने इस दौरान कहा कि चीन और पाकिस्तान हमेशा एक दूसरे का साथ देंगे।

इशाक डार के बीजिंग में रहते हुए चीन ने भी भारत-पाक तनाव पर प्रतिक्रिया दी है। चीन ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम समझौते को बनाए रखने के लिए उनकी ओर से रचनात्मक भूमिका निभाई जाएगी।

# अमेरिका का दुश्मन पड़ोसी खरीदेगा राफेल से टकराने वाला जे-10सी फाइटर जेट

## चीन ने दिया लालच, ट्रंप की बेवकूफी का नतीजा?



बीजिंग/बोगोटा, 20 मई (एजेंसियां)। राफेल फाइटर जेट के साथ टकराने वाले जे-10सी लड़ाकू विमान को चीन अमेरिका के पड़ोसी देश को बेचने की कोशिश कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप अगर डील को रोकने में नाकाम होते हैं तो फिर वो दिन दूर नहीं होगा, जब अमेरिका के नाक के नीचे चीनी फाइटर जेट उड़ान भरता नजर आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन ने अमेरिका के पड़ोसी देश कोलंबिया को जे-10सी फाइटर जेट ऑफर किया है। कोलंबिया ने कुछ ही दिन पहले चीन के साथ बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने के लिए दस्तखत किए हैं। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) लैटिन अमेरिकी क्षेत्र के लिए चीन की सबसे मजबूत दावेदारी है, जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका अपना बैकयार्ड मानता है।

पिछले हफ्ते ही कोलंबिया बीआरआई में शामिल होने वाला 23वां लैटिन अमेरिकी देश बन गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की चीन-लैटिन अमेरिकी और कैरिबियन राज्यों के समुदाय (सीईएलएसी) फोरम के लिए चीन की यात्रा के दौरान बीआरई पर हस्ताक्षर किए गए थे। अमेरिका ने बार बार लैटिन अमेरिकी देशों को बीआरआई को लेकर चेतावनी दी है और बीआरआई के जोखिमों से सावधान रहने की सलाह दी है, लेकिन फिर भी लैटिन अमेरिकी देशों में चीन की पकड़ मजबूत होती जा रही है। अमेरिका और कोलंबियों के बीच जनवरी 2025 में जमकर कूटनीतिक विवाद हुआ था और इसके बाद ही कोलंबिया चीन के खेमे में पहुंच गया। डोनाल्ड ट्रंप ने जब अवैध प्रवासियों को कोलंबिया वापस भेजने की कोशिश की थी तो कोलंबिया के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य विमान को अपने देश की सीमा में घुसने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया।



# 15.57 करोड़ से हेरिटेज लुक में तैयार फतेहपुर रेलवे स्टेशन

## अब फ्रेस्को पेंटिंग से सजेगी दीवारें, अब पीएम मोदी देंगे सौगात

सीकर, 20 मई (एजेंसियां)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फतेहपुर रेलवे स्टेशन को करीब 15.57 करोड़ रुपए की लागत से पुर्नविकसित किया गया है। इसके तहत रेलवे स्टेशन को लाल पत्थरों से हेरिटेज लुक देने सहित प्रवेश व निकासी के अलग- अलग द्वार बनाए गए हैं। दिव्यांगों के लिए अलग रैंप, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई में वृद्धि, कोच डिस्प्ले बोर्ड, पेयजल, शौचालय, टीनशैड व पार्किंग सहित कई विकास कार्य हुए हैं। इनका निरीक्षण करने एडीआरएम गौरव गौड व डीसीएम कमल शर्मा फतेहपुर पहुंचे। विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ उन्होंने प्रेसवार्ता भी की। उन्होंने बताया कि हवेलियों व भित्ती चित्रों के लिए प्रसिद्ध फतेहपुर के स्टेशन का हेरिटेज सौंदर्य भी बढ़ाया



जाएगा। इसके लिए स्टेशन की दीवारों पर लोक संस्कृति से जुड़ीफ्रेस्को पेंटिंग (भित्ती चित्र) करवाया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान डिवीजन एईएन श्रवण चौधरी व पीआरओ राकेश चौधरी भी साथ रहे। फतेहपुर के पुर्नविकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। बीकानेर में आयोजित सभा से वे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रदेश के बूंदी, माण्डल-गढ़, देशनोक, गोगामेड़ी, गोविंदगढ़, मण्डावर-महुवा रोड और राजगढ़ सहित देश के 103 पुर्नविकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन एक साथ होगा।

एडीआरएम गौड़ ने बताया कि फतेहपुर रेलवे स्टेशन को 2047 तक के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। स्टेशन पर फिलहाल 2400 यात्रियों की आवाजाही है, लेकिन यहां विकसित सुविधाएं ढाई से तीन गुना ज्यादा यात्रियों के लिए भी पर्याप्त होगी। अमृत स्टेशन योजना के तहत सीकर रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प किया जा रहा है। इसके तहत रेलवे स्टेशन के पीछे राधाकिशनपुरा व नवलगढ़ रोड की तरफ से दो नए एंट्री गेट के साथ सड़क निर्माण हो चुका है। वेटिंग व टिकट विंडो हॉल, पार्किंग व नए एफओबी सहित अन्य कार्य अंतिम चरण में है। सूत्रों की मानें तो पहले सीकर स्टेशन का उद्घाटन भी 22 मई को पहले चरण में करवाने की योजना थी, लेकिन टिकट विंडो के प्लेफॉर्म व फर्नीचर की उंचाई में हुई गड़बड़ी की वजह से उसका नए सिरे से किए जा रहे कार्य की वजह से इसे शामिल नहीं किया गया।

# पीएम मोदी के दौरे पर पायलट बोले

# राजस्थान आएं तो कोई बड़ी घोषणा करके जाएं

## भाषण से काम नहीं चलेगा

बीकानेर, 20 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 मई को बीकानेर दौरे को लेकर पूरे डिप्टी सीएम कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने निशाना साधा है। सचिन पायलट ने कहा कि प्रधानमंत्री विधानसभा चुनाव से पहले भी आए और लोकसभा चुनाव से पहले भी आए, लेकिन भाषण देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री आ रहे हैं तो उन्हें राजस्थान के लिए कोई बड़ी घोषणा करनी होगी और उस पर अमल करना होगा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पायलट ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने साल 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले अजमेर में ईस्टर्न कैनाल परियोजना ईआरसीपी को



राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी, उस पर आज तक अमल नहीं किया गया है। परियोजना को लेकर जो एमओयू हुआ है वह किसी के सामने नहीं आया है। पायलट ने कहा कि प्रधानमंत्री बीकानेर दौरे पर आ रहे हैं तो उन्हें राजस्थान के हित में कुछ सार्थक घोषणाएं करनी होंगी, केवल भाषण देने से काम नहीं चलेगा।

सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बजट पेश होता है तो राजस्थान के हित में कोई घोषणा सुनने के लिए कान तरस जाते हैं। कोई घोषणा नहीं होती है। वित्त मंत्री बजट पेश करते हैं, कोई घोषणा राजस्थान के हित में नहीं होती है।

सचिन पायलट ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कश्मीर मामले पर दिए गए बयान को लेकर कहा कि ट्रंप ने कश्मीर का मामला सुलझाने की जो बात की है जो एक खतरनाक सोच है, क्योंकि बेवजह कश्मीर का अंतरराष्ट्रीय कारण किया जा रहा है।

यह मामला भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है। केंद्र सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि कंवरलाल लाल मीणा के मामले में विधानसभा स्पीकर भाजपा और आरएसएस के दबाव में काम कर रहे हैं।

# पूरे कुएं में भांग मिली है- बोले हनुमान

## सद्बुद्धि यज्ञ कर उठाई बर्खास्तगी की मांग



जयपुर, 20 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रहे कथित घोटालों और अनियमितताओं को लेकर सियासी तापमान लगातार बढ़ रहा है। नागौर से सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने राजस्थान लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर जारी धरने के दौरान बेनीवाल ने कहा, पूरे कुएं में भांग मिली है, अब पूरे सिस्टम को बदलना जरूरी हो गया है।

बेनीवाल ने आरएएस 2021 और जेटीए 2024 परीक्षाओं का हवाला देते हुए मूल्यांकन प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने मीडिया को आरएएस मेंस की उत्तर पुस्तिका दिखाते हुए बताया कि खाली छोड़े गए उत्तर पर भी नंबर दिए गए हैं। उनका कहना है कि आरपीएससी पैसे लेकर 0 को 7 नंबर बना देता है।

उन्होंने आरपीएससी चेयरमैन और सदस्यों की भूमिका को संदिग्ध बताया और सवाल उठाया कि यदि कोई सदस्य भ्रष्टाचार में पकड़ा जाता है तो क्या चेयरमैन अंजान हो सकता है? बेनीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि आयोग में केवल आदिवासी और पिछड़ी जातियों के सदस्यों पर ही कार्रवाई होती है, जो जातीय भेदभाव का संकेत है।

जेटीए परीक्षा में ओएमआर शीट पर परीक्षार्थी और वीक्षक के हस्ताक्षर नहीं होने को लेकर भी बेनीवाल ने कहा कि यह नया चीटिंग मॉडल है, जिससे बाद में ओएमआर बदलकर मनचाहे अभ्यर्थी को पास किया जा सकता है। उन्होंने राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन आलोक राज को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की।

धरने के दौरान सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसमें रालोपा कार्यकर्ताओं और अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य सरकार और आयोगों को सद्बुद्धि प्राप्त हो, यही प्रार्थना करना बाकी रह गया है।

बेनीवाल ने आरएएस 2018 की उत्तर पुस्तिकाओं में भी अनियमितता का मुद्दा उठाया और सभी कॉपियों को सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने भाजपा आईटी सेल पर आरोप लगाया कि वे उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर समाजों के बीच खाई पैदा कर रहे हैं। सांसद ने स्पष्ट किया कि वे पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के पक्षधर हैं और योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

# भीलवाड़ा कलक्ट्रेट को मिली बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप



भीलवाड़ा, 20 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले स्थित कलक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ईमेल के माध्यम से दी गई इस धमकी के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली कराया गया है और आसपास के क्षेत्र में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

जिला प्रशासन ने तत्काल अजमेर से बम निरोधक दस्ते को भीलवाड़ा के लिए रवाना कर दिया है। दस्ते के पहुंचने और जांच प्रक्रिया पूरी होने तक कलेक्ट्रेट में आम लोगों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

इस अप्रत्याशित घटना से कलेक्ट्रेट कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस धमकी भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने और मामले की तह तक जाने के लिए जांच में जुट गई है।

फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि धमकी वास्तविक है या महज अफवाह। हालांकि, प्रशासन किसी भी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है और सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। बम निरोधक दस्ते की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# एसडीएम थप्पड़ कांड में आया बड़ा अपडेट

## नरेश मीणा की टोंक एससी-एसटी कोर्ट में हुई पेशी

टोंक, 20 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के चर्चित थप्पड़ कांड मामले में जेल में बंद निर्दलीय नेता नरेश मीणा की एससी-एसटी कोर्ट टोंक में मंगलवार को पेशी हुई। कोर्ट में केस संख्या 166/24 में सुनवाई पूरी हो चुकी है, जबकि केस संख्या 167/24 में आज चार्ज बहस सुनी गई। कोर्ट ने इस पर 30 मई को फैसला सुनाने की तारीख तय की है। पेशी के बाद नरेश मीणा को पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच बूंदी जेल वापस ले गई।-

### नरेश मीणा की सुनवाई फिर टली

बता दें, नरेश मीणा की जमानत पर आज फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन अदालत ने कोई राहत नहीं दी। वकील फतेहराम मीणा और सलीम सूरी ने उनकी तरफ से पैरवी की। कोर्ट ने दूसरी केस में चार्ज बहस सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

### सब जगह भ्रष्ट सिस्टम है- नरेश

पेशी के बाद कोर्ट परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए नरेश मीणा ने प्रशासन और न्याय



व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं 6 महीने से जेल में हूं, जबकि केस केवल 323 और 332 जैसी मामूली धाराओं का है। मुझे सजा नहीं, सिस्टम से साजिश मिल रही है। यहां जात और धर्म देखकर न्याय दिया जा रहा है। पुलिस ने उनकी टिप्पणी के तुरंत बाद उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस बस में बैठाया और रवाना कर दिया।

दरअसल, देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के समरावता गांव में 2023 के उपचुनाव के दौरान बड़ी हिंसा हुई थी। ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था और निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ग्रामीणों के समर्थन में धरने पर बैठे थे। धरने के दौरान नरेश मीणा ने आरोप लगाया कि प्रशासन जबरन मतदान करवा रहा है। इसी दौरान उन्होंने एसडीएम अमित चौधरी को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मार दिया था।

इसके बाद हालात बिगड़ गए। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई, पुलिस ने लाठीचार्ज किया और प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। इसके साथ ही गांव में कई गाड़ियों में आगजनी भी की गई थी। पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में लिया, लेकिन उनके समर्थकों ने सैकड़ों की संख्या में हमला कर उन्हें छुड़ाकर ले गए। इस पूरे

# विभागीय समीक्षा बैठक में एसडीओ सस्पेंड

## एसडीएम और तहसीलदार पर भी गिरी गाज

जयपुर, 20 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर और एसपी सहित कई उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान रायपुर (ब्यावर) के एसडीओ गुलाबचंद वर्मा को भ्रष्टाचार की शिकायत के चलते तत्काल सस्पेंड कर दिया गया, वहीं रामसर (बाड़मेर) के एसडीएम अनिल कुमार जैन को एपीओ पर भेजा गया। साथ ही रायपुर (ब्यावर) तहसीलदार पुष्पेंद्र पंचाल और रामसर (बाड़मेर) तहसीलदार अशोक कुमार मेघवाल दोनों को एपीओ किया गया।

यह कार्रवाई भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें संज्ञान में आने के बाद बैठक के दौरान ही की गईं, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई।

मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, एनएफएसए के तहत आवेदनों की स्थिति, कार्मिकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लंबित प्रकरण, बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन, जनसुनवाई और अवैध खनन जैसे मुद्दों पर भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनना होगा और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं लीक करता पकड़ा गया सरकारी कर्मचारी




जैसलमेर, 20 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद राजस्थान के सरहदी जिले जैसलमेर में पाकिस्तान की आइएसआइ की जासूसी गतिविधियां तेज हो गई हैं। 464 किमी लंबी भारत-पाक सीमा से सटा यह जिला सामरिक और पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

हाल ही सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध गतिविधियों का खुलासा किया। एक सरकारी कर्मचारी को वाट्सऐप और कॉल के जरिये गोपनीय सूचनाएं लीक करते पकड़ा गया, जिसने सुरक्षा व्यवस्था को झकझोर दिया। आइएसआइ स्थानीय युवाओं को लालच देकर जासूसी नेटवर्क में शामिल कर रही है।

जैसलमेर के विशाल क्षेत्रफल और 300 से अधिक प्रतिबंधित गांवों में निगरानी चुनौतीपूर्ण है। नाचना, मोहनगढ़, रामगढ़ जैसे क्षेत्रों में बाहरी लोगों के सत्यापन में सक्रियता की जरूरत है। सुरक्षा चौकियों की कमी से चुनौतियां बढ़ी हैं। सेना के ठिकानों और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

### जैसलमेर पर गड़ी हैं गिद्ध नजरें

पाकिस्तान से सटा सरहदी जैसलमेर जिला वीवीआइपी लोगों की पसंद, पर्यटन नगरी में प्रतिवर्ष लाखों सैलानियों की रहती है आवक, पोकरण व किशनगढ़ जैसी फील्ड फायरिंग रेंज में आए दिन हो रहे सैन्य अभ्यास, मिसाइल व युद्धक हथियारों के परीक्षण के लिए अनुकूल क्षेत्र ताकि मजबूत हो सुरक्षा चक्र, सरहदी थाना क्षेत्रों में बीट प्रणाली और रात्रि गश्त को मजबूत किया जाए, नई पुलिस चौकियों की स्थापना तत्काल हो, अज्ञात कॉल्स, अनजान गतिविधियों पर सतर्कता की सलाह दी जाए।

जैसलमेर में पकड़े गए जासूस की घटना के बाद पुलिस तंत्र सतर्क है। संदिग्ध लोगों पर नजर है और सोर्सेज से इनपुट हासिल किए जा रहे हैं।

आमजन से अपील की जा रही है कि संदिग्ध लोगों व संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सूचना हो तो पुलिस को तुरंत दें।

# कलेक्टर टीना डाबी को सांसद उम्मेदाराम की हिदायत

# बड़ी कंपनियों के मुनीम न बनें एसडीएम

बाड़मेर, 20 मई (एजेंसियां)। जिले में सोलर और विंड एनर्जी कंपनियों की बढ़ती गतिविधियों के बीच स्थानीय ग्रामीणों की नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। जिला मुख्यालय पर आयोजित एक बैठक के दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने जिला कलेक्टर टीना डाबी से इस मुद्दे पर शिकायत दर्ज कराई। बेनीवाल ने कहा कि इन कंपनियों के साथ कई रिटायर्ड अधिकारी जुड़े हुए हैं, जो ग्रामीणों पर धौंस जमाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियां प्रभावितों को उचित मुआवजा नहीं दे रही हैं, जबकि उपखंड अधिकारी जैसे प्रशासनिक अधिकारी कंपनियों का पक्ष ले रहे हैं और कंपनी के मुनीम की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि आम जनता के साथ अन्याय न हो। सांसद के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कलेक्टर टीना डाबी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं किया गया है। हालांकि बैठक के दौरान कुछ ग्रामीणों ने भी अपनी आवाज उठाई और अधिकारियों पर सरकारी जमीन खाली नहीं करवाने और ग्रामीणों पर रौब झाड़ने का आरोप लगाया।

गौरतलब है कि बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में कई सौर और पवन ऊर्जा कंपनियां सक्रिय हैं। इन कंपनियों पर पहले भी आरोप लगते रहे हैं कि वे समय पर उचित मुआवजा नहीं देतीं और प्रशासनिक



समर्थन के बल पर मनमाने ढंग से जमीन अधिग्रहण करती हैं। यह मुद्दा तब और गरमा गया जब 17 मई को शिव क्षेत्र के मनिहारी गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प देखी गई, जिसमें एक महिला को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया। इसके विरोध में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने थाने का घेराव किया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हाईटेंशन लाइन के खंभे लगाने में बाधा डालने के आरोप में कुछ ग्रामीणों, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, को हिरासत में लिया था। विधायक भाटी ने पुलिस पर निजी कंपनियों की मिलीभगत से किसानों के साथ दुर्व्यवहार करने और मुआवजा दिए बिना जमीन पर कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया।

# भाई के हाथों से हो गई बहन की दर्दनाक मौत

डूंगरपुर, 20 मई (एजेंसियां)। डूंगरपुर के धम्बोला थाना क्षेत्र के मेवडा गांव में विवाद के दौरान बीच-बचाव के दौरान भाई के हाथों ही लट्ठ बहन के सिर पर जा लगा, जिससे उसकी मौत हो गई। वाकया भाई का गांव के कुछ युवकों से विवाद के दौरान हुआ।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। वहीं शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया हैं।

धम्बोला थाने के एसआई जवाहरलाल ने बताया कि लिखतिया पंचकुंडी निवासी कांतिलाल डामोर ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसके ससुराल मेवडा में शादी थी। जिसके चलते वह अपनी पत्नी शारदा के साथ मेवडा गया था। इस दौरान नाचने की बात को लेकर साले प्रकाश रोत का गांव के कुछ लडकों से झगडा हो गया। झगडे के दौरान शारदा बीच -बचाव के लिए गई। इस दौरान प्रकाश एक लट्ठ से किसी युवक को मार रहा था, जिसके बीच में शारदा आ गई ओर लट्ठ उसके सिर पर जा लगा।

सिर पर गंभीर चोट लगने से शारदा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मौके से जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी भाई को डिटेन किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# शादी में परोस दी ऐसी डिश, मेहमान गिरफ्तार

बाड़मेर, 20 मई (एजेंसियां)। पिछले दिनों पुलिस ने जैसलमेर में बड़ा एक्शन लेते हुए एक शादी समारोह में कुछ लोगों को अरेस्ट किया था और अब बालोतरा में इस तरह का एक्शन लिया गया है। शादी में मनाही के बाद भी नशा परोसने का मामला सामने आने के बाद दुल्हन के पिता और कुछ अन्य मेहमान अरेस्ट किए गए हैं। यह एक्शन एक वीडियो वायरल होने के बाद लिया गया था। फिलहाल बायतु पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दिख रहा था कि कुछ लोग अफीम और डोडे की मनुहार कर रहे हैं और शादी का वीडियो है। मनुहार में कुछ लोगों ने अफीम और डोडा हाथों में लिया और उसका सेवन भी किया। यह वीडियो वायरल होने के बाद सादा वस्त्रों में बायतु पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और जगह पहचान करने में सफलता हासिल की। जांच में सामने आया कि गांव में हनुमानाराम नाम के व्यक्ति के बेटा और बेटी की शादी है।

# 12 करोड़ की हेरोइन, विदेशी हथियार, बॉर्डर इलाके से पंजाब तक चल रहा खेल बेनकाब

श्रीगंगानगर, 20 मई (एजेंसियां)। ाजस्थान के लगातार हो रही तस्करी पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। इसी क्रम में मंगलवार को श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने नशा तस्करी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ कर ड्रग माफिया को करारा झटका दिया है। पुलिस ने अमृतसर और मलोट से तस्करी कर लाई गई 2 किलो 183 ग्राम अवैध हेरोइन, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है, उसे बरामद कर लिया है। इस सनसनीखेज कार्रवाई में 5 तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 7 पिस्टल (6 ग्लॉक विदेशी पिस्टल, 1 जिगाना पिस्टल), 13 मैगजीन, 32 जिंदा कारतूस थे। इसके अलावा एक कार और एक मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त की गई। एसपी और डीआईजी गौरव यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह कार्रवाई जिला स्पेशल टीम की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई का नतीजा है। ऑपरेशन को आईपीएस बी. आदित्य और डीएसटी प्रभारी रामविलास बिश्नोई की अगुआई में अंजाम दिया गया। इस मिशन में डीएसटी के अश्वनी की भूमिका सबसे अहम रही, जिनकी सटीक सूचना और रणनीति ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार तस्कर पंजाब के अमृतसर और मलोट से हेरोइन लाकर राजस्थान में सप्लाई करते थे।

# कांग्रेस ने मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को बीआरएस सरकार की पहलों से कराया अवगत



हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। विधानसभा चुनाव से पहले और बाद में कांग्रेस ने पिछली बीआरएस सरकार पर राज्य के विकास में विफल रहने का आरोप लगाया और उसके योगदान पर सवाल उठाए, लेकिन अब इन दावों के ठीक उलट कांग्रेस सरकार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के प्रतियोगियों को बीआरएस सरकार के तहत अलग-अलग पहल और उपलब्धियों का प्रदर्शन कर रही है। पिछले कुछ दिनों से मिस वर्ल्ड प्रतियोगी राज्य भर में विभिन्न स्थानों का दौरा कर रही हैं, जिनमें यदागिरिगुट्टा मंदिर, एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी), बीआर अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय और बुद्धवनम आदि शामिल हैं।

राज्य की आध्यात्मिक राजधानी यादगिरिगुट्टा के पारंपरिक शैली और प्रभावशाली वास्तुकला के साथ पुनर्निर्माण ने देश में मंदिर पर्यटन सर्किट पर तेलंगाना को एक नई पहचान दी है, जब पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने इस जीर्णोद्धार परियोजना को अपने हाथ में लिया। मिस वर्ल्ड की प्रतिभागी मंदिर की आकर्षक मूर्तिकला और भव्यता से मंत्रमुग्ध हो गईं। उन्होंने पोचमपल्ली गांव का दौरा किया, जिसने नवंबर 2021 में बीआरएस सरकार के तहत संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन का सर्वश्रेष्ठ विश्व पर्यटन गांव पुरस्कार जीता था। मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने बुद्धवनम का भी दौरा किया, जिसे पिछली सरकार ने पूरा किया था।

इसके बाद एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र और सचिवालय का दौरा किया गया। आईसीसीसी में, प्रतिभागियों को उन्नत निगरानी प्रणाली, वास्तविक समय की पुलिसिंग और शहरी प्रबंधन तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। सचिवालय में, प्रतिभागियों को राज्य के प्रशासनिक केंद्र के अलावा संरचना के वास्तुशिल्प महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। ये सभी इमारतें पिछली बीआरएस सरकार द्वारा बनाई गई थीं। रविवार को जब वे सचिवालय पहुंचे तो परिसर में ड्रोन शो का आयोजन किया गया। यह शो भी पिछली सरकार ने ही राज्य में शुरू किया था।

दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने राज्य के प्रतीक में चारमीनार और काकतीय थोरानम की मौजूदगी को गलत बताते हुए कहा था कि ये पिछली तानाशाही का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने प्रतीक में बदलाव करने की भी योजना बनाई थी। हालांकि, मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को हेरिटेज वॉक के लिए चारमीनार ले जाया गया। इसी तरह, उन्हें रामप्पा मंदिर भी ले जाया गया, जिसे 25 जुलाई, 2021 को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।

मंगलवार को हैदराबाद के इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप हब टी-हब में 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल के हेड टू हेड चैलेंज की शुरूआत हुई। इस इमारत का निर्माण भी पिछली सरकार ने ही करवाया था। कुछ कल्याणकारी और विकास संबंधी पहलों पर पावरपॉइंट प्रस्तुतियों को छोड़कर, कांग्रेस सरकार के पास सत्ता में 18 महीने बाद भी दिखाने के लिए कुछ खास नहीं है और इसलिए वह पिछली बीआरएस सरकार के बारे में कही गई बातों को आसानी से भूल गई है।

## अश्वपुरम जंगलों में मालगाड़ी की चपेट में आए भारतीय बाइसन की मौत

कोत्तागुडेम, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के अश्वपुरम वन रेंज में रेलवे ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से अनुसूची-1 प्रजाति के एक नर भारतीय बाइसन की मौत हो गई। जांच के दौरान पता चला कि दुर्घटना मनुगुर में एससीसीएल खदानों से कोयला लेकर आ रही मालगाड़ी की वजह से हुई थी। पशु चिकित्सा सहायक सर्जन रुबीना फरहीन ने वन, पशु चिकित्सा और रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम किया। रेलवे और एससीसीएल के अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने और प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप करने के लिए कहा गया है। डीएफओ ने कहा कि लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे वन्यजीवों की आवाजाही के किसी भी मामले में वन विभाग को सूचित करें ताकि मानव और वन्यजीव संघर्ष को कम किया जा सके।

## विकाराबाद में सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत, 17 घायल



हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को विकाराबाद जिले के परगी मंडल के रंगापुर गांव में एक घातक घटना में बारातियों को ले जा रही एक निजी बस के अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 अन्य घायल हो गए। पीड़ितों की पहचान बलम्मा (60), संदीप (26), मल्लेश (30) और अश्विनी (30) के रूप में हुई है, जो शाबाद मंडल के विभिन्न गांवों के रिश्तेदार थे।

पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब 50 लोगों को लेकर जा रही निजी बस पारगी से शाबाद की ओर जा रही थी। 16 मई को पारगी में एक शादी में शामिल होने वाले पीड़ित सोमवार रात दुल्हन के घर पर औपचारिक रात्रिभोज के बाद लौट रहे थे। मंगलवार को जब बारात की बस करीब दो बजे रंगापुर के बाहरी इलाके में पहुंची तो ऐसा संदेह है कि चालक ने स्टीयरिंग पर से नियंत्रण खो दिया और बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई।

बस के अगले हिस्से में बैठे पीड़ितों को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 अन्य मामूली और मध्यम चोटों के साथ बच गए। परगी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मिस वर्ल्ड 2025 हेड टू हेड चैलेंज टी-हब में शुरू





हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल का बहुप्रतीक्षित हेड टू हेड चैलेंज आज हैदराबाद के इनोवेशन और उद्यमिता केंद्र टी-हब में शुरू हो रहा है। यू ट्यूब पर वैश्विक स्तर पर लाइव स्ट्रीम किया जाने वाला यह प्रमुख कार्यक्रम सभी मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को अपने विचार व्यक्त करने, अपनी परियोजनाओं को साझा करने और यह बताने का मंच प्रदान करता है कि उन्हें क्या प्रेरित करता है। दो प्रमुख समूहों में विभाजित, कार्यक्रम इस प्रकार है। 20 मई को अमेरिका/कैरिबियन और अफ्रीका तथा 21 मई को यूरोप/एशिया और ओशिनिया में प्रसारित होगा। हेड टू हेड चैलेंज का एक मुख्य आकर्षण ब्यूटी विद अ परपज़ पर ध्यान केंद्रित करना है- जो कि धर्मार्थ परियोजनाओं और समुदाय-संचालित पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के मिस वर्ल्ड के मिशन का मूल है। प्रतियोगी न केवल अपने प्रभावशाली काम को साझा करेंगे बल्कि एक बेहतर दुनिया के लिए अपने दृष्टिकोण का प्रदर्शन भी करेंगे। सबसे सम्मोहक भाषण देने वाली युवतियां अगले दौर में पहुंच जाएंगी, जो मिस वर्ल्ड के ताज की ओर उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हेड टू हेड चैलेंज को प्रतियोगिता के सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली चरणों में से एक माना जाता है, जो प्रतियोगियों की बुद्धिमत्ता, करुणा और वैश्विक जागरूकता पर प्रकाश डालता है। हैदराबाद में मंच पर बदलाव की आवाज़ें सुनने के लिए बने रहें।

## जूनियर सिविल जज ने सरकारी अस्पताल में बच्चे को दिया जन्म



राजन्ना-सिरसिल्ला, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वेमुलावाड़ा जूनियर सिविल कोर्ट की न्यायाधीश के. ज्योतिर्मई ने सोमवार को वेमुलावाड़ा सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल में अपने दूसरे बच्चे, एक बेटे को जन्म दिया। उन्होंने 16 अगस्त 2023 को इसी अस्पताल में अपनी पहली संतान, एक बेटी को जन्म दिया था। दोनों प्रसव सामान्य थे। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों के प्रति लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए वह प्रसव के लिए वेमुलावाड़ा क्षेत्र के अस्पताल में आ गईं। स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल का चयन करने के लिए ज्योतिर्मय की सराहना की।

# मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बढ़ा हुआ वेतन जारी करे सरकार : हरीश राव

### पूर्व मंत्री हरीश राव ने की कांग्रेस सरकार की आलोचना

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करने और पिछले साल से उन्हें उनके बढ़े हुए वेतन से वंचित रखने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने मांग की कि सरकार बढ़े हुए वेतन ग्रेड के अनुसार वेतन का भुगतान करे और बकाया राशि भी तुरंत उनके खातों में जमा करे।

हरीश राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को पत्र लिखकर कांग्रेस सरकार पर राजनीतिक अवसरवादिता का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि सबसे दूरदराज के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में काम करने वाली 3,989 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अनियमित नीति कार्यान्वयन के कारण वित्तीय और भावनात्मक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने याद दिलाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने सितंबर 2023 में मिनी आंगनवाड़ियों को आंगनवाड़ी का दर्जा देने के आदेश जारी किए थे, लेकिन चुनाव आचार संहिता के कारण कार्यान्वयन रुका हुआ था। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए दिसंबर 2023 में उसी आदेश को फिर से जारी किया। तीन महीने के लिए 13,650 रुपये का बढ़ा हुआ वेतन देने के बाद, सरकार ने अप्रैल 2024 से पुराने मिनी आंगनवाड़ी वेतनमान 7,800 रुपये पर वापस कर दिया। उन्होंने पूछा, कौन सी सरकार बढ़ी हुई तनख्वाह कम करती है? सरकार इसे कैसे उचित ठहरा सकती है? हरीश राव ने कहा कि असमंजस की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि सरकार ने इस साल अप्रैल में पुराने सरकारी आदेश को फिर से जारी किया था। फिर भी, इस साल मई में केवल आठ जिलों में ही बढ़ा हुआ वेतन वितरित किया गया।

उन्होंने कहा, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अभियान का साधन नहीं हैं। वे जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता हैं जो सबसे गरीब लोगों की सेवा करते हैं। उन्हें आर्थिक और भावनात्मक रूप से पीड़ित करना बेतुका है। उन्होंने मांग की कि मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जनवरी 2024 से बढ़ा हुआ वेतन दिया जाए और जहां भी जरूरत हो वहां तुरंत सहायकों की नियुक्ति की जाए।

# इमारत में आग लगने से दहशत का माहौल



हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पुराने शहर के छतरीनाका मेन रोड पर मंगलवार दोपहर को उस समय अफरातफरी मच गई जब एक जी प्लस 2 मंजिल की इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, आग घर के किचन में लगी और जल्द ही पूरे घर में फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही घर के लोग इमारत से नीचे की ओर भागे और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। चंद्रायनगुट्टा और मोगलपुरा फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा मृतकों को श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमल नारायण अग्रवाल महामंत्री गोविंद नारायण राठी ने गुलजार हाउस चार कमान में अग्निकांड में एक ही परिवार के 17 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं को शांति की कामना की। महामंत्री गोविंद नारायण राठी ने कहा कि यह घटना दिल दहलाने वाली है। मोदी परिवार इस ह्रदय विद्यारक घटना से पूरी तरह प्रभावित हुआ छोटे बच्चों सहित परिवार के सदस्यों की मृत्यु दुखद है इस अपार दुख की घड़ी में समस्त राजस्थानी समाज की संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पूरे परिवार के साथ है।

## पीसी घोष आयोग ने 5 जून को सुनवाई के लिए केसीआर को जारी किया समन

हरीश, इटेला को भी नोटिस

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। न्यायमूर्ति पीसी घोष आयोग ने कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना की चल रही जांच के तहत पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। बीआरएस प्रमुख के साथ पूर्व मंत्री टी. हरीश राव और भाजपा सांसद इटेला राजेंद्र को भी तलब किया गया है। उनकी उपस्थिति के लिए विशिष्ट तिथियां निर्धारित करते हुए आयोग चाहता था कि पूर्व मुख्यमंत्री 5 जून को उपस्थित हों, जबकि हरीश राव और राजेंद्र को क्रमशः 6 जून और 9 जून को बुलाया गया था।

तेलंगाना सरकार ने मेडिगड्डा, अन्नाराम और सुंडिला बैराज के निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए आयोग का गठन किया था। मार्च 2024 में इसके गठन के बाद से ही उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीसी घोष इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। पिछले एक साल में आयोग ने परियोजना में शामिल वरिष्ठ सिंचाई अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों की जांच की है। आयोग का कार्यकाल सोमवार को दो महीने बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया गया।



एएसराव नगर स्थित महावीर बैंक में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' में उपस्थित मुख्य अतिथि तेलंगाना सहकारी विभाग के प्रिंसिपल बी.वेंकैय्या, संयुक्त रजिस्ट्रार आर.संगीता, ऑडिटर के.संगीता, सोहनसिंह राजपुरोहित, कैलाश शर्मा, दुलीचन्द शर्मा का शॉल व पुष्प-गुलदस्ते से सम्मान करते हुए महावीर बैंक एमडी-सीईओ विजय कुमार चौधरी, एएसराव नगर शाखा मैनेजर पी.वी.गोपाल रेड्डी, विभिन्न शाखाओं के मैनेजर, सम्मानित ग्राहक व बैंक कर्मचारी। अवसर पर एमडी-सीईओ विजय कुमार चौधरी ने बताया कि महावीर बैंक डिजिटल तकनीक के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को आसान बैंकिंग समाधान प्रदान करेगा ताकि सभी वर्ग के लोग समृद्ध हो सके।

# टीटीडी बोर्ड बैठक में भक्तों के हित में कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

### तिरुमला पहाड़ियों में हरित आवरण को 80 प्रतिशत करने की मंजूरी

तिरुमला, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी बोर्ड की बैठक टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष बी आर नायुडू की अध्यक्षता में टीटीडी ईओ जे श्यामला राव और अन्य बोर्ड सदस्यों के साथ मंगलवार को तिरुमाला के अन्नामैया भवन में हुई और भक्तों के व्यापक हित में कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव लिए गए। बोर्ड बैठक के बाद, टीटीडी ईओ ने बोर्ड बैठक के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण प्रस्तावों के बारे में मीडिया को जानकारी दी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायुडू के निर्देशानुसार, बोर्ड ने वन विभाग के माध्यम से तिरुमला पहाड़ियों में हरित आवरण को मौजूदा 68.14 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने की मंजूरी दे दी है। सरकार की मंजूरी के बाद, वर्ष 2025-26 के लिए 1.74 करोड़, 2025-26 के लिए 1.74 करोड़, 2026-27 के लिए 1.74 करोड़ और 2027-28 के लिए 1.74 करोड़ सहित चरणबद्ध तरीके से सरकारी वन विभाग को 4 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2026-27 में 1.13 करोड़ तथा वर्ष 2027-28 में 1.13 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित है। तिरुचनूर, अमरावती, नारायणवनम, कपिलातीर्थम, नागलपुरम और वोंटीमिट्टा मंदिरों के विकास के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने के लिए आर्किटेक्ट (परामर्शदाताओं) से तकनीकी और वित्तीय प्रस्ताव प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है। तिरुमाला में सभी विश्राम गृहों का नाम देवताओं के नाम पर रखा गया है, सिवाय दो के, क्योंकि संबंधित दाताओं ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

टीटीडी बोर्ड ने निर्णय लिया है कि इन विश्राम गृहों के नाम टीटीडी द्वारा स्वयं बदले जाएंगे, जबकि सैनिक निवास (भारतीय सेना) विश्राम गृह के संबंध में, नाम परिवर्तन के लिए संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी। तिरुमाला में बड़ी कैंटीन और जनता कैंटीन के लिए लाइसेंस शुल्क तय करने के मुद्दे को मंजूरी दी गई है। भक्तों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए इसे प्रतिष्ठित संस्थानों को देने का निर्णय लिया गया है। आकाशगंगा और पापविनासनम क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों के संदर्भ में, यहां आध्यात्मिक, पर्यावरणीय और बुनियादी सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए एक योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है।

एसवीआईएमएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को वर्तमान में प्रदान की जाने वाली 60 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के अलावा प्रति वर्ष अतिरिक्त 71 करोड़ रुपये प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है, जो कई गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए रायलसीमा का प्रमुख अस्पताल है।

## बीआईएस द्वारा नए लाइसेंसधारकों के साथ मानक संवाद



हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) शाखा कार्यालय परिसर में नए लाइसेंसधारकों के साथ एक विशेष मानक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। यह पहल उद्योगों में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की सोच को बढ़ावा देने और भारतीय मानकों के प्रभावी कार्यान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

संवाद कार्यक्रम में स्टील, विद्युत, खाद्य उत्पादों तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों से जुड़े लगभग 40 नए बीआईएस लाइसेंसधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बीआईएस प्रमाणन योजना के अंतर्गत उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। बीआईएस अधिकारियों ने लाइसेंसिंग प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी और मानकों के अनुरूप गुणवत्ता बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया, जिससे सैंपल फेल्योर या गैर-अनुपालन की स्थिति से बचा जा सके।

कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि कैसे समय-समय पर परीक्षण, मानक चिह्न का सही उपयोग, और उत्पादन का रिकॉर्ड संधारण आवश्यक होता है। सैंपल फेल्योर की स्थिति में क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है, और इससे लाइसेंस पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने निर्माताओं द्वारा की जाने वाली आम त्रुटियों की ओर ध्यान दिलाया और उन्हें प्रभावी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सुधारने के सुझाव दिए।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण भाग बीआईएस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही डिजिटल सेवाओं की जानकारी रहा। प्रतिभागियों को ई-बीआईएस पोर्टल, मानक ऑनलाइन पोर्टल और बीआईएस केयर मोबाइल एप के उपयोग के बारे में बताया गया, जिनके माध्यम से वे प्रमाणन प्रक्रिया को ऑनलाइन संचालित कर सकते हैं, मानकों को खरीद सकते हैं, और लाइसेंस सत्यापन तथा शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## अस्थायी मकानों में लगी आग



हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके नरसिंगी में ओम कन्वेंशन के पास एक श्रमिक शिविर में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 4 अस्थायी घर क्षतिग्रस्त हो गए। आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ऐसा संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट और उसके बाद एलपीजी रिसाव के कारण लगी होगी। हालांकि, अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब एक घर में आग लग गई, जो जल्द ही अन्य घरों में भी फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही, आस-पास के घरों में रहने वाले लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। इस घटना से आस-पास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पास के आवासीय क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने अस्थायी मकानों से आग और घना धुआं निकलते देखा और अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचित किया।

पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दमकल गाड़ियों और अग्निशमन विभाग और पुलिस कर्मियों के साथ आग पर काबू पाया। घरों में भूसा और प्लास्टिक का सामान होने के कारण घना धुआं निकल रहा था और आस-पास अप्रिय गंध भी फैल रही थी। क्षतिग्रस्त संपत्ति का कुल मूल्य अभी तक अनुमानित नहीं किया गया है। नरसिंगी पुलिस जांच कर रही है।

## आज आसमान में छाए रहेंगे बादल

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में मंगलवार और बुधवार को बादल छाए रहने, तापमान में गिरावट और बारिश होने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन दिनों तक शहर और बाहरी इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। राज्य भर में कई जिलों में भी बारिश होने की संभावना है, जो कभी-कभी भारी भी हो सकती है। कुछ दौर तीव्र हो सकते हैं तथा पूर्वानुमान के अनुसार 100 मिमी या इसके आसपास बारिश हो सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ...

इस ग्रुप में राजनयिक मंजीव एस पुरी और जावेद अशरफ होंगे।

**सातवां ग्रुप जाएगा मिस्र और कतर :**

सांसदों का सातवां ग्रुप एनसीपी शरद की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में मिस्र, कतर, इथियोपिया, दक्षिण अफ्रीका जाएगा। इस ग्रुप में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, आप सांसद विक्रमजीत सिंह, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्णा देवारायालू, आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन होंगे। इस समूह में राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन भी शामिल होंगे।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# 'खेलो इंडिया बीच गेम्स से भारतीय खेलों में नया अध्याय जुड़ा', पीएम मोदी ने कहा



दीव, 20 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को खेलों की 'परिवर्तनकारी शक्ति' की सराहना की और 'खेलो इंडिया बीच गेम्स (तटीय खेल)' को देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। खेलो इंडिया के तहत पहली बार आयोजित हो रहे इन खेलों की औपचारिक घोषणा सोमवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में की।

पीएम मोदी ने इन खेलों की भारतीय खेल कैलेंडर में अहम जगह बनाने की उम्मीद जताते हुए खेलों के आयोजकों को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, 'हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में खेलों में हमेशा एक अनूठी शक्ति रही है जो संस्कृतियों, क्षेत्रों और भाषाओं को जोड़ती है।'

उन्होंने कहा, 'खेलों की जीवंत ऊर्जा मनोरंजन से परे है और यह एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गई है, जो राष्ट्रीय गौरव और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक है। इस संदर्भ में खेलो इंडिया बीच गेम्स का अधिक महत्व है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्घाटन केआईबीजी के लिए दीव को चुना जाना उचित है। उन्होंने कहा, 'सूर्य, रेत और पानी का यह संगम शारीरिक चुनौती को बढ़ाता है और साथ ही हमारी तटीय विरासत का जश्न मनाता है। जब लहरें तटों से टकराएंगी और एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो भारत खेलों में एक नया अध्याय लिखेगा।'

केआईबीजी में 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,350 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। एथलीट छह पदक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें फुटबॉल, वॉलीबॉल, सेपकटकरा, कबड्डी, पेनकैक सिलाट और खुले पानी में तैराकी शामिल है। इन खेलों में मल्लखंब और रस्साकशी को प्रदर्शन खेल (गैर-पदक) के तौर पर शामिल किया गया है।

उद्घाटन समारोह में पारंपरिक नृत्य शैलियों के माध्यम से भारत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित किया गया। इसमें दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल, पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

मांडविया ने 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, 'आज हम न केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली समुद्र तटीय खेल क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। मेरा मानना है कि जहां लहरें हैं, वहां जुनून होना चाहिए; जहां रेत है, वहां उत्साह और जोश होना चाहिये। 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' ने आज हम सभी के दिलों में वही उत्साह जगा दी है।'

मांडविया ने कहा, 'खेल घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को एक मजबूत संदेश भेजने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।' मांडविया ने केआईबीजी को उचित महत्व देने की वकालत करते हुए कहा, 'बीच वॉलीबॉल जैसे खेल न केवल युवाओं को शौक के तौर पर आकर्षित करते हैं, बल्कि उन्हें करियर के अवसर भी प्रदान करते हैं। यह पहली बार है कि भारत के समुद्र तटों पर इतने बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धी खेल आयोजित किए जा रहे हैं।' मंत्री ने कहा कि भारत एक फिटनेस जागरुक राष्ट्र बन रहा है और खेल की संस्कृति 'न्यू नॉर्मल' बन गई है।

# दिग्वेश राठी एक मैच के लिए सस्पेंड

## इस आईपीएल सीजन बैन होने वाले पहले खिलाड़ी; अभिषेक शर्मा के साथ बहस हुई थी



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। आईपीएल ने लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश सिंह राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। राठी को एक मैच के लिए बैन कर दिया गया है, साथ ही मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। जबकि अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

अभिषेक इस सीजन एक मैच के लिए बैन होने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वह अब 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाटइंस के खिलाफ मैच में अपनी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से नहीं खेल पाएंगे। दोनों के खिलाफ यह कार्रवाई 19 मई को लखनऊ में खेले गए मैच के दौरान हुई बहस की वजह से की गई है।

दरअसल मैच के दौरान सनराइजर्स की पारी के दौरान आठवें ओवर की तीसरी बॉल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अभिषेक शर्मा अपना विकेट गंवा बैठे। दिग्वेश ने ऑफ स्टंप के बाहर बॉल फेंकी। अभिषेक ने कवर पर शॉट खेला और शार्दुल ठाकुर ने शानदार कैच लिया। आउट करने के बाद दिग्वेश राठी ने नोट बुक सेलिब्रेशन किया और अभिषेक शर्मा को बाहर जाने का रास्ता दिखाया।

इसके बाद अभिषके वापस लौटे और दोनों के बीच बहस होने लगी। फिर अंपायर बीच में आए और दोनों को रोका।

लखनऊ और हैदराबाद के मैच के दौरान अभिषेक शर्मा और दिग्वेश राठी आपस में भिड़ गए। दोनों को अंपायर और साथी खिलाड़ियों ने अलग कर मामले को शांत किया।

लखनऊ और हैदराबाद के मैच के दौरान अभिषेक शर्मा और दिग्वेश राठी आपस में भिड़ गए। दोनों को अंपायर और साथी खिलाड़ियों ने अलग कर मामले को शांत किया।

दिग्वेश को तीसरी बार गलती की वजह से किया गया है बैन

राठी को अपने 'नोटबुक सेलिब्रेशन' की वजह से आईपीएल 2025 में कई बार जुर्माना भरना पड़ा है। पहली बार उन पर मैच 1 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इस सेलिब्रेशन के लिए जुर्माना लगा था। साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला था।

इसके बाद 4 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ नमन धीर को आउट करने के बाद इसी तरह के जश्न मनाने के लिए उन पर 50 प्रतिशत मैच फीस के जुर्माने लगाने के अलावा 2 डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए। वहीं अब एसआरएच के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा के आउट होने पर भी उन्होंने नोटबुल सेलिब्रेशन के लिए 2 और डिमेरिट पॉइंट दिए ए। इस तरह उनके खाते में कुल 5 डिमेरिट पॉइंट जुड़ गए हैं।

आईपीएल के नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी 36 महीने की अवधि में चार डिमेरिट अंक हासिल करता है तो उसे एक मैच का बैन झेलना पड़ता है। वह 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे।

**अभिषेक आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 के दोषी**

अभिषेक आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 के दोषी पाए गए। इस सीजन में अनुच्छेद 2.6 के तहत यह उनका पहला लेवल 1 अपराध था और इसलिए, उन्हें मैच के 25 प्रतिशत जुर्माना के साथ एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला है।

# घोरपड़े-चितले प्री-क्वार्टर फाइनल में

## सुतिर्था-अयहिका टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप से बाहर



दोहा, 20 मई (एजेंसियां)। यशस्विनी घोरपड़े और दीया चितले की भारतीय महिला युगल जोड़ी सोमवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, लेकिन उनकी हमवतन सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी हारकर बाहर हो गईं। चिताले और घोरपड़े ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर की जोड़ी जेग जियान और सेर लिन कियान को अंतिम 32 दौर के मुकाबले में 6-11, 11-6, 11-6, 11-9 से हराया। सुतिर्था और अयहिका की 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को एनेट कॉफमैन और जियाओना शान की निचली रैंकिंग वाली जर्मन जोड़ी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें सिर्फ़ 23 मिनट में 1-11, 11-13, 7-11 से शिकस्त मिली। चिताले और मानुष शाह की हार के साथ ही भारत का मिश्रित युगल अभियान भी समाप्त हो गया। भारतीय जोड़ी को ओह जुनसुंग और किम नायोंग की कोरिया की जोड़ी से 0-3 (8-11, 9-11, 2-11) से हार का सामना करना पड़ा। शाह के लिए यह निराशाजनक दिन रहा, जिन्होंने हार की हैट्रिक झेली। मिश्रित युगल में हार के बाद, उन्हें पुरुष एकल और पुरुष युगल स्पर्धा में भी शिकस्त मिली।

शाह को फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स लेब्रन से पुरुष एकल के दूसरे दूसरे दौर में 0-4 (5-11, 6-11, 6-11, 9-11) से हार का सामना करना पड़ा। शाह और मानव ठक्कर की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी बेनेडिक्ट डूडा और डांग किउ की गैरवरीय जर्मन जोड़ी से 5-11, 9-11, 11-8, 5-11 से हार गई।

# इंग्लैंड दौरे पर इतिहास रचने की दहलीज पर जसप्रीत बुमराह

## कपिल देव को पीछे छोड़ने का मौका



मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के समाप्त होते ही टीम इंडिया जून के महीने में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले, लीड्स में खेला जाएगा। लेकिन इस दौरे से पहले टीम इंडिया को दो बड़े झटके लग चुके हैं। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, जिससे टीम का अनुभव काफी हद तक कम हो गया है।

इन दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में टीम को अपने गेंदबाजों से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी, खासकर जसप्रीत बुमराह से। बुमराह न केवल टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं, बल्कि उनके पास इस सीरीज में एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका भी होगा।

**बुमराह के सामने रिकॉर्ड बनाने का सुनहरा अवसर**

जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड की धरती पर भारत के सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज बन सकते हैं। फिलहाल यह रिकॉर्ड ईशांत शर्मा के नाम है, जिन्होंने इंग्लैंड में 14 टेस्ट मैचों में 48 विकेट चटकाए हैं। बुमराह अब तक इंग्लैंड में 8 टेस्ट में 37 विकेट ले चुके हैं। ऐसे में अगर वह इस सीरीज में 12 या उससे अधिक विकेट हासिल करते हैं, तो वह ईशांत शर्मा को पीछे छोड़ देंगे।

इस सूची में कपिल देव दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम इंग्लैंड में 43 विकेट हैं। बुमराह को कपिल देव से आगे निकलने के लिए केवल 7 विकेट की जरूरत है। इसके अलावा मोहम्मद शमी भी 34 विकेट के साथ दौड़ में हैं। अगर उन्हें सभी पांच टेस्ट खेलने का मौका मिला और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, तो वह भी शीर्ष स्थान हासिल कर सकते हैं।

कुल मिलाकर, कोहली और रोहित की अनुपस्थिति में टीम इंडिया की निगाहें अब बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों पर टिक गई हैं, जिनसे इस अहम सीरीज में लीडरशिप के साथ-साथ मैच विनिंग प्रदर्शन की भी उम्मीद की जा रही है।

# डच लेडीज ओपन में दीक्षा संयुक्त नौवें हिताषी संयुक्त 12वें स्थान पर



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अंतिम दौर में 71 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के डच लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं। शुरुआती दो दौर में 71 और 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर चार अंडर 212 रहा। अन्य भारतीयों में युवा हिताषी बक्शी (71, 73 और 69) संयुक्त रूप से 12वें जबकि अवनी प्रशांत (77, 70 और 67) संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स ने दो शॉट की बढ़त के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना तीसरा खिताब जीता। इससे पहले त्वेसा मलिक (74 और 75) कट से चूक गई थी जबकि प्रणवी उर्स ने चिकित्सा कारणों से पहले दौर के बाद हटने का फैसला किया।

# यूएई ने रिकॉर्ड 206 रन चेज करके बांग्लादेश को हराया

## मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनााए; सीरीज 1-1 की बराबरी पर




शारजाह, 20 मई (एजेंसियां)। यूएई ने बांग्लादेश के खिलाफ शारजाह में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी भी कर ली है। पहला टी-20 मैच बांग्लादेश ने 27 रन से जीता था। यूएई की यह बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में पहली जीत है। इस जीत के लिए यूएई ने 206 रन का बड़ा टारगेट चेज किया। टी&20 में यह यूएई का सबसे बड़ा रनचेज है।

यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बना डाले। बांग्लादेश की शुरुआत काफी बेहतरीन रही। पहले विकेट के लिए ओपनर तजिंद हसन और लिटन दास के बीच 55 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। साबिर खान ने तंजिद हसन को आउट का पार्टनरशिप तोड़ी। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा तंजिद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए। कैप्टन लिटन दास ने 32 गेंदों पर 40 रन बनाए, जबकि तौहीद ह्रदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं युएई के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट मुहम्मद जवाद उल्लाह ने लिए। 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई को कप्तान मोहम्मद वसीम और मोहम्मद जोहब ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 63 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद जोहब ने 34 गेंदों पर 38 रन बना कर आउट हो गए। मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 5 छक्के जड़े।

यूएई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। यूएई ने 19.5 ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। उन्होंने एक गेंद पहले ही मैच को जीत लिया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम, नाहिद राणा और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मैच 21 मई को शारजाह में ही खेला जाएगा।

# भारत के सवाई मानसिंह से मिटा पाकिस्तान खिलाड़ियों का नामों निशान, एक हिंदू क्रिकेटर भी शामिल



जयपुर, 20 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में काफी तनाव देखने को मिला था. दरअसल, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने बड़ा एक्शन लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत कई आतंकियों को मार गिराया था. इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर कई हमले किए थे, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस ने इन्हें नाकाम कर दिया था. इस दौरान पाकिस्तान के कई खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ जहर उगला था. जिसके चलते अब जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में एक बड़ा एक्शन लिया गया है.

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'वॉल ऑफ ग्लोरी' से सभी पाकिस्तानी क्रिकेटरों की तस्वीरें हटा दी गई हैं. सवाई मानसिंह स्टेडियम में उन सभी इंटरनेशनल क्रिकेटरों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जिन्होंने इस मैदान पर खेला है. पाकिस्तान ने यहां एक टेस्ट और चार वनडे मैच खेले हैं, जिसके चलते कुल 25 पाकिस्तानी क्रिकेटरों की तस्वीरें 'वॉल ऑफ ग्लोरी' का हिस्सा थीं. लेकिन राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने सभी पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तस्वीरें हटाने का फैसला किया है. यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों में एक और दरार को दर्शाती है.

यह पहली बार नहीं है जब ऐसा कदम उठाया गया है. 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी स्टेडियम से पाकिस्तानी क्रिकेटरों की तस्वीरें हटाई गई थीं. लेकिन इन 25 खिलाड़ियों में पाकिस्तान के लिए खेलने वाले आखिरी हिंदू क्रिकेटर दानिश कनेरिया भी शामिल हैं. जो इस घटना के बाद सुर्खियों में बने हुए हैं. दरअसल, इस हमले के बाद कनेरिया ने पाकिस्तान सरकार और वहां के नेताओं की खुलकर आलोचना की थी. इसके साथ-साथ उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है.

दानिश कनेरिया ने पाकिस्तान के लिए कुल 79 इंटरनेशनल मैच खेले हैं. कनेरिया पाकिस्तान के लिए कलाई के स्पिनर थे, जिन्होंने 61 टेस्ट और 18 वनडे मैच खेले. इस दौरान उन्होंने टेस्ट मैचों में 34.79 की औसत से 261 विकेट लिए. वहीं, वनडे में उनके नाम 15 विकेट दर्ज हैं. कनेरिया ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम में अपने साथ हुए भेदभाव के बारे में भी खुलकर बात की है, जहां हिंदू होने के कारण उनके साथ भेदभाव किया जाता था.

# जिम्बाब्वे के कितने खिलाड़ियों ने लिया है आईपीएल में भाग?

बेंगलुरु, 20 मई (एजेंसियां)। शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अपनी टीम में शामिल कर लिया है। उन्हें लुंगी एंगिडी की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में लिया गया है। दरअसल, एंगिडी अब आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। क्योंकि उन्हें,11 जून से ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए साउथ अफ्रीकी टीम में जगह मिल गई है। ऐसे में आरसीबी को एक नए तेज गेंदबाज की जरूरत थी, जो मुजरबानी के रूप में पूरी हुई।

ब्लेसिंग मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपये में साइन किया है। वे अब तक आईपीएल का हिस्सा नहीं बने थे, लेकिन इस बार उन्हें एक बड़ा मौका मिला है। आरसीबी की टीम प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या उन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का अवसर मिलेगा या नहीं।

ब्लेसिंग मुजरबानी जिम्बाब्वे के पांचवें खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल में खेलने का मौका मिला है। उनसे पहले सिकंदर रजा, ब्रेंडन टेलर, रे प्राइस और टेटेंडा टायबू इस लीग का हिस्सा रह चुके हैं। इन सबमें अब तक सिर्फ सिकंदर रजा ही ऐसा नाम हैं जिन्होंने आईपीएल में अपनी मौजूदगी का असर दिखाया है। इसके अलावा ब्रेंडन टेलर, रे प्राइस और टेटेंडा टायबू गुमनाम हो चुके हैं।

इस बार भी नीलामी के दौरान किसी भी टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों में खास दिलचस्पी नहीं दिखाई थी, लेकिन अब सीजन के अंतिम पड़ाव में मुजरबानी को मौका मिला है।

भले ही ब्लेसिंग मुजरबानी पहली बार आईपीएल में खेलने जा रहे हैं, लेकिन टी20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उन्होंने अब तक 70 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 78 विकेट लिए हैं। तेज रफ्तार और ऊंची कदकाठी के कारण वे विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान करने का दम रखते हैं। बल्लेबाजी में उनका योगदान सीमित रहा है, जहां उन्होंने 43 रन बनाए हैं।

मुजरबानी दुनिया भर की कई टी20 लीगों में खेल चुके हैं और उनका प्रदर्शन वहां भी अच्छा रहा है। यही वजह है कि आरसीबी ने उन्हें इस अहम मौके पर टीम का हिस्सा बनाने का फैसला लिया। अब यह देखना बाकी है कि क्या वह टीम की जीत में कोई बड़ी भूमिका निभा पाते हैं या नहीं।

# अहमदाबाद में खेला जाएगा आईपीएल 2025 का फाइनल

## क्वालिफायर-2 भी यहीं होगा; प्लेऑफ के दो मैच मोहाली में होंगे

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। यह फैसला मंगलवार को बीसीसीआई की एक बैठक में लिया गया।

बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है।

भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरुआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं।

**हैदराबाद की टीम लखनऊ में ही रुकेगी**

हैदराबाद की टीम मंगलवार को बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम ने उड़ान कैंसिल कर दी है। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

प्लेऑफ की 3 टीमें तय, चौथे के लिए दिल्ली-मुंबई में रेस



मौजूदा सीजन में तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स शामिल हैं। 18 मई रविवार को दिल्ली में गुजरात ने दिल्ली को दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराया था। गुजरात की इस जीत से गुजरात, बेंगलुरु और पंजाब ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया था। पॉइंट्स टेबल की मौजूदा स्थिति...

**3 पॉइंट्स में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की खासियत**

7 सौ करौड़ रुपए की लागत से बना था। 63 एकड़ में फैले स्टेडियम में एक लाख 32 हजार लोगों के बैठने की क्षमता। 13 हजार गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था, परछाई हटाने वाली एलईडी लाइट्स। दुनिया का पहला स्टेडियम, जहां लाल व काली मिट्टी से बनीं 11 मल्टीपल पिच। 30 मिनट के अंदर मैदान सुखाने का ड्रेनेज सिस्टम, 11 मल्टीपल पिच।

**दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है नरेंद्र मोदी स्टेडियम**

नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शक क्षमता 1 लाख 32 हजार है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का नाम शुमार था। एमसीजी की क्षमता एक लाख दर्शक है।

# भट्टी ने भूमिगत बिजली अवसंरचना मॉडल का अध्ययन करने के लिए बेंगलुरू का दौरा किया

बेंगलुरू, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने मंगलवार को बैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बीईएससीओएम) द्वारा शहर की बड़े पैमाने पर भूमिगत केबलिंग पहल की गहन समीक्षा के लिए बेंगलुरू का दौरा किया। यह दौरा शहरी अवसंरचना के आधुनिकीकरण और तेजी से बढ़ते महानगरीय क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रणालियों की विश्वसनीयता, सुरक्षा और सौंदर्य में सुधार करने के तेलंगाना सरकार के चल रहे प्रयासों का हिस्सा था। दिन की शुरूआत बीईएससीओएम अधिकारियों द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के साथ हुई।



कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी और बेंगलुरू इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी के एमडी पंकज पांडे और उनकी टीम ने बेंगलुरू ओवरहेड (ओएच) से अंडरग्राउंड (यूजी) पावर कन्वर्जन प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन दिए, जो भारत के सबसे व्यापक शहरी बिजली बुनियादी ढांचे के परिवर्तनों में से एक के रूप में उभरा है। कृष्ण भास्कर सीएमडी, ट्रांसको और मुशर्रफ फारुकी, सीएमडी, एसपीडीसीएल सहित तेलंगाना सरकार के अधिकारियों ने भी चर्चा में भाग लिया। 2018-19 में शुरू की गई इस परियोजना ने पहले ही 7,400 किलोमीटर से अधिक 11 केवी ओएच लाइनों और हजारों किलोमीटर कम-तनाव लाइनों को यूजी या एरियल बंच्ड (एबी) केबल में बदल दिया है। एक प्रमुख नवाचार यूजी केबल मार्गों के साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) नलिकाओं को बिछाना रहा है ताकि भविष्य में दूरसंचार पट्टे को राजस्व धारा के रूप में सक्षम किया जा सके। उपमुख्यमंत्री ने डिजाइन और कार्यान्वयन चुनौतियों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनमें से कुछ इस प्रकार थे कि परियोजना की वित्तीय संरचना क्या है, जिसमें एशियाई विकास बैंक, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से ऋण शामिल हैं। तकनीकी नुकसान और विद्युत दुर्घटनाओं में कमी है। वाणिज्यिक उपयोग के लिए ओएफसी अवसंरचना की तैयारी, जिस पर बीईएससीओएम ने जवाब दिया कि जबकि नलिकाएं स्थापित हैं, दूरसंचार ऑपरेटरों और बीबीएमपी के साथ अंतिम-मील समन्वय जारी है। सिस्टम की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने और दोषों के दौरान डाउनटाइम को कम करने में रिंग मेन यूनिट्स की भूमिका। भट्टी विक्रमार्क ने परियोजना के पैमाने और निष्पादन अनुशासन के लिए प्रशंसा व्यक्त की, साथ ही तेलंगाना के आगामी शहरी ग्रिड आधुनिकीकरण कार्यक्रमों, विशेष रूप से फ्यूचर सिटी में सीखों को एकीकृत करने के महत्व पर भी ध्यान दिया। बाद में, उन्होंने मल्लेश्वरम (15वें क्रॉस) में एक पायलट साइट का दौरा किया, जहां भूमिगत ट्रांसफार्मर (डीटीआर) प्रणाली सहित एक भूमिगत वितरण नेटवर्क लागू किया गया है। साइट ने दिखाया कि कैसे डीटीआर को सड़क के स्तर पर सुलभ रखरखाव पैनलों के साथ पूरी तरह से दफन कक्षों में रखा जा सकता है, जिससे शहरी स्थान खाली हो सकता है और सुरक्षा में सुधार हो सकता है। फील्ड विजिट के दौरान, भट्टी विक्रमार्का ने साइट पर इंजीनियरों और ठेकेदारों के साथ सीधे बातचीत की, सुरक्षा प्रोटोकॉल, लोड बैलेंसिंग तकनीकों और आपातकालीन मरम्मत के प्रावधानों की समीक्षा की।

## मुख्यमंत्री प्रजावाणी की पहल से अनुकंपा नियुक्ति मिली

हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। नियुक्ति पाने वाली वेमुलापति देवी ने राजस्व विभाग में अनुकंपा नियुक्ति आदेश मिलने के बाद अपनी सराहना व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री प्रजावाणी प्रभारी डॉ.जी. चिन्ना रेड्डी और राज्य नोडल अधिकारी दिव्या से मुलाकात की। देवी ने मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले प्रगति भवन में मुख्यमंत्री प्रजावाणी का दौरा किया और डॉ. चिन्ना रेड्डी और दिव्या को अपने नियुक्ति आदेश दिखाए, उनका धन्यवाद किया। उनके पति बी. रविकुमार हैदराबाद के महाकाली पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल थे और 17 नवंबर 2018 को ड्यूटी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। रविकुमार आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के निवासी थे, इसलिए अनुकंपा नियुक्ति का मामला छह साल तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकार के बीच अटका रहा। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनने और जनता के मुद्दों को सुलझाने के उद्देश्य से सीएम प्रजावाणी की पहल के साथ, देवी का मुद्दा आखिरकार सुलझ गया। कुछ महीने पहले, मृतक की पत्नी देवी ने इस मुद्दे को स्पष्ट करते हुए एक याचिका प्रस्तुत की। अधिकारियों के माध्यम से यह मामला मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के संज्ञान में पहुंचा। चूंकि मृतक हैदराबाद पुलिस का कर्मचारी था, इसलिए रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना में देवी के लिए अनुकंपा नियुक्ति का आदेश दिया। तदनुसार, नामपल्ली मंडल राजस्व कार्यालय में उन्हें जूनियर असिस्टेंट के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए। बाद में देवी ने सीएम प्रजावाणी में चिन्ना रेड्डी और दिव्या से मुलाकात की और उन्हें अपने नियुक्ति आदेश दिखाए और उनका धन्यवाद किया।

## मुख्यमंत्री ने प्रो. जयंत नार्लीकर के निधन पर शोक व्यक्त किया



हैदराबाद, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भारत के सबसे प्रख्यात खगोल भौतिकविदों में से एक और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में एक प्रमुख व्यक्ति प्रो. जयंत नार्लीकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मंगलवार को यहां एक विज्ञप्ति में, मुख्यमंत्री ने याद किया कि प्रो. नार्लीकर के खगोल भौतिकी, विशेष रूप से ब्रह्मांड विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण योगदान ने आधुनिक विज्ञान पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके अग्रणी कार्य ने उन्हें दुनिया भर में अपार सम्मान और मान्यता दिलाई। भारत में प्रो. नार्लीकर ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में अनुसंधान के लिए समर्पित विश्व स्तरीय संस्थानों की स्थापना में एक आधारभूत भूमिका निभाई, तथा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने इस बड़ी क्षति के समय में प्रो. नार्लीकर के परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।




## 'स्थानीय का हक और देश की सुरक्षा के लिए खतरा'

### रोहिंग्याओं को लेकर पवन कल्याण ने मोदी सरकार से कर दी बड़ी मांग



अमरावती, 20 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रोहिंग्याओं को लेकर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और तेलगु फिल्म अभिनेता पवन कल्याण ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि साल 2017-18 में इस मामले को लेकर उन्हें कई शिकायतें मिलीं। कल्याण ने बताया कि बंगाल से आंध्र प्रदेश में आकर अवैध घुसपैठ करने वालों की वजह से यहां के लोगों का रोजगार छीन रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ है। ये देश के लिए चिंता का विषय है।

मीडिया से बात करते हुए पवन कल्याण ने कहा, बंगाल से आंध्र प्रदेश में आकर नौकरी करने वाले लोगों के बारे में साल 2017 और 2018 में मुझे कई शिकायतें मिलीं। खास तौर पर सुनार समुदाय से शिकायती मिली। ऐसी जानकारी है कि इनमें से ज्यादातर म्यांमार से हैं। रोहिंग्याओं से चिंता सिर्फ स्थानीय लोगों को रोजगार छीने जाने की नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की भी है। उन्हें आधार कार्ड और राशन कार्ड कैसे मिल रहे हैं?

**दक्षिण को निशाना बने रहे** :

उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस बारे में आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों जगहों पर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पवन ने कहा कि यह सभी समुदायों की साझा चिंता है। देश पहले से ही अपने लोगों के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा करने में चुनौतियों का सामना कर रहा है। हम अवैध रूप से प्रवेश करने वालों को अपने देश में मौजूद सीमित अवसरों को छीनने की अनुमति नहीं दे सकते।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रोहिंग्याओं ने बड़े आराम से दक्षिण को निशाना बनाया है। कोयंबटूर और हैदराबाद जैसे शहरों में पहले ही बम धमाका देख चुके हैं। उन्होंने काकीनाडा पोर्ट को लेकर भी खतरे की जानकारी डीजीपी को दी थी। जिसके बाद तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक संदिग्ध पकड़ा गया। इसके साथ ही पवन कल्याण ने सरकार और प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। जबकि अवैध घुसपैठ को लेकर ठोक कदम उठाना आवश्यक है।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.